आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

नं.1 क्षेत्रीय अख़बार

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 170 | उज्जैन, रविवार 05 जुलाई, 2026 | आषाढ़ कृष्ण 5 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### मोदी ने गुजरात में सेमीकंडक्टर प्लांट का किया उद्घाटन

**साणंद।** पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को गुजरात के साणंद में देश के तीसरे सेमीकंडक्टर प्लांट का उद्घाटन किया। साणंद में स्थित सीजी सेमी के ओएसएटी प्लांट में आज से प्रोडक्शन शुरू हो गया है। पीएम ने कहा- इस प्लांट से 20 करोड़ चिप बनेंगी। यहां पर हर साल 500 करोड़ चिप बनाने का लक्ष्य रखा गया है। मैं 20 साल पहले जब सेमीकंडक्टर की चर्चा करता था तो मीडिया मेरा मजाक बनाती थी। उन्होंने कहा- भारत आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल मैन्युफैक्चरर और एक्सपोर्ट करने वाला देश है। हम मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोडक्ट के साथ वह चिप भी बनाएंगे जिनसे पूरी दुनिया चलती है।

### 20 जुलाई से 13 अगस्त तक चलेगा संसद का मानसून सत्र

**नई दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होगा। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में लिखा कि भारत सरकार की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 20 जुलाई से 13 अगस्त तक संसद के दोनों सदनों की बैठक बुलाने को मंजूरी दे दी है। संसदीय परिपाटी के मुताबिक मानसून सत्र दोनों सदनों के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण के साथ शुरू होगा। दोनों सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा भी कराई जाएगी। करीब तीन सप्ताह के इस मानसून सत्र में सरकार कई अहम विधेयकों को पारित कराने का प्रयास करेगी। केंद्रीय संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने एक्स हैंडल पर लिखा, भारत सरकार की अनुशंसा पर, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मानसून सत्र 2026 में संसद के दोनों सदनों की बैठक बुलाने की स्वीकृति दे दी है।

### सोना इस हफ्ते 6471 रु. महंगा हुआ, 1.46 लाख रुपये पहुंचा

**नई दिल्ली।** इस हफ्ते सोने-चांदी के दाम में तेजी रही। सोना हफ्तेभर में 6,471 रुपए गिरकर 1.46 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इससे पहले ये बीते हफ्ते यानी 25 जून को 1.40 लाख रुपए पर था। वहीं, चांदी 2.17 लाख किलो से बढ़कर 2.34 लाख रुपए पर पहुंच गई है। यानी इसकी कीमत 17,317 रुपए बढ़ी। सोने-चांदी के दाम ऑल टाइम हाई से काफी नीचे आ गए हैं, इसलिए निवेशकों के निचले स्तर पर खरीदारी करने से ये तेजी आई है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 13,145 रुपए और चांदी 3,438 रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को 10 सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.46 लाख रुपए पर पहुंच गया है।

### पीएम मोदी के हमशक्ल को ईशा समझ बैठीं असली



**मुंबई।** एक्ट्रेस और बिग बॉस फेम ईशा मालवीय का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो में वह एक पल के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हमशक्ल को पीएम मोदी समझ बैठीं। जिसके बाद वहां मौजूद पैपराजी और दूसरे लोग हंसने लगे। दरअसल, ईशा ब्राइट एंटरटेनमेंट अवॉर्ड्स 2026 के रेड कार्पेट पर पहुंची थीं। इसी दौरान उनकी मुलाकात पीएम मोदी के हमशक्ल से हुई। उन्हें देखते ही ईशा चौंक गईं और मुस्कुराते हुए कहा, ओह, मोदी जी! हालांकि, बाद में उन्हें रियलाइज हुआ कि वे पीएम मोदी के हमशक्ल हैं। इसके बाद उन्होंने हमशक्ल से हाथ मिलाया और कैमरे की ओर देखकर कहा, गाइज, हमारे साथ मोदी जी हैं। ईशा ने पीएम मोदी के जिन हमशक्ल से मुलाकात की, वह विकास महांते हैं। विकास महांते मुंबई के जाने-माने बिजनेसमैन, एक्टर और समाजसेवी हैं। उनकी शक्ल, दाढ़ी और बोलने का अंदाज पीएम मोदी से काफी मिलता-जुलता है, जिसकी वजह से लोग उन्हें देखते ही भ्रमित हो जाते हैं।

### टीएमसी के प्रदेश अध्यक्ष भट्टाचार्य ने पार्टी के सभी पदों से दिया इस्तीफा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की पूर्व सीएम ममता बनर्जी को एक और बड़ा झटका लगा है। दरअसल एक दिन पहले ही ममता बनर्जी के पार्टी ऑफिस पर बागी गुट ने कब्जा कर लिया था और आज टीएमसी की प्रदेश अध्यक्ष चंद्रिमा भट्टाचार्य ने पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा देने का एलान कर सभी को चौंका दिया। चंद्रिमा भट्टाचार्य को ममता बनर्जी की करीबी नेता माना जाता है। उन्होंने पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी को पत्र लिखकर अपने फैसले की जानकारी दी। चंद्रिमा भट्टाचार्य को बंगाल विधानसभा चुनाव में हार के बाद 3 जून को ही सुब्रत बक्शी की जगह ही टीएमसी का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। दरअसल ममता बनर्जी ने विधायकों की बगावत के बाद पार्टी की सभी समीतियों को भंग कर दिया था और संगठन में बड़े बदलाव किए थे।

### फिल्मों और ओटीटी कंटेंट की पायरेसी पर तुरंत रोक लगाए टेलीग्राम

**नई दिल्ली।** सरकार ने बड़े पैमाने पर हो रही पायरेसी को लेकर टेलीग्राम को नोटिस जारी किया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने टेलीग्राम को निर्देश दिया है कि वह पायरेटेड फिल्मों और ओटीटी कंटेंट के खिलाफ तुरंत कदम उठाए और 15 दिनों के भीतर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट सौंपे। सूत्रों के मुताबिक, सरकार का यह कदम भारत की क्रिएटर इकॉनमी, फिल्म इंडस्ट्री, ब्रॉडकास्टर्स, ओटीटी प्लेटफॉर्म, प्रोड्यूसर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स की सुरक्षा के लिए है। अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार का नजरिया अब पायरेटेड कंटेंट को एक-एक करके हटाने के बजाय प्लेटफॉर्म की जवाबदेही तय करने की ओर बढ़ रहा है।

---

सरकार की तरफ से घोषित आतंकियों की संख्या बढ़कर 80 हो गई

# अयोध्या राम मंदिर और आरएसएस कार्यालय की रेकी करने वाला आतंकी घोषित

## आरोपी पाकिस्तान का नागरिक, हाफिज सईद का रिश्तेदार, 23 आतंकियों की लिस्ट में 17 पाकिस्तानी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने शनिवार को 23 लोगों को आतंकी घोषित किया है। इनमें एक आतंकी वो भी है जो अयोध्या में राम मंदिर और नागपुर में आरएसएस कार्यालय की रेकी में शामिल है।

आतंकी की पहचान मोहम्मद मुसादिक के रूप में हुई है। यह हाफिज सईद का रिश्तेदार है। हालांकि ये रेकी मुसादिक ने खुद की या करवाई थी और रेकी कब की गई। इसकी जानकारी सामने नहीं आई है।

सरकार का कहना है कि लिस्ट में शामिल सभी आतंकी जैश-ए-मोहम्मद (खीट), लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी), द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) और जमात-उद-दावा (जेयूडी) जैसे प्रतिबंधित आतंकी संगठनों से जुड़े हैं।

आतंकियों की भर्ती, भारत में घुसपैठ, आतंकी हमलों की साजिश, आतंक के लिए पैसे जुटाने, हथियार पहुंचाने और अन्य मदद करने में शामिल



ये लोग आतंकियों की भर्ती, भारत में घुसपैठ, आतंकी हमलों की साजिश, आतंक के लिए पैसे जुटाने, हथियार पहुंचाने और अन्य मदद करने में शामिल रहे हैं। घोषित 23 आतंकियों में 6 जम्मू-कश्मीर के मूल निवासी हैं, जबकि 17 पाकिस्तानी हैं। इनमें 7 पीओके (पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर) और 10 पाकिस्तान में रह रहे हैं। इन 23 नामों के जुड़ने के बाद सरकार की तरफ से घोषित आतंकियों की संख्या बढ़कर 80 हो गई है।

**कुछ आतंकी 2016 नगरोटा आर्मी कैंप हमला और 2022 सुनजवां हमले से जुड़े**

सरकार ने जिन जैश आतंकियों को लिस्ट में शामिल किया है। उनमें कुछ 2016 के नगरोटा आर्मी कैंप हमले और 2022 के सुनजवां हमले से जुड़े बताए जा रहे हैं। 29 नवंबर 2016 को जम्मू के नगरोटा आर्मी कैंप पर सेना की वर्दी पहनकर आए तीन आतंकियों ने हमला किया था। इस हमले में 7 जवान शहीद हुए थे, जवाबी कार्रवाई में तीनों आतंकी मारे गए। जांच एजेंसियों ने इस हमले के पीछे जैश-ए-मोहम्मद (खीट) का हाथ बताया था। इसके बाद 22 अप्रैल 2022 को जम्मू के सुनजवां इलाके में आतंकियों ने सीआईएसएफ के जवानों को ले जा रही बस पर हमला किया। इस हमले में एक सीआईएसएफ जवान शहीद हुआ और कई अन्य घायल हुए। हमले की जिम्मेदारी द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली थी। बाद में जांच में सीमा पार से संचालित आतंकी नेटवर्क की भूमिका सामने आई थी।

---

# राममंदिर-सोने से मढ़ी रामचरितमानस चोरी होने का भी दावा

## पूर्व आईएएस बोले- 5 करोड़ कीमत थी, चंपत राय ने रसीद नहीं दी, कहा- मैं कुछ नहीं कर सकता

एजेंसी ▸▸ अयोध्या

अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के बीच पूर्व केंद्रीय गृह सचिव लक्ष्मी नारायण ने दावा किया है कि उनकी सोने से मढ़ी रामचरितमानस चोरी हो गई है। उन्होंने कहा कि 8 अप्रैल 2024 को राम मंदिर ट्रस्ट को सवा क्विंटल की रामचरितमानस भेंट की थी, लेकिन आज तक उन्हें इसकी रसीद नहीं मिली। इतना ही नहीं, 3-4 महीने बाद मंदिर से रामचरितमानस गायब हो गई। इस रामायण के 1000 पन्नों पर 24 कैरेट सोने की परत चढ़ाई गई है। इसकी कीमत 5 करोड़ थी।



उन्होंने एक मीडिया सूत्रों से बातचीत में कहा- मैं अयोध्या पहुंचा, तो चंपत राय ने 9 घंटे तक इंतजार करवाया। मैंने उनसे हाथ जोड़कर कहा- सर, मेरी पूरी जिंदगी की पूंजी है। रामचरितमानस को मंदिर में रखवा दीजिए। तब उन्होंने कहा- मेरे पास कई लोगों के आभूषण और कई तरह की चीजें आती हैं, तो क्या मैं सिर्फ इन्हीं सब का डिस्प्ले करता रहूं।

**कल होगी मंदिर ट्रस्ट की बैठक**

पूर्व आईएएस ने कहा- मैंने मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा और ट्रस्ट मेंबर गोपाल राव से संपर्क किया, लेकिन कुछ नहीं हुआ। फिर मैं दोबारा अयोध्या गया। 4 घंटे इंतजार के बाद चंपत राय मिले। उन्होंने मुझसे कहा- मैं कुछ नहीं कर सकता, आपको जहां जाना है, जाइए। इधर, मंदिर ट्रस्ट ने अपनी 6 जुलाई को होने वाली बैठक का शनिवार को एजेंडा जारी किया। इसमें ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और न्यासी डॉ. अनिल मिश्रा के इस्तीफे पर फैसला होगा। इसके अलावा एसआईटी की शुरुआती रिपोर्ट और मंदिर प्रबंधन से जुड़ी व्यवस्थाओं पर चर्चा की जाएगी। वहीं, चंपत राय के ट्रस्ट से इस्तीफा देने को लेकर शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने तंज कसा। कहा- क्या इतने बड़े भगवान के दरबार में चोरी करके इस्तीफा देने से छुट्टी मिल जाएगी? ये क्या नाटक बना रखा है, पीटे जाओगे। अगर सरकार ने इनको जेल में नहीं डाला और सही सजा नहीं दिलवाई, तो जनता इनको पीटेगी।

---

# मप्र में 9 आईपीएस के तबादले शाजापुर-शहडोल के एसपी बदले

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

राज्य सरकार ने देर रात 9 आईपीएस अधिकारियों के तबादला आदेश जारी किए हैं। तबादलों में शहडोल और शाजापुर के पुलिस अधीक्षक भी बदले गए हैं। संजय कुमार अग्रवाल को शहडोल और प्रियंका शुक्ला को शाजापुर का एसपी बनाया गया है। वहीं सागर, नर्मदापुरम और भोपाल ग्रामीण में नए आईजी की पदस्थापना की गई है। मिथिलेश शुक्ला को सागर रेंज का आईजी बनाया गया है। वे वर्तमान में नर्मदापुरम जोन के आईजी हैं और उनके पास ही सागर आईजी का अतिरिक्त प्रभार भी था। हिमानी खन्ना के सेवानिवृत्त होने के बाद सागर आईजी का पद अतिरिक्त प्रभार के रूप में संचालित किया जा रहा था। गृह विभाग ने चंद्रशेखर सोलंकी, जो वर्तमान में इंदौर एसएएफ रेंज में पदस्थ हैं, को आईजी नर्मदापुरम पदस्थ किया है। वहीं आईजी प्रशासन, पीएचक्यू के पद पर पदस्थ रुचि वर्धन मिश्रा को आईजी ग्रामीण जोन भोपाल बनाया गया है। रुचि वर्धन मिश्रा को आईजी ग्रामीण जोन, भोपाल बनाया गया। वे अब तक आईजी प्रशासन, पीएचक्यू थीं।

---

# पंजाब कांग्रेस में टूट का डर, हाईकमान अलर्ट

एजेंसी ▸▸ लुधियाना

बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की तरह पंजाब में 2027 के विधानसभा चुनाव से 8 महीने पहले ही टूट के आसार बने हुए हैं। सांसद राजा वड़िंग को प्रधान बनाए रखने को लेकर पूर्व उट व जालंधर से सांसद चरणजीत चन्नी के बगावती तेवर देख कांग्रेस हाईकमान एक्टिव हो गया है। दिल्ली से एक सीनियर नेता ने चन्नी को कॉल कर अभी कोई बड़ा कदम न उठाने को कहा है। चन्नी के करीबी सोर्स के मुताबिक नेता ने भरोसा दिलाया कि राहुल गांधी 7 जुलाई को विदेश से लौट आएंगे, उसके बाद चन्नी की उनसे मीटिंग करा दी जाएगी।

# पांच महाद्वीपों के लोग आरएसएस से ट्रेनिंग मांग रहे : मोहन भागवत

एजेंसी ▸▸ नागपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने दावा किया है कि दुनिया के पांच महाद्वीपों से लोग संघ के कामकाज को देखने आ रहे हैं और वे चाहते हैं कि आरएसएस के स्वयंसेवक उनके देशों में जाकर लोगों को ट्रेनिंग दें।

नागपुर में आयोजित कार्यक्रम में भागवत ने कहा कि विदेशों से समय-समय पर लोग संघ का कार्य देखने आते हैं। वे यह जानना चाहते हैं कि आरएसएस किस तरह समाज के लिए समर्पित स्वयंसेवक तैयार करता है और अपने देशों में भी ऐसे कार्यकताओं को तैयार करने के लिए संघ की मदद चाहते हैं। यह कार्यक्रम 'डॉ. हेडगेवारः आधुनिक युग के शालीवाहन' के सार्वजनिक प्रसारण के अवसर पर आयोजित किया गया था।

इंदौर, हरदा और सीहोर में लगातार बारिश से नदियां उफान पर

# 19 जिलों में भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

प्रदेश में मानसून पूरी तरह सक्रिय है। 19 जिलों में भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इंदौर, हरदा और सीहोर में लगातार बारिश से नदियां उफान पर हैं, कई गांवों का संपर्क टूटा है और जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

मध्य प्रदेश में मानसून पूरी तरह सक्रिय हो गया है। शनिवार को प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में तेज से अति भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने 19 जिलों के लिए भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। सबसे ज्यादा असर बड़वानी और खंडवा में रहने की आशंका है, जहां अगले 24 घंटे में करीब 8 इंच तक बारिश हो सकती है। लोगों को नदी-नालों और जलभराव वाले इलाकों से दूर रहने की सलाह दी गई है। इंदौर में पिछले एक सप्ताह से लगातार बारिश हो रही है। बीते तीन दिनों में शहर में छह इंच से अधिक वर्षा रिकॉर्ड की गई है, जबकि इस मानसून सीजन में अब तक कुल 11 इंच से ज्यादा बारिश हो चुकी है। शुक्रवार शाम करीब दो घंटे की तेज बारिश में ढाई इंच पानी दर्ज किया गया। शनिवार सुबह भी रुक-रुककर बारिश जारी रही और मौसम विभाग ने शाम तक फिर भारी बारिश की संभावना जताई है।

---

# खामेनेई की विदाई में काले कपड़े पहने लाखों लोग पहुंचे, खून बहेगा, बदला-बदला के नारे लगाए

एजेंसी ▸▸ तेहरान

ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली खामेनेई को आखिरी विदाई देने के लिए शनिवार को लाखों लोग तेहरान के ग्रैंड मोसल्ला में जुटे। शिया परंपरा के मुताबिक काले कपड़े पहने लोग छाती पीटकर मातम मनाते दिखे। इस दौरान लोगों ने खून बहेगा, अमेरिका मुर्दाबाद और बदला, बदला जैसे नारे भी लगाए। तेहरान में 3 जुलाई से खामेनेई के अंतिम संस्कार से जुड़ी रस्में शुरू हो गई हैं जो 9 जुलाई तक चलेगी। कल शुक्रवार को कार्यक्रम में 100 से ज्यादा देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। हालांकि रूस, चीन, भारत और तुर्किये जैसे देशों के टॉप लीडर्स ने इससे दूरी बरती। ईरान की तरफ से न्योता भेजे जाने के



बावजूद इन्होंने अपने निचले स्तर के प्रतिनिधियों को भेजा। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया कि अमेरिका ने खामेनेई के अंतिम संस्कार के लिए ईरान को एक हफ्ते की छुट्टी दी है। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने मानवता के नाते ऐसा किया है। कार्यक्रम खत्म होने के तुरंत बाद ईरान को अमेरिकी शर्तें माननी होंगी।

# पति की हत्या करके बाथरूम में दफनाकर फर्श बनवाई

## उसी पर नहाती रही, 45 दिन बाद खुलासा, बोली- पीटता था, इसलिए मार डाला

एजेंसी ▸▸ आगरा

आगरा में महिला ने पति की हत्या कर शव को घर के बाथरूम में दफना दिया। ऊपर से फर्श बनवा दी और उसी बाथरूम में रोजाना नहाती रही। 45 दिनों तक पुलिस और घरवालों को गुमराह किया। जांच के दौरान महिला पुलिस के साथ सीसीटीवी फुटेज देखती रही और रोने का नाटक करती रही।

महिला के जेठ को उसके व्यवहार से शक हो गया। उसने महिला से कहा कि अगर कोई





परेशानी हो तो वह साथ देगा। इसके बाद महिला ने जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर बाथरूम का फर्श तोड़ा, जहां से केवल कंकाल बरामद हुआ। महिला ने पुलिस को बताया कि मेरा पति शराब पीकर मेरे साथ मारपीट करता था। इसी वजह से मैंने खीर में 18 से ज्यादा नींद की गोलियां मिलाकर पति को खिला दीं, जिससे उसकी मौत हो गई। मैंने जेठ को फोन कर राजस्थान से बुलाया, लेकिन उन्हें घर के अंदर नहीं आने दिया।

**सास को घर से करीब 100 मीटर दूर ले गई**

मैं दोनों बच्चों और सास को घर से करीब 100 मीटर दूर ले गई। फिर वहीं से तीनों को जेठ के साथ भेज दिया। इसके बाद शव को कमरे से खींचकर बाथरूम में ले गई और गड्ढा खोदकर दफना दिया। जेठ को बताया कि पति उससे झगड़ा कर 5 हजार रुपए लेकर चला गया है। फिर खुद भी राजस्थान चली गई। 8 दिन बाद लौटकर आई और मजदूर बुलवाकर बाथरूम में फर्श बनवा दी।

# कुएं में गिरे बैल को बचाने उतरे एक ही परिवार के 3 लोगों की जहरीली गैस से मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मैहर

प्रदेश के मैहर जिले में शुक्रवार की देर रात एक बेहद दर्दनाक हादसा सामने आया है। अमरपाटन थाना क्षेत्र के खरामसेदा गांव के अहिरान टोला में एक 40 फीट गहरे कुएं में गिरे बैल को बचाने की कोशिश के दौरान एक ही परिवार के तीन सदस्यों की जहरीली गैस की चपेट में आने से मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने शनिवार को इस घटना की पुष्टि की है. हादसे में परिवार का एक चौथा सदस्य भी गंभीर रूप से झुलस गया है, जिसे नाजुक हालत में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अमरपाटन थाना प्रभारी विजय सिंह परस्ते से मिली जानकारी के अनुसार यह घटना शुक्रवार रात करीब 8.30 बजे की है। गांव के निवासी रामनिवास कुशवाहा के स्वामित्व वाले एक गहरे कुएं में एक बैल अचानक गिर गया था। पशु को सुरक्षित बाहर निकालने के प्रयास में गांव के चार लोग एक रस्सी के सहारे एक-दूसरे के बाद कुएं के भीतर उतरे, लेकिन कुएं की गहराई में अत्यधिक ऑक्सीजन की कमी और वहां बनी जहरीली गैसों के तात्कालिक प्रभाव के कारण चारों लोग कुछ ही पलों में अचेत हो गए। कुएं के बाहर खड़े ग्रामीणों ने जब कोई हलचल नहीं देखी, तो तुरंत राहत कार्य शुरू किया और कड़ी मशक्कत के बाद चारों अचेत पुरुषों को बाहर निकाला।

आनंदम नेत्रालय
रखे आपकी आँखों का ख्याल



पाएं मोतियाबिंद एवं चश्मे से आज़ादी
(1) अनुभवी सर्जनों की टीम।
(2) दर्द रहित, इंजेक्शन रहित, आधुनिक पद्धति (फेको-एमल्सिफिकेशन) द्वारा ऑपरेशन।
(3) उन्नत किस्म के कृत्रिम नेत्र लेंस (इंट्रा ऑक्युलर लेंस) का प्रयोग।
(4) मोतियाबिंद के ऑपरेशन के द्वारा चश्मा हटाने की सुविधा।

मोतियाबिंद की जाँचो पर 50% की छूट।

50+ से अधिक उम्र के व्यक्तियों के लिए परामर्श निःशुल्क

T&C applicable

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
91094 44862, 91097 44452
43, सुभाष नगर, सांवेर रोड़, (दो तालाब के पास), उज्जैन

अन्य शाखाएं इंदौर उज्जैन देवास शाजापुर नागदा खंडवा आष्टा

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शनिवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## आमजन की विकास में भूमिका

महाआयोजन के लिए तैयार किए जा रहे धर्मनगरी के विकास में आमजन की गहरी भूमिका है। इस विकास में सिर्फ निर्माण को ही नहीं देखा जाना चाहिए। शहर की स्वच्छता का बढ़ता दायरा विकास का एक अलग ही रूप है। इस भूमिका को सिर्फ शहर की संस्था और उसके अधिकारी कर्मचारी को ही नहीं निभाना है। स्वच्छता का विकास बगैर आमजन की भूमिका के अधुरा ही रहेगा। स्वच्छता का विकास जिंदगी के अगले पड़ाव तक का है और निर्माण का विकास कुछ अर्से का। निर्माण का विकास सिर्फ सहुलियतें देगा और स्वच्छता का विकास सहुलियत के साथ ही स्वास्थ्य और इसके साथ अन्यानेक लाभ देगा। शहर में स्वच्छता के विकास को लेकर नगर की संस्था के युवा प्रशासनिक अधिकारी बेहतर





वातावरण बना रहे हैं। संस्था का पूरा अमला इसमें बराबर अपना योगदान दे रहा है। इसके बावजूद बार-बार यह सामने आ रहा है कि कचरे का सेग्रीगेशन करने में आमजन अपनी भूमिका का सही निर्वहन नहीं कर रहा है जिससे स्वच्छता के विकास में बडा रोडा आ रहा है। इस रोडे की वजह से कई सारे कामों को अंजाम देने में परेशानी की स्थिति बन रही है। यही नहीं स्वच्छता के विकास में कई क्षेत्रों में युवा अधिकारी असहयोग की स्थिति देख रहे हैं। हाल ही में उन्होंने एक क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान पाया कि दुकानदार न तो कचरे का सेग्रीगेशन यानिकी गिला और सूखा कचरा अलग-अलग कर रहे हैं। यही नहीं दुकानदार अपना कचरा सीधे नाली में डाल रहे हैं। इससे क्षेत्र की स्वच्छता का विकास सीधे तौर पर प्रभावित हो रहा है। युवा अधिकारी ने अपने पक्ष पर कचरा पृथक्करण (सेग्रीगेशन) कार्य संतोषजनक नहीं पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। एजेंसी प्रतिनिधि पर भी जुमार्ना कार्रवाई के निर्देश दिए। भार्गव सब्जी मार्केट में निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यापारियों को सख्त हिदायत दी कि नालियों में कचरा डालने वालों के विरुद्ध जुर्माना सहित कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निचले अमले को निर्देशित किया कि सभी दुकानों के व्यापारियों से गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में संग्रहित करने तथा समुचित कचरा प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित करे ताकि कचरा संग्रहण वाहन में संग्रहण किया जाए नालियों में कचरा पाए जाने पर नालिया में जल भराव की स्थिति निर्मित नहीं होने पाए। अब आमजन को यह बताना है कि स्वच्छता के विकास में वे उनकी भूमिका को सार्थकता देने के लिए कितना आगे आए हैं। खुसूर-फुसूर है कि आमजन विकास का मायना ही विकसित नहीं कर पा रहा है। वह सिर्फ सुविधा भोगी होता जा रहा है। अपने दायित्वों एवं विकास में उसकी भूमिका के प्रति उसकी उदासीनता से बेवजह ही काफी समय नष्ट हो रहा है। इसके लिए आमजन को भी अपने आपकी मानसिकता को विकसित करना ही होगा अन्यथा विकास का मायना कुछ खास नहीं निकलेगा जैसे की किसी सड़क का चौड़ीकरण कर दिया जाए और वहां वाहनों की पार्किंग बेतरतीब हो तो उस चौड़ीकरण के मायने पर सवाल खडा हो जाता है। आमजन एक बार निर्माण के विकास के प्रति उदासीनता बरत लेगा तो फिर भी बहुत ज्यादा कुछ नहीं होगा निर्माण एजेंसी उसे पूर्ण करेगी। स्वच्छता के विकास को शहर के हर एक आमजन को पूर्ण मायना देना ही होगा तभी हम इस विकास की पूर्णता को प्राप्त कर सकेंगे।

## न्यूज कॉलम

### आज महापौर करेंगे सेवा समिति के सदस्यों को सम्मानित

**उज्जैन।** आज प्रातः 11 बजे स्थान ग्रांड होटल महापौर विश्राम गृह कार्यालय पर शहर के सेवा समिति सदस्यों का महापौर मुकेश टटवाल द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। महापौर मुकेश टटवाल द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया की सेवा समिति के सदस्यों द्वारा जिस प्रकार से बाबा महाकालेश्वर की सवारी, उज्जैन शहर में होने वाले सभी धार्मिक आयोजन, पर्व स्नान, पंचकोशी यात्रा, यातायात व्यवस्था इत्यादि में जिस प्रकार से सेवा भाव से सेवा का कार्य किया जाता है इसी उपलक्ष्य में सेवा समिति के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्यों को सम्मानित किया जाएगा।

## ट्रेंडिंग





संभागीय मुख्यालय के जिले में शिकायत निवारण समितियां कागजों तक सिमटी

# न बस्ते के बोझ की चिंता न ही विद्यार्थियों के सुरक्षा की

## शिक्षा विभाग की ओर से वर्षाकाल को देखते हुए एडवायजरी जारी करना भी उचित नहीं समझा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

संभागीय मुख्यालय के जिले में शिक्षा विभाग की कार्य व्यवस्था अजीब दौर से गुजर रही है। नए शिक्षा सत्र की शुरूआत होने के बावजूद न तो बस्तों के बोझ की चिंता विभाग के अधिकारी ले रहे हैं और न ही विद्यार्थियों की। जिले में निजी स्कूलों को लेकर शिकायत निवारण समितियां मात्र विभागीय कागजों में समेटकर रख दी गई हैं। वर्षाकाल को देखते हुए विद्यार्थियों के लिए एडवायजरी जारी करना भी उचित नहीं समझा है।

स्कूल शिक्षा विभाग की स्कूल बैग पॉलिसी व्यवस्था केवल सरकारी आदेशों और कागजों तक सिमटकर रह गई है। किताबें भारी बस्तों का रूप लेकर नौनिहालों के कंधों पर बोझ बन गई हैं। स्कूल शिक्षा विभाग ने बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए वर्षों पहले स्कूल बैग पॉलिसी लागू की थी। ताकि बस्ते का वजन निर्धारित सीमा में रहे। मगर जमीनी हकीकत यह है कि यह व्यवस्था अब केवल शिक्षा विभाग के कार्यालयों में फाईलों में सिमट कर रह गई है।

संभागीय मुख्यालय के जिले में गांव के निजी स्कूल हों या फिर शहरी क्षेत्र के कक्षा पहली से बारहवीं तक के अधिकांश विद्यार्थियों के बस्ते तय मानकों से कहीं अधिक भारी हैं। कहीं पांच तो कहीं सात किलोग्राम तक का बोझ बच्चे रोजाना ढोने को मजबूर हैं। सबसे चिंताजनक स्थिति नर्सरी और प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों की है, जिनके नन्हे कंधों पर भी जरूरत से ज्यादा वजन लदा हुआ है। अभिभावकों का कहना है कि कई निजी स्कूलों में निर्धारित दुकानों से ही किताबें और स्टेशनरी खरीदने का अप्रत्यक्ष दबाव बनाया जाता है। जिससे आर्थिक बोझ भी बढ़ जाता है। यदि स्कूल बैग पॉलिसी का ईमानदारी से पालन कराया जाए तो बच्चों के कंधों का वजन कम होने के साथ-साथ इस आर्थिक दबाव को भी नियंत्रित किया जा सकता है।



### नियमों का पालन नहीं

राष्ट्रीय शिक्षा नीति और स्वास्थ्य विशेषज्ञों की सिफारिशों के आधार पर स्कूल बैग के वजन के लिए स्पष्ट मानक तय किए गए हैं-

- पहली से दूसरी कक्षा तक-1.6 से 2.2 किलोग्राम
- तीसरी से पांचवीं कक्षा तक 17 से 2.5 किलोग्राम
- छठवीं से आठवीं कक्षा तक 2 से 4 किलोग्राम
- नौवों से बारहवीं कक्षा तक अधिकतम 45 किलोग्राम

### ये निर्देश भी हैं पालनीय

स्कूल डायरी का वजन भी कुल वजन में शामिल किया जाए। नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के विद्यार्थियों को गृहकार्य न दिया जाए, तीसरी से पांचवीं तक के बच्चों को सप्ताह में अधिकतम दो घंटे तथा नौवीं से बारहवीं तक प्रतिदिन अधिकतम दो घंटे का ही गृहकार्य दिया जाए।

### आगर में समितियां, उज्जैन में जानकारी नहीं

संभाग के आगर-मालवा जिले में निजी स्कूलों की मनमानी फीस व जबरन पुस्तक-यूनिफॉर्म बिक्री पर लगाम लगाने को जिला एवं विकासखंड स्तर पर शिकायत निवारण समितियों का गठन किया गया है। इसके साथ ही इसका प्रचार-प्रसार किया गया है। जिसमें स्पष्ट किया गया है कि शैक्षणिक सत्र प्रारंभ से म.प्र. निजी विद्यालय (फीस एवं संबंधित अन्य विषयों का विनियमन) अधिनियम 2017 एवं नियम-2020 प्रभावशील हैं। अधिनियम की कंडिका-6 के अनुसार निजी विद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्र/अभिभावकों को पुस्तकें, यूनिफॉर्म, जूते, कॉपी आदि केवल चयनित विक्रेताओं से खरीदने हेतु बाध्य नहीं किया जा सकेगा। अभिभावक सामग्री खुले बाजार से क्रय करने हेतु स्वतंत्र रहेंगे। इसके विपरित निजी विद्यालयों द्वारा मनमानी फीस वसूली, विशेष दुकानों से सामग्री खरीद का दबाव जैसी शिकायतें संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में गठित समिति के समक्ष दर्ज कराई जा सकती है। संभागीय मुख्यालय के जिले में इस प्रक्रिया को लेकर पूरी सुस्ती का आलम छाया हुआ है।

### निगरानी पर ही सवाल

निजी और शासकीय विद्यालयों में इन नियमों के पालन की प्रभावी निगरानी नहीं हो रही है। न नियमित निरीक्षण हो रहे हैं, न बैग का वजन जांचा जा रहा है और न ही अभिभावकों को इस संबंध में जागरूक किया जा रहा है।

### एडवायजरी जारी करने में भी फिसड्डी

वर्षा ऋतु में विद्यार्थियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए जाते हैं। संभागीय मुख्यालय के जिले में दिशा-निर्देश जारी करने का मायना ही बदल गया है। न तो इसे लेकर समीक्षा बैठक होने की स्थिति ही स्पष्ट हो रही है और न ही संस्था प्रमुखों को विद्यालय परिसर, भवन एवं विद्यार्थियों की सुरक्षा संबंधी आवश्यक व्यवस्थाएं अंजाम देने के निर्देश ही सामने आ रहे हैं। दिशा निदेशों के तहत किसी भी स्थिति में जर्जर अथवा क्षतिग्रस्त भवनों, कमरों या बरामदों में कक्षाओं का संचालन नहीं किया जाना चाहिए। यदि किसी विद्यालय भवन की स्थिति असुरक्षित प्रतीत होती है तो संबंधित कक्षाओं को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया जाए तथा इसकी सूचना तत्काल विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बीआरसी एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराई जाना चाहिए। विद्यालय परिसर में जलभराव, फिसलन, खुले विद्युत तार, टूटे हुए पेड़, दीवार या अन्य संभावित खतरों का निरीक्षण कर आवश्यक सुधारात्मक कार्य किए जाना चाहिए । छतों से पानी टपकने, दीवारों में दरारें अथवा संरचनात्मक कमजोरी पाए जाने पर तत्काल सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाना चाहिए। आकाशीय बिजली की पूर्व सूचना हेतु ऊअटक्क्कऐप से नियमित जानकारी प्राप्त कर विद्यार्थियों को साझा की जाना चाहिए। विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं सुरक्षित आवागमन पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। अत्यधिक वर्षा, जलभराव अथवा प्रतिकूल मौसम में स्थानीय प्रशासन के निदेशों का पालन करते हुए निर्णय लिए जाना चाहिए। विद्यालय समय में विद्यार्थियों को खुले मैदान, जलभराव वाले क्षेत्रों अथवा जोखिम वाले स्थानों पर जाने से रोका जाना चाहिए। स्कूल वाहनों में भी सुरक्षा के दृष्टिगत विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। विद्यालय भवन की विद्युत सुरक्षा हेतु सभी उपकरणों, स्विच बोर्ड एवं वायरिंग की जांच कराई जाना चाहिए। वर्षा में विद्युत दुर्घटनाओं से बचाव हेतु विशेष सतर्कता बरती जाना चाहिए। पेयजल एवं स्वच्छता व्यवस्थाएं सुचारु रखी जाना चाहिए।

नगर निगम आयुक्त औचक पहुंचे हाईटेक कंट्रोल रूम

# साफ्टवेयर से वार्डों में तैनात दरोगाओं की लाइव लोकेशन जांची

## वायरलेस सेट पर दरोगाओं सहित भवन अधिकारियों को सीधे निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शनिवार को नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा औचक रूप से नगर निगम के हाईटेक कंट्रोल रूम पहुंचे और व्यवस्थाओं को देखा। इस दौरान उन्होंने सॉफ्टवेयर के माध्यम से विभिन्न वार्डों में तैनात दरोगाओं की लाइव लोकेशन की जानकारी ली तथा उपस्थिति रजिस्टर की जांच की। यही नहीं उन्होंने दरोगाओं को निर्देशित किया कि अतिवृष्टि की स्थिति में निगम का समस्त अमला अलर्ट मोड पर रहेगा।

निगम आयुक्त ने कंट्रोल रूम प्रभारी को निर्देश दिए कि शिकायत रजिस्टर की प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जाए। वार्डों में घरों में पानी भरने संबंधी शिकायतों की सूचना संबंधित जोनल अधिकारियों को तत्काल उपलब्ध कराई जाए। सभी जोनल अधिकारियों एवं उपयंत्रियों को अपने-अपने जोन में अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए गए।



- **गिराऊ भवनों की सूची तैयार करें-** निगम आयुक्त ने कंट्रोल रूम से वायरलेस सेट के माध्यम से सभी भवन अधिकारियों और भवन निरीक्षकों को निर्देशित किया कि जर्जर एवं गिराऊ भवनों की सूची तैयार कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। शहर के जलभराव संभावित क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाए। जल निकासी की व्यवस्था प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाए। जिन स्थानों पर नालियों एवं नालों के ऊपर अतिक्रमण के कारण पानी की निकासी बाधित हो रही है, वहां तत्काल कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण हटा दिए जाएं।
- **समस्त अमला अलर्ट मोड पर-** निगम आयुक्त ने सभी वार्ड दरोगाओं को सेट पर निर्देशित किया कि अतिवृष्टि की स्थिति में घरों में पानी भरने अथवा वार्ड में जलभराव की सूचना प्राप्त होती है, तो नगर निगम के उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करते हुए सुरक्षा मानकों का पालन कर तत्काल निराकरण सुनिश्चित करें। जलभराव वाले क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जाए। बारिश के दौरान उत्पन्न होने वाली आपातकालीन परिस्थितियों और नागरिक सुविधाओं एवं सुरक्षा को सुचारू बनाए रखने के लिए नगर निगम का समस्त अमला अलर्ट मोड पर रहेगा।

### वाहन चालक-हेल्पर प्रत्यक्ष प्रतिनिधि

धर स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारी को लेकर अपर आयुक्त संतोष टैगोर ने डोर-टू-डोर वाहनों के चालकों, हेल्परों एवं सुपरवाइजरों की समीक्षा बैठक ली गई। उन्होंने सभी चालकों/ हेल्परों को नागरिकों के प्रति विनम्र एवं सौहार्दपूर्ण व्यवहार रखने तथा निर्धारित नियमों का पालन करते हुए जिम्मेदारी पूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में डोर-टू-डोर वाहन चालक एवं हेल्पर को नगर निगम का प्रत्यक्ष प्रतिनिधि बताते हुए कहा कि आपका व्यवहार, कार्यशैली और अनुशासन नगर निगम की छवि को दशार्ता है। सभी कर्मचारी निर्धारित ड्रेस कोड में रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा नागरिकों को गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग देने के लिए जागरूक एवं प्रेरित करें, जिससे स्वच्छता अभियान में उज्जैन की रैंकिंग और बेहतर हो सके। सभी कचरा संग्रहण वाहनों में जीपीएस सिस्टम लगा हुआ है, जिससे वाहनों की सतत मॉनिटरिंग की जाती है। इसलिए सभी वाहन निर्धारित रूट एवं समय के अनुसार संचालित किए जाएं।

शीघ्र दर्शन टिकट बिक्री के चलते

# कालभैरव मंदिर में 42 दिन में तीन करोड़ से ज्यादा की आय



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

भगवान महाकाल के सेनापति कालभैरव का खजाना शीघ्र दर्शन टिकट की बिक्री से हुई आय से भर गया है। मात्र 42 दिन में मंदिर समिति को 3 करोड़ 9 लाख 42 हजार रुपये प्राप्त हुए हैं। सशुल्क दर्शन के प्रति भक्तों का रुझान देखते हुए मंदिर समिति ने इस व्यवस्था को श्रावण मास में भी यथावत रखने का निर्णय लिया है। मंदिर प्रशासन के अनुसार श्रावण मास में सामान्य,सशुल्क व प्रोटोकाल दर्शन की अलग कतार रहेगी।

मंदिर प्रशासक संध्या मार्कण्डेय ने बताया महाकाल के बाद कालभैरव मंदिर में दर्शनार्थियों की सबसे अधिक संख्या रहती है। करीब डेढ़ माह पहले मंदिर समिति ने भीड़ नियंत्रण के लिए सशुल्क दर्शन की शुरूआत की थी। इस व्यवस्था के तहत प्रति व्यक्ति 500 रुपये शुल्क में प्रोटोकाल के तहत आने वाले श्रद्धालु तथा सीमित संख्या में सामान्य दर्शनार्थियों को गर्भगृह में प्रवेश दिया जा रहा है।

## माधवनगर स्टेशन क्षेत्र में कार्य में बाधक पेड़ों का ट्रांसप्लांटेशन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

माधवनगर रेलवे स्टेशन क्षेत्र में सालों से खड़े पुराने पेड़ों को बचाने रेलवे ने ट्रांसप्लांटेशन कराने की कवायद शुरू कर दी है। यहां हो रहे निर्माण में कुछ पेड़ बाधा बन रहे थे। 30-40 साल पुराने इन पेड़ों को काटने के बजाय रेलवे प्रबंधन ने इन्हें जड़ सहित उखाड़ लिया। अब इन्हें आगर रोड स्थित रेलवे के नए ट्रेनिंग सेंटर परिसर में रौपेंगे, ताकि पुराने पेड़ बचे रहे। शुक्रवार को दो ट्रेक्टरों में 10 पेड़ों को पोकलेन की मदद से रखवाकर ट्रेनिंग सेंटर परिसर में रखवा दिया। इन पुराने पेड़ों से परिसर में जल्दी हरियाली फैल जाएगी।

## मंदिर में कथित अवैध वसूली का लेकर कांग्रेस ने दी आंदोलन की चेतावनी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

अयोध्या के राम मंदिर में 500 करोड़ रुपये की कथित चोरी और उज्जैन के महाकाल व कालभैरव मंदिर में चल रही अवैध वसूली के विरोध में जिला युवा कांग्रेस ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। उज्जैन जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन करते हुए हनुमान चालीसा का पाठ किया और दोषियों पर जल्द कार्रवाई की मांग की।

युवा कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि खुद को सनातन धर्म की पार्टी बताने वाली भाजपा के राज में उज्जैन से लेकर अयोध्या तक मंदिरों में भ्रष्टाचार हो रहा है। विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर और कालभैरव मंदिर में दर्शनार्थियों से 250 से 500 रुपये तक की अवैध वसूली की जा रही है। मंदिरों में इस तरह की वसूली को एक व्यापार का रूप दे दिया गया है, जिससे आम लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं।

उन्होंने कहा कि राम मंदिर में हुई चोरी के मामले में प्रधानमंत्री और अयोध्या प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसी के विरोध में युवा कांग्रेस ने हनुमान चालीसा का पाठ किया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उज्जैन के मुख्य मंदिरों में यह अवैध वसूली तत्काल बंद नहीं हुई और दोषियों को सजा नहीं मिली, तो इस आंदोलन को मध्य प्रदेश स्तर तक ले जाया जाएगा। आने वाले दिनों में युवा कांग्रेस द्वारा कलेक्टर कार्यालय और मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा।

7 जुलाई को बुध का मिथुन राशि में गोचर, जो 22 जून तक रहेगा, कुछ जातकों को रहना होगा सावधान

# जल्दबाजी करने से बचना होगा इससे आपके कुछ पुराने संबंधों में नयापन आएगा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

ज्योतिष में बुध ग्रह को शुभ ग्रह माना जाता है। इसके अलावा बुध को सभी ग्रहों का राजकुमार, बुद्धि, शिक्षा, व्यापार और तर्क-वितर्क आदि कारक ग्रह माना जाता है। बुध चंद्रमा के बाद दूसरे ऐसे ग्रह हैं जो सबसे तेज चलते हैं और यह एक राशि में करीब 15 दिन रहते हैं फिर इसके बाद राशि परिवर्तन करते हैं। बुध के राशि परिवर्तन से सभी 1 राशियों के जातकों के ऊपर प्रभाव देखने को मिलता है। आपको बता दें कि बुध अभी चंद्रमा की राशि कर्क में गुरु बृहस्पति के साथ मौजूद हैं, जो 7 जुलाई को बुध वक्री रहते हुए राशि परिवर्तन करते हुए मिथुन राशि में प्रवेश करेंगे जो 22 जून तक इसी राशि में रहेगा। पंचांग गणना के अनुसार, बुध 7 जुलाई 2026,



मंगलवार को सुबह 10 बजकर 32 मिनट पर फिर से मिथुन राशि मे गोचर होंगे जो इस राशि में 5 अगस्त तक इसी राशि में रहेंगे, फिर दोबारा से कर्क राशि में प्रवेश कर जाएंगे। आइए जानते हैं बुध के गोचर से किन राशियों को सबसे ज्यादा लाभ होता हुआ मिलेगा।

- **मेष राशि-** मेष राशि वालों के लिए बुध आपकी कुंडली के तीसरे और छठे भाव के स्वामी होते हैं। 7 जुलाई को बुध मिथुन राशि में गोचर करने से यह आपके तीसरे यानी पराक्रम भाव में गोचर करेंगे। ऐसे में आपको किसी भी महत्वपूर्ण निर्णय को लेने में जल्दबाजी करने से बचना होगा। इससे आपके कुछ पुराने संबंधों में नयापन आएगा। आर्थिक लाभ की अच्छी स्थिति होगी जिससे आपके बैंक बैलेंस में इजाफा देखने को मिलेगा।
- **मिथुन राशि-** मिथुन राशि के जातकों के लिए बुध आपके पहले और चौथे भाव के स्वामी होते हैं और मिथुन राशि में गोचर आपके पहले भाव में होगा जिससे आने वाले समय में आपको अच्छा लाभ और शुभ सूचना सूनने को मिल सकता है। बुध के गोचर करने से नौकरीपेशा जातकों को अच्छा लाभ और मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। इस दौरान आपको आर्थिक मामलों में सोच-समझकर आगे बढ़ना होगा।
- **कन्या राशि-** कन्या राशि वालों के लिए बुध आपकी कुंडली के लग्न और कर्म भाव के स्वामी हैं, 7 जुलाई को बुध के गोचर करने से यहा आपके दशम भाव में रहेंगे जिससे आपको करियर-कारोबार में कुछ नया करने और पाने का अवसर मिलेगा। जो लोग किसी तरह के व्यापार आदि से जुड़े हुए हैं उनको कोई बड़ा बिजनेस में डील मिल सकती है। बुध का यह गोचर आपके कार्यों में सफलता दिलाएगा साथ ही साथ व्यापार में कई तरह के मौके भी मिलेंगे।
- **धनु राशि-** धनु राशि वालों के लिए बुध आपकी कुंडली के सातवें और दशम भाव के स्वामी हैं। बुध के गोचर करने से आपको कुछ अच्छे परिणामों की प्राप्ति हो सकती है। इस दौरान आपको अतिरिक्त आय के भरपूर मौके मिल सकते हैं। जो लोग बेरोजगार हैं उनको नई नौकरी के बेहतर अवसर मिल सकते हैं। इस दौरान दांपत्य जीवन में बेहतर सुधार आएगा और लाभ के कुछ अच्छे और बेहतर मौके मिलेंगे।

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

उज्जैन | रविवार 05 जुलाई, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### 83 हजार 800 रुपये मूल्य की अवैध मदिरा एवं वाहन जप्त

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के निर्देशन में अवैध मदिरा के विरुद्ध सतत अभियान चलाया जा रहा है।जिसमे विभिन टीमों द्वारा इन्दौर जिले में विभिन्न स्थानों पर चेक पॉइन्ट बनाये गए है, जिसके चलते 03 जुलाई को सुबह गश्त के दौरान आशंका के आधार पर निवासी 25/1 विनोबा नगर, बड़ी ग्वालटोली सुनीता पति रोहित बौरासी की एक दोपहिया होंडा एक्टिवा स्कूटर की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान गाड़ी की डिक्की में देशी मदिरा प्लेन बरामद की गई। उक्त मदिरा एवं प्रयुक्त दोपहिया वाहन को आबकारी विभाग द्वारा जप्त किया गया। जप्त मदिरा एवं वाहन का अनुमानित बाजार मूल्य कुल रुपये 83 हजार 800 रुपये है। आरोपी के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया । जिला आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

### जांच में नियमों का उल्लंघन करने वाले 10 स्कूली वाहन जब्त

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशानुसार आरटीओ द्वारा स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से छोटा बांगड़दा क्षेत्र स्थित स्कूलों के वाहनों की सघन एवं आकस्मिक जांच की गई। जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 3 स्कूल बसें, 3 ट्रेवलर एवं 4 मैजिक वाहन सहित कुल 10 वाहनों को जब्त किया गया। जांच अभियान के दौरान वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों का परीक्षण किया गया। साथ ही वाहनों का भौतिक निरीक्षण कर यह भी देखा गया कि वे फिटनेस एवं परमिट की शर्तों का पालन कर रहे हैं या नहीं। निरीक्षण के दौरान फायर सेफ्टी उपकरण, स्पीड गवर्नर तथा अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं की भी जांच की गई।

### उज्जैन के श्री महाकाल महालोक में बस रहा सनातन का चित्रलोक

# चित्रों में जीवंत हो रहे 18 महापुराण, अंतिम चरण में

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

महापुराणों को अब केवल पढ़ना ही नहीं बल्कि उनके पात्रों, प्रसंगों और कथाओं को आंखों के सामने सजीव होते देखा जा सकेगा। उज्जैन स्थित श्री महाकाल महालोक में जल्द ही ऐसा अद्भुत अनुभव मिलने वाला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 'मन की बात' में उल्लेखित 18 महापुराण चित्र परियोजना अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है।

वर्ष 2019 से चल रही इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत 18 महापुराणों को 18 भारतीय पारंपरिक चित्र शैलियों में करीब 2500 चित्रों के माध्यम से साकार किया गया है। इन चित्रों के लिए श्री महाकाल महालोक परिसर स्थित त्रिवेणी कला एवं पुरातत्व संग्रहालय में विशेष चित्रदीर्घा तैयार की जा रही है।

### ओड़िया चित्र शैली में उकेरा

चित्रों के माध्यम से महापुराणों को समझाने का यह अनूठा प्रयास माना जा रहा है। इससे पद्मश्री और राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित चित्रकार भी जुड़े हैं। आंध्र प्रदेश के विश्वनाथ रेड्डी ने ब्रह्म पुराण को पारंपरिक कलमकारी शैली में चित्रित किया है। राजस्थान के जयशंकर शर्मा श्रीमद् ब्रह्मवैवर्त पुराण को बूंदी शैली में साकार कर रहे हैं। ओडिशा के वरिष्ठ कलाकार प्रहलाद महाराणा ने विष्णु पुराण को पारंपरिक ओड़िया चित्र शैली में उकेरा है। कई कलाकारों ने इन चित्रों में सोना, चांदी, खनिज, पत्थरों और वनस्पतियों से तैयार प्राकृतिक रंगों का उपयोग किया है, जिससे उनकी दीघार्यु और कलात्मक गरिमा बनी रहेगी।

### नई प्रणाली विकसित की जा रही है

चित्रदीर्घा की पहली मंजिल पर प्रत्येक महापुराण के लिए अलग प्रदर्शन कक्ष, विशेष प्रकाश व्यवस्था और डिजिटल सूचना प्रणाली विकसित की जा रही है। इससे श्रद्धालु और पर्यटक उनसे जुड़ी कथाओं, प्रसंगों और सांस्कृतिक संदर्भों को भी सहजता से समझ सकेंगे। इसे श्री महाकाल महालोक के सांस्कृतिक विस्तार के रूप में विकसित किया जा रहा है।

**ये हैं 18 पुराण-** ब्रह्म पुराण, पद्म पुराण, विष्णु पुराण, वायु पुराण (शिव पुराण), भागवत पुराण (देवीभागवत पुराण), नारद पुराण, मार्कण्डेय पुराण, अग्नि पुराण, भविष्य पुराण, ब्रह्मवैवर्त पुराण, लिङ्ग पुराण, वाराह पुराण, स्कन्द पुराण, वामन पुराण, कूर्म पुराण, मत्स्य पुराण, गरुड़ पुराण, ब्रह्मांड पुराण।

छह वर्षों की साधना के बाद यह परियोजना अब श्रद्धालुओं और कला प्रेमियों के सामने एक ऐसे 'सनातन चित्रलोक' के रूप में आने वाली है, जहां पुराणों का ज्ञान केवल शब्दों से नहीं बल्कि रंगों, रेखाओं और दृश्य कथाओं के माध्यम से जीवंत होगा। सृष्टि की उत्पत्ति, अवतार कथाओं, धर्म, नीति, संस्कृति और जीवन-दर्शन से जुड़े प्रसंगों को देश के प्रतिष्ठित कलाकार अपनी विशिष्ट शैली में कैनवास



# 2 अक्टूबर से उज्जैन से अयोध्या तक पदयात्रा करेंगे दिग्विजयसिंह

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

राम मंदिर निर्माण के लिए जुटाए गए चंदे में कथित अनियमितताओं को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने 2 अक्टूबर से बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन से रामनगरी अयोध्या तक करीब 1000 किलोमीटर पदयात्रा निकालने की घोषणा की है। उनका कहना है कि यात्रा का उद्देश्य राम मंदिर चंदे और धार्मिक संस्थानों में कथित वित्तीय अनियमितताओं के खिलाफ आवाज उठाना है। शुक्रवार को भोपाल स्थित अपने आवास के बाहर दिग्विजय सिंह ने चंदा चोरों का प्रवेश वर्जित लिखे पोस्टर लगवाए। उन्होंने आरोप लगाया कि राम मंदिर में चढ़ावे और चंदे में कथित गड़बड़ी कर करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ किया गया है। दिग्विजय सिंह ने कहा कि उन्होंने राम मंदिर निर्माण के लिए दो बार चंदा दिया था। अब वह अदालत में याचिका दायर कर अपना चंदा वापस मांगेंगे। उनका कहना है कि यदि राशि वापस मिलती है तो उसे किसी अन्य धार्मिक ट्रस्ट को दान करेंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री ने उज्जैन के महाकाल मंदिर क्षेत्र में जमीन और वीआईपी दर्शन व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि मंदिर परिसर के आसपास की जमीन का व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है और वीआईपी दर्शन के नाम पर पैसे वसूले जा रहे हैं।

### 2 अक्टूबर से शुरू होगी पदयात्रा

दिग्विजय सिंह ने बताया कि पदयात्रा 2 अक्टूबर को उज्जैन से शुरू होकर अयोध्या पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि यह यात्रा पूरी तरह गैर-राजनीतिक होगी। इसमें किसी भी राजनीतिक दल का झंडा नहीं रहेगा। यात्रा में वे सभी लोग शामिल हो सकेंगे, जो भगवान श्रीराम में आस्था रखते हैं और मंदिर निर्माण के लिए चंदा दे चुके हैं। उन्होंने कहा कि पदयात्रा के दौरान वह सोशल मीडिया का उपयोग नहीं करेंगे और पूरे अभियान को जनसंपर्क के माध्यम से आगे बढ़ाएंगे।

# इंदौर शहर की सफाई व्यवस्था होगी अत्याधुनिक

### आईआईएम के साथ मिलकर स्मार्ट वेस्ट मैनेजमेंट मॉडल बनाएगा नगर निगम

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

देश का सबसे स्वच्छ यानी हमारा इंदौर अपनी सफाई व्यवस्था को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी आधुनिक तकनीकों से और अधिक मजबूत बनाएगा। नगर निगम और भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) इंदौर मिलकर अगले दो साल तक जल, स्वच्छता और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में एक-दूसरे का अनुसंधान एवं तकनीकी सहयोग करेंगे।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि महापौर परिषद बैठक में इसके प्रस्ताव को स्वीकृति दी जा चुकी है। महापौर परिषद की बैठक में स्वीकृत स्कोप आफ वर्क प्रस्ताव के तहत आईआईएम इंदौर का सेंटर आफ एक्सीलेंस और इंदौर नगर निगम चरणबद्ध तरीके से शहर की सफाई व्यवस्था का विज्ञानी तरीके से अध्ययन करेंगे। इस अध्ययन का उद्देश्य इंदौर के स्वच्छता माडल को तकनीक आधारित, अधिक प्रभावी और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप विकसित करना है। यह कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा।

**पहला चरण** - यह चरण अगस्त से दिसंबर 2026 के बीच रहेगा। इसमें ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली का विज्ञानी मूल्यांकन, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण और परिवहन व्यवस्था की कार्य क्षमता का अध्ययन और उपचारित अपशिष्ट जल के पुनर्उपयोग की संभावनाओं का आकलन किया जाएगा।

**दूसरा चरण** - यह चरण सितंबर 2026 से मार्च 2027 तक चलेगा। इसमें सार्वजनिक शौचालयों के संचालन के लिए नए वित्तीय मॉडल तैयार किए जाएंगे। इसके साथ ही इंटरनेट आफ थिंग्स आधारित सीवरेज मॉनिटरिंग सिस्टम का परीक्षण किया जाएगा। इस चरण में अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़े नवाचारों और नई तकनीकों का डेटाबेस भी विकसित किया जाएगा।

# बारिश से हवा हुई स्वच्छ, प्रदूषण के स्तर में आई गिरावट

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

अप्रैल व मई की झुलसा देने वाली गर्मी, तेज हवाओं और धूल भरे मौसम के बाद मानसून की शुरूआती वर्षा ने शहर की हवा की तस्वीर बदलनी शुरू कर दी है। छोटी ग्वालटोली एयर क्वालिटी निगरानी स्टेशन के एक अप्रैल से एक जुलाई तक के आंकड़े बताते हैं कि तीन महीनों में हवा में मौजूद धूल और सूक्ष्म कणों का स्तर लगातार घटा है।

सबसे ज्यादा सुधार पीएम-2.5 और पीएम-10 जैसे प्रदूषकों में दर्ज हुआ है, जो सीधे शहरवासियों के श्वसन तंत्र और फेफड़ों को प्रभावित करते हैं। शहरवासियों को राहत सिर्फ वषार्काल में दो से तीन महीने के लिए ही मिलेगी। विशेषज्ञों का कहना है कि निर्माण गतिविधियों से उड़ने वाली धूल, सड़कों की सफाई, खुले में मलबा और वाहनों से निकलने वाले उत्सर्जन पर प्रभावी नियंत्रण नहीं किया, तो मानसून समाप्त होते ही प्रदूषण का स्तर फिर बढ़ जाएगा।

आंकड़ों के अनुसार अप्रैल में पीएम-10 का औसत स्तर 122.28 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर था। मई में घटकर 111.57 और जून में 82.30 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर रह गया। यानी अप्रैल की तुलना में जून तक करीब 33 फीसद की कमी दर्ज की। इसी तरह पीएम-2.5 का औसत अप्रैल में 42.49 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर था, जो मई में 28.62 और जून में 24.32 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर पर आ गया। आयुक्त नगर निगम क्षितिज सिंघल प्रदूषण को नियंत्रण करने के प्रयास नगर निगम के अधिकारियों द्वारा निरंतर जारी है। केंद्र व राज्य सरकार ईवी को बढ़ावा दे रही है। निगम कुछ वाहनों को ईवी पर स्थानांतरित कर चुका है। कुछ को करना बाकी है। सड़क पर उड़ने वाली धूल को लगातार कम करते है। निमार्णाधीन भवनों को ग्रीन शोड से कवर करने के निर्देश दिए हैं।

### तीन महीनों में करीब 43 फीसद की गिरावट

तीन महीनों में करीब 43 फीसद की गिरावट दर्ज की गई। विशेषज्ञों के अनुसार वर्षा की बूंदें हवा में तैर रहे धूल के कणों और अन्य प्रदूषकों को जमीन पर जमाकर देती हैं। इसके कारण वातावरण में मौजूद पार्टिकुलेट मैटर का स्तर तेजी से कम हो जाता है और शहरवासियों को स्वच्छ हवा मिलती है। शहर में हुई करीब 63 मिमी वर्षा के बाद भी वायु गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार देखा है। हालांकि राहत के बावजूद स्थिति पूरी तरह सामान्य नहीं हुई है।




**न्यूज कालम**



## मोटरसाइकिल से अवैध मदिरा परिवहन करते एक आरोपी गिरफ्तार

**सनावद।** जिला खरगोन कलेक्टर भव्या मित्तल के आदेश पर सहायक आयुक्त आबकारी बृजेन्द्र कोरी के निदेर्शानुसार तथा नियंत्रण कक्ष प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी सजेंद्र मोरी के मार्गदर्शन में वृत्त सनावद के आबकारी दल द्वारा आज दिनांक 3 जुलाई को धनगांव हीरापुर मार्ग पर एक काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल से अवैध मदिरा परिवहन की विश्वसनीय मुखबिर सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त वाहन की घेराबंदी कर रोकने का प्रयास किया गया । आबकारी दल की घेराबंदी देख उक्त वाहन का चालक मौके से फरार हो गया व पीछे बैठा आरोपी मौके पर गिरफ्तार किया गया। समक्ष पंचान विधिवत तलाशी लेने पर उक्त वाहन व व्यक्ति से कुल 56.14 बल्क लीटर विदेशी मदिरा बरामदगी पर वृत्त प्रभारी शिवम चौरसिया,आबकारी उपनिरीक्षक द्वारा म. प्र. आबकारी अधिनियम की धारा 34 के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया कार्यवाही में जप्त मदिरा व परिवहन में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग एक लाख 50,000 रुपए है । उक्त कार्रवाई में आरक्षक प्रजोत चौधरी का सराहनीय योगदान रहा।

## नागरिकों को किया जा रहा है स्वच्छता के प्रति जागरूक



**बड़वानी ।** स्वच्छ एवं सुंदर शहर के निर्माण तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद बड़वानी द्वारा व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत नगर पालिका की स्वच्छता टीम द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों एवं कॉलोनियों में घर-घर जाकर नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। अभियान के दौरान आईईसी टीम द्वारा प्रत्येक घर में पहुंचकर रहवासियों को गीले एवं सूखे कचरे का पृथक-पृथक संग्रहण करने के महत्व की विस्तारपूर्वक जानकारी दी जा रही है। नागरिकों को बताया जा रहा है कि रसोई से निकलने वाला जैविक कचरा, जैसे फल एवं सब्जियों के छिलके, बचा हुआ भोजन, चाय पत्ती, फूल-पत्तियां आदि को गीले कचरे में रखा जाए, जबकि प्लास्टिक, कांच, धातु, कागज, गत्ता, पैकेजिंग सामग्री एवं अन्य पुनर्चक्रण योग्य वस्तुओं को सूखे कचरे में अलग रखा जाए। इससे कचरे का वैज्ञानिक तरीके से प्रसंस्करण संभव होगा तथा पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

## मुनि श्री प्रणम्य सागर जी को वषायीग चातुर्मास के लिए चढ़ाया श्रीफल

**बड़वानी।** दिगंबर जैन सिद्ध क्षेत्र बावनगजा ट्रस्ट कमेटी द्वारा ट्रस्ट अध्यक्ष विनोद दोशी "बिन्नू भैया", के नेतृत्व में ट्रस्ट कमेटी और सदस्यों ने राजस्थान के कुशलगढ़ जा कर वहां पर विराजित परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्या सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य अर्हम योग प्रणेता मुनि श्री प्रणम्य सागर जी महाराज ससंघ को श्री सिद्ध क्षेत्र बावनगजा जी में इस वर्ष होने वाले मंगल वषायीग चातुर्मास करने के लिए श्रीफल भेंट किया, ट्रस्ट अध्यक्ष विनोद दोशी" बिन्नू भैया" ने बताया कि कमेटी द्वारा मुनिसंघ को निमंत्रण प्रदान करते हुए क्षेत्र पर चल रहे कार्यों की जानकारी प्रदान की साथ ही आने वाले वर्षों के होने वाले महामस्तकाभिषेक और बड़े मेले को लेकर भी चर्चा की गई साथ ही गुरुदेव का इस क्षेत्र के अभी तक दर्शन नहीं हुए है तो निवेदन किया गया है ,साथ ही क्षेत्र की कार्य योजनाएं,किए जाने वाले कार्यों और अन्य कई विषयों पर चर्चा हुई साथ ही मुनि श्री ने भी कई दिशा निर्देश ट्रस्ट के पदाधिकारियों को प्रदान किए इस अवसर पर ट्रस्ट के प्रमुख ट्रस्टी जुगल किशोर पाटनी,मनोज गोधा अंजड़,जितेंद्र जैन बड़वानी,निलेश रावका मानवर,सुरेश गंगवाल सिंघाना आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष ने बूथ अध्यक्ष योगेश चित्ते के घर पर किया सहभोज



**बुरहानपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं निमाड़ संभाग प्रभारी सुरेश शर्मा तथा बुरहानपुर जिले के संगठन प्रभारी क्षितिज भट्ट ने लोकमान्य तिलक मंडल के बूथ अध्यक्ष योगेश चित्ते के निवास पर आत्मीय एवं पारिवारिक वातावरण में सहभोज किया। इस अवसर पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजू पाटील, पूर्व विधायक सुमित्रा कास्डेकर सहित पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला बुरहानपुर के सोशल मीडिया प्रभारी विनोद जाठौद 'भूरू भैया' ने जानकारी देते हुए बताया कि संगठन के वरिष्ठ नेताओं की कार्यकर्ताओं के घर सहभोज की यह परंपरा कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने और संगठन को परिवार भाव से जोड़ने का माध्यम है।

## प्रसव के बाद महिला की मौत पर हंगामा

**खरगोन।** जिला अस्पताल के मेटरनिटी वार्ड में शनिवार दोपहर हंगामा हुआ। यहां एक प्रसूता की प्रसव के बाद अचानक मौत होने से परिजन आक्रोशित हो गए। परिजनों ने उपचार में लापरवाही का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

# समीपस्थ ग्राम डालची में सामुदायिक भवनों के निर्माण का विधायक ने किया भूमिपूजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बेड़िया/सनावद



समीपस्थ ग्राम डालची में राजपूत समाज एवं नायक समाज के सामुदायिक भवनों के निर्माण का भूमिपूजन शुक्रवार को विधायक सचिन बिरला ने किया।

राजपूत समाज का सामुदायिक भवन 3 लाख रुपये की विधायक निधि तथा 5 लाख रुपये की जनपद अध्यक्ष निधि एवं नायक समाज का सामुदायिक भवन 5 लाख रु की विधायक निधि तथा 5 लाख रु की जनपद अध्यक्ष निधि से निर्मित किया जाएगा।

इस अवसर पर विधायक ने कहा कि सामुदायिक भवनों के निर्माण से धार्मिक, मांगलिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन में समाजजनों को बड़ी सहूलियत होगी।ग्रामवासियों ने सामुदायिक भवनों के निर्माण पर हर्ष व्यक्त किया। विधायक ने ग्राम डालची तथा आदिवासी ग्राम नूरू फाल्या के शासकीय प्राथमिक विद्यालयों का औचक निरीक्षण भी किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

विधायक ने कक्षाओं में जाकर बच्चों से आत्मीय संवाद किया। विधायक ने विद्यालय में बच्चों को मध्यान्ह भोजन में खिचड़ी के साथ कढ़ी नहीं दिए जाने पर नाराजगी व्यक्त की और विद्यालय प्रबंधन को मध्यान्ह भोजन के निर्धारित मेनू के अनुसार पौष्टिक भोजन तैयार करने के कड़े निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निमार्ता हैं। शिक्षक बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान दें। विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकों के ज्ञान के साथ-साथ नैतिक शिक्षा भी दी जानी चाहिए। विधायक ने ग्रामवासियों की मांग पर एनटीपीसी अधिकारियों को

नुरु फाल्या से मांझरिया माल तक सड़क निर्माण और नुरु फाल्या स्थित ईजीएस स्कूल में बच्चों को बैठने के लिए टेबल कुर्सी प्रदान करने के निर्देश दिए। विधायक ने विद्युत विभाग को धरती आबा योजना के अंतर्गत विद्युत पोल पर शीघ्र लाइन डालकर ग्राम मांझरिया माल में 24 घंटे विद्युत आपूर्ति के निर्देश भी दिए। इस दौरान जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि दिनेश साद,भाजपा नेता दिलीप पटेल,प्रहलाद पटेल, हरिकरण सरपंच,शोभाराम नायक, प्रेमलाल बिरला,संजय यादव, राजेंद्र मुछाला, बेनीराम पटल्या, लक्ष्मण नायक, ओमप्रकाश, कप्तान नायक, मोहन चावड़ा, राधुराम मुछाला,पप्पू दरबार, राधुराम नायक,प्रकाश नायक, लक्ष्मण नायक,सखाराम डाबर, प्रेमलाल सिसोदिया आदि उपस्थित थे।



## श्री रेवा गुर्जर बाल निकेतन कॉलेज में तीन दिवसीय दीक्षारंभ समारोह संपन्न

**सनावद।** श्री रेवा गुर्जर बाल निकेतन कॉलेज, सनावद में उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार 1 से 3 जुलाई तक नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनुराग गीते ने की तथा प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री राकेश पटेल के मार्गदर्शन में समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रबंध समिति के सचिव श्री ओम पाटिल एवं सदस्य श्री लेखराम पटेल की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह में विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020,अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों, छात्रवृत्ति योजनाओं, पुस्तकालय, प्रयोग शालाओं एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही एंटी-रैगिंग, महिला सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, करियर मार्गदर्शन, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, नशामुक्ति तथा सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशित विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। अंत में विद्यार्थियों को अनुशासन, नैतिक मूल्यों एवं उत्कृष्टता के साथ अध्ययन करने का संकल्प दिलाया गया।

## जनहित और विकास कार्यों में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगी-सांसद पाटिल

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर।



शनिवार को कलेक्टर कार्यालय में खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक हुई। बैठक में केंद्र-प्रदेश की योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई। सांसद ने दो टूक कहा कि जनहित और विकास कार्यों में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगी।

पीएम आवास, कृषि, उद्यानिकी, स्वास्थ्य, पीडब्ल्यूडी, ग्रामीण विकास, पेयजल, नगर निगम, विद्युत तथा किसानों से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। सांसद ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम डॉ. मोहन यादव का लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि पात्र हितग्राहियों तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से लाभ पहुंचे। बेहतर काम करने वाले अफसरों की सराहना कर प्रोत्साहन देने को भी कहा।

कुछ विभाग प्रमुखों की अनुपस्थिति पर सांसद ने कड़ी नाराजगी जताई। कलेक्टर को निर्देश दिए कि सूचना के बाद भी अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर कार्रवाई करें। सीएमएचओ डॉ. राजेंद्र कुमार वर्मा अवकाश पर होने के कारण अनुपस्थित रहे। उद्यानिकी विभाग की समीक्षा में सामने आया कि किसानों के खेतों में पॉली हाउस के पिलर 4 फीट की जगह सिर्फ 2 फीट गहराई तक लगाए गए। सांसद ने तकनीकी जांच कर एजेंसी पर कार्रवाई के निर्देश दिए। कहा, किसानों के मामले में गुणवत्ता से समझौता नहीं होगा।

जिला अस्पताल के शासकीय क्वार्टरों के आवंटन में वरिष्ठता सूची और नियमों का पालन नहीं होने का मामला उठा।

## ग्राम हंथिया में 5 जुलाई को भाजपा का सक्रिय सदस्य सम्मेलन का आयोजन होगा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व सदस्यता अभियान-2024 के सफल आयोजन के पश्चात भाजपा जिला खंडवा द्वारा 5 जुलाई (रविवार) को हथिया बाबा मे सक्रिय सदस्य सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन को कार्यकर्ताओं के 'महाकुंभ महोत्सव' के रूप में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें जिलेभर से भाजपा पदाधिकारी, सक्रिय सदस्य और कार्यकर्ता शामिल होंगे।

प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर के मार्गदर्शन मे सम्मेलन का आयोजन रविवार को प्रातः 11 बजे से हथिया बाबा, नेतांगांव (मांधाता विधानसभा) में होगा। कार्यक्रम के बाद कार्यकताओं के लिए आयोजन किया गया हें।

**वरिष्ठ नेताओं की रहेगी मौजूदगी**

प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया की सम्मेलन में भाजपा संगठन और सरकार के कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। इनमें प्रदेश उपाध्यक्ष एवं निमाड़ संभाग प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, कैबिनेट मंत्री कुंवर विजय शाह, खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, जिला प्रभारी अंबाराम कराड़ा, भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, मांधाता विधायक नारायण पटेल, खंडवा विधायक कंचन तनवे, पंधाना विधायक छाया मोरे, महापौर अमृता अमर यादव तथा जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी वानखेड़े प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।

**जिलेभर के कार्यकर्ताओं को आमंत्रण**

सम्मेलन में जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री, मोर्चा और प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ समिति के त्रिदेव, सक्रिय सदस्य तथा वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है। जिला महामंत्री धर्मेंद्र बजाज, सूरजपाल सिंह, संतोष सोनी ने सभी कार्यकर्ताओं से समय पर पहुंचकर सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की है। सुनील जैन ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य संगठन को और अधिक मजबूत करना, सक्रिय कार्यकर्ताओं का सम्मान करना तथा आगामी संगठनात्मक और राजनीतिक गतिविधियों की रणनीति पर चर्चा करना है।

## मानसून के मद्देनजर जिला स्तर पर बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष स्थापित

**बड़वानी।** कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह के निर्देशानुसार आगामी वर्षा ऋतु (जून से सितम्बर 2026) के दौरान संभावित अतिवृष्टि एवं बाढ़ की स्थितियों से निपटने के लिए जिला स्तर पर पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। आपदा जनित किसी भी प्रकार की क्षति से बचाव और त्वरित राहत कार्यों के संचालन हेतु कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 102 में जिला बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। यह नियंत्रण कक्ष दिनांक 1 जून 2026 से आगामी आदेश तक निरंतर 24 घंटे सतत रूप से कार्य करेगा। नागरिक आपातकालीन परिस्थितियों में या बाढ़ आपदा से जुड़ी सूचना देने के लिए नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 9111783632 पर संपर्क कर सकते हैं। तीन पारियों में तैनात रहेगा स्टाफनियंत्रण कक्ष के सुचारू संचालन के लिए मोटर बोट चालकों एवं कॉल सेन्टर एक्जीक्यूटिव्स की ड्यूटी तीन अलग-अलग पारियों (सुबह 6 से दोपहर 2 बजे, दोपहर 2 से रात्रि 10 बजे, तथा रात्रि 10 से सुबह 6 बजे तक) में लगाई गई है। इस पूरे कंट्रोल रूम के समन्वित संचालन एवं मार्गदर्शन की जिम्मेदारी जिला लोक सेवा प्रबंधक, बड़वानी श्रीमती शारदा सराफ को सौंपी गई है। आदेश के तहत तैनात सभी कर्मचारियों सौंपे गए दायित्वो का निर्वहन करेंगे एवं किसी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता नहीं बरतेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो चुका है।

## किशोर जन्मोत्सव की तैयारियां तेज,संस्कृति मंत्री लोधी ने दी आने की स्वीकृति

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खण्डवा

हरफनमौला गायक एवं अभिनेता किशोर कुमार की जन्मस्थली खण्डवा में उनके 96वें जन्मदिवस के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी किशोर सांस्कृतिक प्रेरणा मंच, खण्डवा द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर "वॉयस ऑफ खण्डवा" प्रतियोगिता, किशोर गौरव सम्मान एवं भव्य किशोर नाईट का आयोजन 4 अगस्त को जिला प्रशासन एवं नगर निगम के सहयोग से किया जाएगा। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर के प्रतिभागी अपनी गायन प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे।

मंच के अध्यक्ष रणवीर सिंह चावला के नेतृत्व में सचिव नारायण बाहेती, मंगलेश तोमर, अतुल अग्रिवाल, सचिन बाहेती सहित प्रतिनिधिमंडल भोपाल पहुँचा। मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग तथा खण्डवा के प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र लोधी के जल संवर्धन कार्यक्रम में होने से फोन पर कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए अतिथि के रूप में पधारने का आग्रह किया। मंत्री श्री लोधी ने 4 अगस्त को खण्डवा आकर कार्यक्रम में शामिल होने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान की।

प्रतिनिधिमंडल ने सहायक व संयुक्त कलेक्टर डॉ. जीवन एस. रजत को कार्यक्रम का आधिकारिक आमंत्रण पत्र सौंपा।

मंच के प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि 9 जुलाई को मंच की साधारण सभा आयोजित होगी। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष रणवीर सिंह चावला करेंगे तथा संरक्षक एवं कलेक्टर ऋषव गुप्ता के मार्गदर्शन में वॉयस ऑफ खण्डवा, किशोर गौरव सम्मान, किशोर नाईट एवं खण्डवा गौरव दिवस के अंतर्गत आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों की अंतिम रूपरेखा तय की जाएगी।

## पुनासा में घर से 20 हजार की चोरी

**खंडवा।** जिले के नर्मदानगर थाना क्षेत्र की पुनासा चौकी अंतर्गत बोरदड़ रैय्यत गांव में एक घर से अज्ञात चोर नकदी, मोबाइल फोन और एम्पलीफायर सहित करीब 20 हजार रुपये का सामान चोरी कर ले गए। फरियादी ओमकार अवासे की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

**जिलेभर में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई,**

**खंडवा।** पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाते हुए कोतवाली, मोघट रोड, मांधाता, धनगांव और किल्लौद थाना क्षेत्रों में कार्रवाई कर कई आरोपियों को गिरफ्तार किया।

# संस्था स्तर की काउंसलिंग हेतु पंजीयन प्रारंभ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा जारी ऑनलाइन काउंसलिंग समय-सारणी ( सत्र 2026-27 ) के अनुसार शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय बड़वानी में संस्था स्तर की काउंसलिंग के अंतर्गत ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया 4 जुलाई 2026 से प्रारंभ होकर 12 अगस्त तक चलेगी। इसके अंतर्गत इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथियों में ऑनलाइन पंजीयन कर महाविद्यालय में प्रवेश का अवसर प्राप्त कर सकते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य श्री कमलेश गुप्ता ने जिले एवं आसपास के सभी जिलों के विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से अधिक से अधिक संख्या में तकनीकी शिक्षा से जुड़ने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि संस्था स्तर की काउंसलिंग के माध्यम से रिक्त सीटों पर मेरिट के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश नोडल अधिकारी श्री तानिलाल ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था स्तर की काउंसलिंग के अंतर्गत प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को प्रातः 10.30 बजे से सायं 6.30 बजे तक प्रवेश की प्रक्रिया संचालित की जाएगी। अभ्यर्थियों को ऑन लाइन पंजीयन के उपरांत आवश्यक मूल दस्तावेजों के साथ महाविद्यालय में उपस्थित होना होगा।

## भारतीय किसान संघ जिला खंडवा की जिला बैठक संपन्न

**खंडवा।** भारतीय किसान संघ जिला खंडवा की जिला बैठक अनाज मंडी, खंडवा में प्रांत सह संगठन मंत्री दिनेश शर्मा, प्रांत उपाध्यक्ष रेवाराम एवं धर्मचंद गुर्जर की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में आगामी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (30 सितंबर) के अवसर पर दिल्ली में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर जिले से लगभग एक हजार महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में वर्ष 2027-28 की संगठनात्मक कार्ययोजना, संगठन विस्तार, ग्राम समितियों के सुदृढ़ीकरण तथा कार्यकताओं के प्रशिक्षण पर भी विस्तार से चर्चा हुई।

# अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर सहकार भारती ने उत्कृष्ट समितियों एवं उन्नत कृषकों का किया सम्मान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

सहकारिता के मूल मंत्र "बिन संस्कार नहीं सहकार, बिन सहकार नहीं उद्धार" को आत्मसात करते हुए सहकार भारती, जिला बड़वानी द्वारा शनिवार को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा बड़वानी के परिसर में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में सहकारिता क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली समितियों एवं उन्नत कृषकों का सम्मान किया गया।

मुख्य अतिथि सहकार भारती के राष्ट्रीय मंत्री दिलीप पाटील एवं मालवा प्रांत संगठन मंत्री धर्मेंद्र दांगी ने कहा कि सहकारिता भारतीय संस्कृति का मूल भाव है।

प्रधानमंत्री के "सहकार से समृद्धि" के संकल्प को साकार करने में सहकारी संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि सहकारिता के माध्यम से किसान, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और समाज को नई शक्ति मिलती है तथा "बिन सहकार नहीं उद्धार" का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ओम यादव, अध्यक्ष, एफपीओ, आदिम जाति सहकारी संस्था, बड़वानी ने की। विशिष्ट अतिथि आशा कुमरावत, प्रदेश सह महिला प्रमुख, सहकार भारती, राजेंद्र भावसार, जिला पैक्स प्रमुख, सहकार भारती तथा संगीता लोह, जिला महिला प्रमुख, सहकार भारती मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सहकार भारती गीत से हुआ, जिसका नेतृत्व आशा कुमरावत ने किया। मनोज यादव ने अतिथियों का परिचय एवं स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए सहकारिता आंदोलन की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

पैक्स आशापुर, पैक्स घूघरियाखेड़ी, पैक्स गोगांव, पैक्स बोरलाय, पैक्स जामली एवं पैक्स ओझर को उनकी उत्कृष्ट कार्यप्रणाली के लिए आगामी समय में नई दिल्ली में सम्मान किया जाएगा। इसके साथ ही सहकारी संस्था बड़वानी, बोरलाय, सोंदुल, तलवाड़ा बुजुर्ग, भवती, सिलवाद, मेनीमाता, चिखलिया, अंजड़ एवं मंडवाड़ा का भी उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मान किया गया। कार्यक्रम में उन्नत कृषकों को भी सम्मानित कर उनके नवाचार एवं कृषि क्षेत्र में योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम का संचालन संजय शर्मा, शाखा प्रबंधक, ने किया।

## विद्यार्थी मनमानी छोड़कर कर्तव्य पथ पर चलें तो नहीं होगा भटकाव

**उज्जैन।** शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए आयोजित दीक्षारंभ कार्यक्रम का समापन मध्यप्रदेश गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष ओम जैन के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि निरंतरता, गंभीरता, लक्ष्य के प्रति एकाग्रता और विनम्रता विद्यार्थी जीवन के लिए अति आवश्यक है। मनमानी न करते हुए प्रासंगिक कर्तव्य करेंगे तो जीवन में भटकाव नहीं होगा। महाविद्यालय के पूर्व छात्र रहे श्री जैन ने विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव भी साझा किए और उनके साथ परिसर में पौधारोपण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो. हरीश व्यास ने विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम के अध्ययन के साथ ही मानवीय और संस्कारयुक्त बनने के लिए प्रेरित किया। प्रवेश समिति संयोजक प्रो. दीपेंद्र रघुवंशी ने बताया कि इस वर्ष गत वर्ष की तुलना में बेहतर प्रवेश हुए हैं। विगत तीन दिनों में विद्यार्थियों को महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया गया। इसमें एनएसएस और एनसीसी का परिचय अधिकारी प्रो. आयुषी पालीवाल एवं प्रो. प्रमिला बघेल ने दिया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति और परीक्षा प्रणाली की जानकारी प्रो. कुम्भकार ने दी। सांस्कृतिक व साहित्यिक गतिविधियों की जानकारी हिंदी विभागाध्यक्ष द्वारा दी गई। खेलकूद की जानकारी स्पोर्ट्स अधिकारी, छात्रवृत्ति की जानकारी प्रो. जीवनसिंह सोलंकी, पर्यावरण संरक्षण, मतदाता जागरूकता व लैंगिक समानता की जानकारी दी।

## न्यूज -कॉलम

### मेघनगर से 24 घंटे बाद मिली लापता हुई दो बालिका

**उज्जैन।** थांदला से मजदूरी करने उज्जैन आए परिवार की दो बालिका नीलगंगा थाना क्षेत्र की निमार्णाधीन बिल्डिंग से लापता हो गई थी। परिजनों ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई। मामला 15 साल और 13 साल की बालिका से जुडा होने पर पुलिस में तकनीकी साक्ष्य के आधार पर तलाश शुरू की। एक बालिका इंस्टाग्राम चलाती थी जिसका डेटा खंगाला गया। पता चला कि झाबुआ के मेघनगर में रहने वाले युवक के संपर्क में थी। लोकेशन के आधार पर पुलिस मेघनगर पहुंची और 24 घंटे में दोनों बालिकाओं को सुरक्षित दस्तयाब कर लिया। दोनों बालिका के साथ पुलिस युवक को भी उज्जैन लेकर आई है। बालिकाओं के बयान दर्ज किए गए हैं। फिलहाल दोनों के साथ कुछ गलत होना सामने नहीं आया है। एएसआई उधमसिंह राठौड ने बताया कि दोनों बालिकाओं की काउंसलिंग कराई जा रही है। सिर्फ इतना सामने आया कि 15 वर्षीय बालिका की पहचान इंस्टाग्राम पर हुई थी। युवक भी मजदूरी करता है। 2 दिन पहले युवक उज्जैन आया था और दोनों बालिकाओं को अपने साथ ले गया था। युवक भी नाबालिग होना सामने आया है इसके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### नजरपुर से गिरफ्त में आया ड्रग्स सप्लाय करने वाला

**उज्जैन।** सावराखेडी पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास से गुरुवार को पुलिस ने ऑटो क्रमांक एमपी 13 आर 5205 में सवार बेगमपुरा के रहने वाले शादाब खान और दाऊद खान को गिरफ्तार किया था। जिनके पास से 112.35 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की गई थी। दोनों को रिमांड पर लिया गया था। पूछताछ में नजरपुर के युवक द्वारा ड्रग्स उपलब्ध कराना बताया गया था। शुक्रवार-शनिवार रात पुलिस की टीम नजरपुर पहुंची और ड्रग्स सप्लाई करने वाले रमजान पिता अजमेरी शाह 30 साल को गिरफ्तार कर उज्जैन लाई। पूछताछ में पता चला कि राजस्थान का युवक नजरपुर आकर उसे ड्रग्स उपलब्ध कराता था। रमजान से उसके संबंध में स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई। शनिवार दोपहर ड्रग्स के साथ पकडे दोनों युवक और सप्लाय करने वाले को न्यायालय में पेश किया गया जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

### गाय से टकराकर घायल हुये बैंककर्मी की मौत

**उज्जैन।** आदर्शनगर में रहने वाला तबरेज पिता इकबाल अंसारी ग्राम कनसिया स्थित भारतीय स्टेट बैंक में हेड क्लर्क था। चार दिन पहले सुबह के समय वह महानंदानगर स्थित स्विमिंगपूल आया था। जहां से वापस लौटते समय सर्किट हाउस के सामने बाइक के सामने गाय आ गई थी। टकराने पर वह गंभीर रूप से घायल हुआ था जिसे निजी अस्पताल से इंदौर रैफर किया गया था। बॉम्बे हॉस्पिटल में चले उपचार के बाद शुक्रवार-शनिवार रात तबरेज की मौत हो गई। गाय से बाइक टकराने का एक हादसा शुक्रवार रात तराना में हुआ। माकड़ोन के ग्राम नांदेड में रहने वाला रामबाबू 28 साल अपनी भाभी को लेने तराना तोबडीखेड़ा जा रहा था। गंभीर चोट लगने पर उसे तराना से उज्जैन चरक अस्पताल रैफर किया गया है।

### बिजली ऑपरेटर और चौकीदार की करंट से मौत

**उज्जैन।** बिजली विभाग में ग्रिड ऑपरेटर और चौकीदार की करंट लगने से हुई मौत के दो मामले सामने आए हैं। दोनों घटना में नीलगंगा थाना पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया है। पहला मामला इंदौररोड स्थित ग्राम पंथपिपलाई का था। यहां पर सुनील पिता चंपालाल सोलंकी 32 वर्ष ग्राम किठोदा सांवेर बिजली संधारण कार्य के लिए पोल पर चड़ा था अचानक करंट का झटका लगने पर नीचे गिर गया था। उसे 2 दिन पहले निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां शुक्रवार रात उसकी मौत हो गई। परिवार ने बिजली कंपनी के अधिकारी और ठेकेदार पर लापरवाही के आरोप लगाए। दूसरा मामला ग्राम दाऊदखेडी से सामने आया। यहां पर लीलाधर पिता मांगीलाल 60 वर्ष निवासी ग्राम गुदरिया बर्मा सीहोर खेत पर चौकीदारी का काम करता था। रात में बारिश की वजह से खेत में पानी भर गया था इस दौरान वह पैदल घूम रहा था तभी उसे करंट लगा और उसकी मौत हो गई। दोनों मामलों में पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे और मामले की जांच शुरू की है।

### कच्ची शराब बेचने निकला ताजपुर का युवक पकड़ाया

**उज्जैन।** हाथभट्टी पर बनी कच्ची शराब बेचने निकले युवक को सर्कल भ्रमण के दौरान पंवासा थाना प्रधान आरक्षक शेखर हरियाला ने गरोठ ब्रिज के नीचे पुरानी कलाली के पास से पकडा। उसके पास से प्लास्टिक की केन में भरी 5 लीटर कच्ची शराब मिली है। प्रधान आरक्षक के अनुसार आरोपी का नाम विनोद उर्फ रावण पिता हरदेव कुमावत 35 साल निवासी लखेडा मोहल्ला ताजपुर है। शनिवार को कोर्ट पेश कर जेल भेजा गया है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| दिन | 347-4 | | 117-9 |
| मेन बाजार | | | |
| कल्याण नाइट | | | |
| मिलन डे | 450-9 | | 149-4 |
| मिलन नाइट | 690-5 | | 146-1 |
| मधुर डे | 356-4 | | 290-1 |
| मधुर नाइट | 168-5 | | 700-1 |
| शुभांक | 3 | 7 | 4 |

# चंबल नदी से मिला ग्राम सहायक सचिव का शव

## 36 घंटे तक चली सर्चिंग, 5 घंटे बाद मिली थी बाइक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नाले पर बनी पुलिया पार करते समय पानी के तेज बहाव में डूबे ग्राम पंचायत सहायक सचिव का शव 36 घंटे की सर्चिंग के बाद चंबल नदी से शनिवार सुबह मिल गया। सहायक सचिव 4 बच्चों का पिता था।

इंगोरिया थाना क्षेत्र ग्राम गावडी लोधा में रहने वाला सूर्यप्रताप पिता करतारसिंह सोनगरा ग्राम में पंचायत सहायक सचिव था। गुरूवार देर शाम पंचायत से घर लौटते समय गांव के रास्ते पर बनी पुलिया पार करते समय पानी के तेज बहाव में बाइक सहित नाले में गिर गया था। ग्रामीणों ने उसे डूबते देखा तो पुलिस और परिजनों को सूचना दी थी। रात 8 बजे के लगभग हुई घटना के बाद थाना प्रभारी दिपेश व्यास, एएसआई दिनेश निनामा टीम के साथ पुलिया पर पहुंचे थे और स्थानीय गोताखोरों की मदद से सर्चिंग शुरू की थी, पानी का बहाव तेज होने पर



कुछ पता नहीं चल पा रहा था। रात में अंधेरा काफी गहरा गया था, इस बीच डेढ बजे के लगभग उसकी बाइक का पता चल गया था। शुक्रवार सुबह 6 बजे उज्जैन से होमगार्ड की एनडीआरएफ टीम ने पहुंचकर सर्चिंग शुरू




की थी, लेकिन रात 10 बजे तक कुछ पता नहीं चला।

नाला चंबल से मिलता है, शनिवार सुबह 7 बजे होमगार्ड टीम ने चंबल नदी में 2 किलोमीटर आगे सर्चिंग शुरू की, 9 बजे के लगभग सहायक सचिव का शव मिल गया। होमगार्ड डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट संतोष कुमार जाट ने बताया कि 12 सदस्यों की टीम 2 दिनों से सभी जरूरी संसाधनों के साथ सर्चिंग अभियान में लगी थी।

### मन्नत के बाद 8 माह पहले हुआ पुत्र

इंगोरिया थाना प्रभारी दिपेश व्यास ने बताया कि शव मिलने के बाद मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों से चर्चा में सामने आया कि सूर्यप्रताप 4 बच्चों का पिता था। उसकी 3 बेटियां थी, पुत्र के लिये काफी मन्नत की थी, 8 माह पहले पुत्र का जन्म हुआ था। परिवार के माता-पिता और एक भाई है। सूर्यप्रताप सिंह मिलनसार था। घटना से पहले उसने गांव के एक युवक को अपनी बाइक पर लिफ्ट भी दी थी और उसे उतारने के बाद काफी देर तक बातचीत भी करता रहा था। उसके बाद नाले पर बनी पुलिया से अपने घर की ओर जा रहा था, लेकिन तेज बहाव में डूब गया था।

# 9 साल बाद गिरफ्त में आया ईट कंपनी का अकाउंडेंट

## 40 लाख की ठगी करने वाले पिता-पुत्र अब भी फरार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ईंट का सौदाकर 40 लाख की धोखाधडी के मामले में 9 साल बाद ईंट कंपनी के अकाउंटेंट को अहमदाबाद से गिरफ्तार कर उज्जैन लाया गया है। रिमांड पर पूछताछ के बाद उसे शनिवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया।

धोखाधडी में शामिल कंपनी के संचालक पिता-पुत्र अब भी फरार है। माधवनगर थाना पुलिस ने पिछले वर्ष 25 सितंबर को दमदमा स्थित वीएससी कंपनी के संचालक मुकेश कुमार व्यास की शिकायत पर अहमदाबाद की वीके ब्रिक्स कंपनी के संचालक पिता-पुत्र यशवंत प्रजापत और मेहूल प्रजापत के साथ कंपनी के अकाउंटेंट हिमांशु गौर के खिलाफ 40 लाख की धोखाधडी का प्रकरण दर्ज किया था। मुकेश कुमार व्यास ने शिकायत में बताया था कि वह मूलरूप से गुजरात अहमदाबाद का रहने वाला है। वर्तमान में उज्जैन से अपनी कंपनी संचालित कर रहा है। वर्ष 2017 में उसने अपनी कंपनी के लिये 5 लाख ईंट का सौंदा (8 रूपये



प्रतिनग) अहमदाबाद की वीके ब्रिक्स कंपनी के संचालक यशवंत प्रजापत और उसके पुत्र मेहूल प्रजापत से किया था। 40 लाख रूपये भी दिये थे। पिता-पुत्र ने अकाउटेंट हिमांशु के माध्यम से ईंट भेजने की बात कहीं थी। हिमांशु ने फर्जी बिल बनाकर भेजे थे, लेकिन ईंट नहीं मिल पाई। कई बार संपर्क करने के बाद भी पिता-पुत्र और अकाउटेंट सही जवाब नहीं दे रहे है। उन्होने 40 लाख की धोखाधडी की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की थी और 8 साल बाद मामले में धोखाधडी का प्रकरण दर्ज किया था। लेकिन वीके ब्रिक्स कंपनी के तीनों आरोपी लगातार फरार होना सामने आ रहे है। कुछ दिन पहले खबर मिलने पर माधवनगर थाना सहायक उपनिरीक्षक एमएस अलावा की टीम को अहमदाबाद रवाना किया गया। जहां से अकाउंटेंट हिमांशु को गिरफ्तार कर उज्जैन लाया गया। जिसे पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया, इस दौरान सामने आया कि कंपनी संचालक यशवंत प्रजापत और मेहूल प्रजापत ने फर्जी बिल बनाने के लिये कहा था, उसने बिल तैयार कर भेजे थे। उससे फरार पिता-पुत्र की जानकारी ली गई और दोबारा टीम उनकी तलाश में अहमदाबाद पहुंची, लेकिन दोनों फरार होना सामने आये। शनिवार को अकाउटेंट हिमांशु को रिमांड खत्म होने पर कोर्ट पेश किया। न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

### बस का पीछा करते वक्त कार से टकराई बाइक

**उज्जैन।** रात में बस छूट जाने पर उसे पकडने के लिये बाइक से पीछा कर रहे 2 लोग उन्हेल मार्ग पर कार से टकरा गये। दोनों को गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया, जहां एक की मौत होना सामने आया। दूसरे का उपचार चल रहा है।

भैरवगढ़ थाना पुलिस ने बताया कि रात में उन्हेल मार्ग पर बाइक और कार के बीच टक्कर होने की खबर मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची थी। बाइक सवार 2 लोग गंभीर घायल थे, जिन्हे एम्बुलेंस से चरक अस्पताल पहुंचाया गया। कुछ देर बाद पता चला कि घायलों में शामिल एक की मौत हो चुकी है। पुलिस अस्पताल पहुंची और घायल से पूछताछ की। उसका नाम लालसिंह निवासी शाजापुर सामने आया। मृतक गणपत पिता बाबूसिंह 35 साल निवासी जोधपुर राजस्थान था। घायल ने बताया कि दोनों मक्सी टाईल्स फैक्ट्री में काम करते है। गणपत अपने घर राजस्थान जा रहा था उसे नानाखेडा बस स्टेंड छोडने आया था, लेकिन वीडियो कोच बस निकल चुकी थी। उसी को पकडने के लिये बाइक से पीछा करने का प्रयास कर रहे थे। रात में मृतक के परिजनों को सूचना दी गई। शनिवार सुबह उनके आने पर पोस्टमार्टम कराया गया। दुर्घटना के बाद चालक कार लेकर मौके से भाग निकला था। जिसका पता लगाने के लिये दुर्घटनास्थल के आसपास लगे कैमरों के फुटेज देखे जायेगें।

### बदबू आने पर कुएं में मिला गोवंश, 4 आरोपी हिरासत में



**उज्जैन।** खेत में बने कुएं से बदबू आने पर किसान की सूचना पर पुलिस पहुंची और कुएं की तलाशी ली तो प्लास्टिक की पॉलिथीन में भरा गोवंश बरामद हो गया। मामला गौ हत्या से जुदा होने पर पुलिस ने पड़ताल शुरू की और कुछ घंटे में ही चार आरोपियों को हिरासत में ले लिया।

उन्हेल थाना उपनिरीक्षक मांगीलाल मालवीय ने बताया कि शनिवार दोपहर ग्राम बेजनावदा खेडी रोड पर खेत में बने कुएं से बदबू आने पर किसान परमानंद द्वारा मामले की सूचना पुलिस को दी गई थी। पुलिस मौके पर पहुंची और कुएं की तलाशी ली गई। जिसमें से एक प्लास्टिक की थैली बाहर निकली गई। थैली में गाय के बछड़े का कटा हुआ सिर और पैर होना सामने आए। मामला गौ हत्या का होने पर जांच शुरू की गई। इस दौरान जानकारी मिली कि कुछ युवक दो-तीन दिन पहले क्षेत्र में दिखाई दिए थे। पुलिस ने उनकी तलाश शुरू की और कुछ घंटे बाद ही मथ्थू पिता मंजू खान उर्फ बकरी वाला, निवासी पाटन 32 वर्ष, उसके पुत्र बालअपचारी, के साथ राशीद मेमन पिता मोहम्मद उस्मान शाह 32 वर्ष निवासी कस्बा उन्हेल और उसके 16 वर्षीय पुत्र को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में चारों ने गाय का बछड़ा खरीद कर उसका वध करने और मांस बेचने की बात कबूल कर ली। आरोपियों ने बताया कि तीन-चार दिन पहले बछड़ा काटकर उसका सिर और पैर कुएं में फेक थे। उपनिरीक्षक के अनुसार चारों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है रविवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# 22.49 क्विंटल मादक पदार्थ का नष्टीकरण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

संभाग के चार जिलों में पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ के 117 प्रकरण दर्ज किए गए थे। जिसमें 22.49 क्विंटल मादक पदार्थ 1.80 करोड रुपए का जप्त किया गया था। चारों जिलों में जप्त मादक पदार्थ का नष्टिकारण किया गया है।

पुलिस विभाग की ओर से मिली जानकारी अनुसार प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान में संभाग की पुलिस लगातार अवैध मादक पदार्थ का कारोबार करने वालों को गिरफ्तार कर मादक पदार्थ बरामद करने की कार्रवाई कर रही है। पिछले कुछ साल में उज्जैन, देवास, शाजापुर एवं आगर-मालवा जिलों के कुल 117 प्रकरणों में लगभग 22 क्विंटल 45 किलो 915 ग्राम मादक पदार्थ पुलिस द्वारा जप्त किया गया था। जिसकी अंतर्राष्ट्रीय कीमत 1.80 करोड़ थी। सभी प्रकरणों में न्यायालय प्रक्रिया पूरी होने के बाद मादक पदार्थ को नष्ट



करने की कार्रवाई की गई है। उक्त कार्यवाही में जिला उज्जैन के 39 प्रकरणों में जब्त 3 क्विंटल 66 किलो 988 ग्राम मादक पदार्थ नष्टीकरण किया गया है। एक प्रकरण में जब्त 902 ग्राम अफीम को नियमानुसार सुरक्षित भंडारण के लिए अधिकृत भंडारण केंद्र में जमा कराया गया। बड्रग विनष्टीकरण समिति द्वारा एनडीपीएस एक्ट के 112 प्रकरणों में जब्त 2245.915 किलोग्राम मादक पदार्थों को विक्रम सीमेंट फैक्ट्री, खोर-नयागांव (जिला नीमच) की उच्च तापमान वाली भट्टी में पर्यावरणीय मानकों का पालन करते हुए पूर्णत: नष्ट किया गया। वहीं 5 गंभीर प्रकरणों में जब्त 3.967 किलोग्राम अफीम को सुरक्षित भंडारण हेतु नीमच स्थित अल्कालाइड फैक्ट्री में जमा कराया गया। कार्रवाई को पुलिस उप महानिरीक्षक, उज्जैन रेंज एवं अध्यक्ष, ड्रग विनष्टीकरण समिति नवनीत भसीन के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उज्जैन के वैज्ञानिक अधिकारी एस.के. गुप्ता की उपस्थिति में विधिसम्मत रूप से संपन्न कराई गई।

# मोबाइल से हुई क्षिप्रा नदी में डूबे युवक की पहचान

## उ.प्र. का था रहने वाला, अहमदाबाद था जाना

**उज्जैन।** शिप्रा नदी से मिली युवक की लाश की पहचान उसके पास मिले मोबाइल के आधार से कर ली गई। युवक उत्तरप्रदेश का रहने वाला था और अहमदाबाद जाने का बोलकर घर से निकला था। परिजन पोस्टमार्टम के बाद शव उत्तरप्रदेश लेकर गए हैं।

महाकाल थाना प्रधान आरक्षक वासुदेव रावल ने बताया कि शुक्रवार को शिप्रा नदी में एक युवक की लाश बहती हुई कुछ लोगों द्वारा देखी गई थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने गुरुद्वारा घाट के पास से युवक की लाश बाहर निकाल ली थी। लाश 2 दिन पुरानी प्रतीत हो रही थी उसके पास से पहचान का कोई दस्तावेज नहीं मिला लेकिन जेब में रखा मोबाइल बरामद हुआ था। पानी में डूबने से मोबाइल बंद हो गया था जिसकी सिम कार्ड को दूसरे मोबाइल में डालकर उसमें दर्ज नंबरों पर कॉल किए गए। जिसके आधार पर पता चला कि मृतक युवक कल्लू पिता चंद्रभान गौतम 26 साल निवासी लोहरोली ठुकराई संत कबीर नगर उत्तरप्रदेश का रहने वाला है। खबर मिलने पर शनिवार सुबह उत्तरप्रदेश से चचेरा भाई और कुछ रिश्तेदार उज्जैन पहुंचे जिनकी मौजूदगी में पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया। चचेरे भाई अमरजीत ने बताया कि वह उत्तरप्रदेश से अहमदाबाद में रहने वाली जीजा के यहां जाने का बोलकर निकला था। 2 दिन से उसका मोबाइल भी बंद आ रहा था। वह अहमदाबाद भी नहीं पहुंचा था। कल्लू मजदूरी करता था। पोस्टमार्टम के बाद शव उत्तर प्रदेश ले जाया गया है। प्रधान आरक्षक रावल के अनुसार शिप्रा का जलस्तर बड़ा होने की वजह से मृतक की बॉडी बहती हुई गुरुद्वारा घाट तक पहुंची है। लेकिन यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि वह अहमदाबाद के लिए निकला था उज्जैन क्यों पहुंचा, यह जांच का विषय बन गया है।

# देवास में संदिग्ध आतंकी की गिरफ्तारी के बाद महाकाल मंदिर की सुरक्षा बढ़ाने की मांग

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को लिखा पत्र, महाकाल मंदिर में सीआरपीएफ तैनाती और अतिरिक्त पुलिस बल की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

देवास में जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े एक संदिग्ध आतंकी की गिरफ्तारी के बाद विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। इस घटनाक्रम के बाद उज्जैन सांसद अनिल फिरोजिया ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तथा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर महाकाल मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने की मांग की है। उन्होंने मंदिर परिसर में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की तैनाती का अनुरोध दोहराया है।

सांसद फिरोजिया ने अपने पत्र में कहा कि श्री महाकालेश्वर मंदिर देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों में शामिल है, जहां प्रतिवर्ष करोड़ों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। वर्ष 2028 में आयोजित होने वाले सिंहस्थ महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं की संख्या कई गुना बढ़ने की संभावना है। ऐसे में मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को अभी से राष्ट्रीय स्तर के मानकों के अनुरूप मजबूत किया जाना आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि लगभग तीन महीने पहले भी उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर महाकाल मंदिर में



सीआरपीएफ की तैनाती की मांग की थी। इसके बाद केंद्र सरकार की एक टीम उज्जैन पहुंची थी, जिसने मंदिर परिसर, प्रवेश मार्गों और मौजूदा सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया था। टीम ने स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था का विस्तृत आकलन भी किया था। सांसद ने कहा कि देवास से संदिग्ध आतंकी की गिरफ्तारी और उसके विभिन्न राज्यों से जुड़े नेटवर्क की जानकारी सामने आने के बाद धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।

उन्होंने बताया कि इस संबंध में उज्जैन रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) से भी चर्चा की गई है तथा महाकाल मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने का आग्रह किया गया है। साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से अतिरिक्त पुलिस बल उपलब्ध कराने की मांग भी की गई है, क्योंकि गृह विभाग का प्रभार भी उनके पास है।

## भोग हमारा शिक्षक



पुरुष (परमपुरुष) अनंत स्वरूप है। पुरुष को अस्तित्ववान नहीं कहा जा सकता, क्योंकि वह स्वयं अस्तित्व स्वरूप है। आत्मा को ज्ञानवान नहीं कहा जा सकता, क्योंकि आत्मा स्वयं ज्ञान स्वरूप है। वह प्रेम नहीं करता, क्योंकि वह स्वयं प्रेम स्वरूप है। आत्मा को अस्तित्ववान, ज्ञानवान या प्रेममय कहना सर्वथा भूल है। प्रेम, ज्ञान और अस्तित्व पुरुष के गुण नहीं, वे तो उसका स्वरूप हैं। जब वे किसी वस्तु में प्रतिबिंबित होते हैं, तब चाहो तो उन्हें उस वस्तु के गुण कह सकते हो। वे पुरुष के गुण नहीं, वे तो उस महान आत्मा, उस अनंत पुरुष का स्वरूप हैं, जिसका न जन्म है, न मृत्यु और जो अपनी महिमा में विराजमान है। माया के बीच, इस स्वप्नमय जगत के बीच हमारी अजीब दशा हो गई है। यहां केवल रोना, केवल दुख, केवल हाहाकार है! अजीब तमाशा है यहां का। यहां सोने के कुछ गोले लुढ़का दिए जाते हैं और सारा संसार उनके लिए पागलों के समान दौड़ पड़ता है। तुम कभी भी किसी नियम से बद्ध नहीं थे। प्रकृति का बंधन तुम पर किसी काल में नहीं था। योगी तुम्हें यही शिक्षा देते हैं; धैर्यपूर्वक इसको सीखो।

योगी यह दिखा देते हैं कि पुरुष किस प्रकार इस प्रकृति के साथ अपने को मिलाकर- अपने को मन और जगत के साथ एकरूप करके- दुखी समझने लगता है। योगी यह भी कहते हैं कि अनुभव के माध्यम से ही इस दुखमय संसार से छुटकारा पाने का उपाय है। यह सब अनुभव प्राप्त करना ही होगा, अतएव जितनी जल्दी वह कर लिया जाए, उतना ही शुभ है।

हमने अपने आपको इस जाल में फंसा लिया है। हमें इसके बाहर आना होगा। हम स्वयं इस फंदे में फंस गए हैं और अब अपने ही प्रयत्न से उससे मुक्ति प्राप्त करनी पड़ेगी। अतएव, पति-पत्नी संबंधी, मित्र संबंधी तथा और भी जो सब छोटी-छोटी प्रेम की आकांक्षाएं हैं, सभी का अनुभव पा लो। यदि अपना स्वरूप तुम्हें सदा याद रहे, तो तुम शीघ्र निर्विघ्न पार हो जाओगे। यह कभी न भूलना कि यह अवस्था बिल्कुल अल्प समय के लिए है और हमें इसके भीतर से बाध्य होकर जाना पड़ रहा है। भोग, अर्थात सुख-दुख का यह अनुभव ही हमारा एकमात्र महान शिक्षक है, लेकिन स्मरण रहे, ये केवल अनुभव मात्र हैं; वे क्रमशः हमें एक ऐसी अवस्था में ले जाते हैं, जहां संसार की समस्त वस्तुएं बिल्कुल तुच्छ हो जाती हैं। तब पुरुष विश्व-व्यापी विराट के रूप में प्रकाशित हो जाता है और यह सारा विश्व सिंधु में एक बिंदु सा प्रतीत होने लगता है और अपनी ही इस क्षुद्रता के कारण- इस शून्यता के कारण- न जाने कहां विलीन हो जाता है। सुख-दुख का भोग तो हमें करना ही पड़ेगा, पर स्मरण रहे, हम अपना चरम लक्ष्य कभी न भूलें।

**सम्पादकीय**

# भविष्य निधि की चिंताएं

कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) योजना 2026 के लागू होते ही चर्चाओं का बाजार गर्म होना स्वाभाविक है। हर कोई इसकी लाभ-हानि को समझ लेना चाहता है, पर इसके लिए सबसे जरूरी है कि भविष्य निधि की वेबसाइट सही ढंग से काम करे और उठ रहे तमाम सवालों के जवाब खुद दे। नई योजना के तहत भविष्य निधि संबंधी कई नियमों को शिथिल कर दिया गया है। सबसे बड़ी सुविधा यह हुई है कि इस निधि के उपयोग को कर्मचारियों के लिए आसान बना दिया गया है। मतलब, लोगों को अपने पैसे के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। यह एक बड़ा बदलाव है, केंद्र सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 के क्रियान्वयन के तहत अधिसूचित यह योजना पूर्ववर्ती ईपीएफ योजना 1952 का स्थान ले चुकी है। निस्संदेह, पारदर्शिता बढ़ेगी और कागजी कार्रवाई में कमी आएगी। ईपीएफ योजना 2026 के तहत आप अपनी भविष्य निधि में 25 प्रतिशत राशि छोड़ते हुए, शेष धन का तय जरूरतों के लिए उपयोग कर सकेंगे। यह मांग लंबे समय से हो रही थी।

जहां वर्तमान में भविष्य निधि के उपयोग की सुविधा बढ़ी है, वहीं कुछ चिंताओं में भी इजाफा हुआ है। कर्मचारियों को सचेत रहना होगा कि भविष्य या बुढ़ापे के लिए भविष्य निधि में धन बचा रहे। एक बड़ी चिंता पीएफ कटौती को लेकर है। कटौती के मोर्चे पर कुछ ज्यादा ही उदारता बरती गई है। न्यूनतम कटौती 1,800 रुपये तय की गई है, यदि कोई इससे ज्यादा कटौती चाहता है, तो स्वैच्छिक होगा। पहले की व्यवस्था के अनुसार, बेसिक वेतन का 12 प्रतिशत पीएफ में जाता था। अब 12 प्रतिशत की बाध्यता 15,000 रुपये वेतन तक सीमित हो गई है। यहां एक और पहलू की चर्चा है, यदि कोई कर्मचारी 1,800 रुपये से ज्यादा की कटौती कराना चाहता है, तो वह ऐसा कर सकता है, पर उतना ही अंशदान करने के लिए नियोक्ता बाध्य नहीं होंगे। यहां नियोक्ता की इच्छा को तरजीह दी गई है। वैसे, निजी नियोक्ताओं पर खास असर नहीं पड़ेगा, क्योंकि उनकी ओर से किया जाने वाला पीएफ अंशदान वास्तव में कर्मचारी की सीटीसी अर्थात समग्र वेतन का हिस्सा होता है। हालांकि, सरकार इस मामले में फायदे में रहेगी।अंशदान कम होगा, तो ब्याज की राशि भी कम होगी, उदारीकरण की नीतियों के अनुरूप सरकार का बोझ घटेगा। क्या 8 करोड़ कर्मचारी-अधिकारी इससे प्रभावित होंगे? अनुमान के अनुसार, इसमें न्यूनतम वेतन अर्थात 15,000 रुपये वाले कर्मचारियों की संख्या ज्यादा होगी, जिन पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

**श्रद्धालुओं के विश्वास की चोरी**

# आस्था की चौखट पर धन चोरी का अपराध





प्रियंका सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

भारत की सांस्कृतिक पहचान केवल उसके इतिहास, भाषाओं और परंपराओं से नहीं बनती, बल्कि उन आस्था-स्थलों से भी निर्मित होती है जिन्होंने सदियों से समाज को नैतिकता, सहअस्तित्व और सामुदायिक एकता का संदेश दिया है। मंदिर केवल पूजा-अर्चना के स्थान नहीं हैं; वे विश्वास, संस्कृति, लोकजीवन और सामाजिक सहभागिता के जीवंत केंद्र हैं। यहां लोग केवल ईश्वर के दर्शन करने नहीं आते, बल्कि अपने सुख-दुख साझा करने, मन की शांति पाने और जीवन के संघर्षों में आशा का संबल प्राप्त करने आते हैं। यही कारण है कि जब किसी मंदिर में चोरी होती है, तो उसका प्रभाव केवल आर्थिक नुकसान तक सीमित नहीं रहता। यह करोड़ों लोगों की आस्था, सामाजिक विश्वास और सांस्कृतिक चेतना पर सीधा आघात होता है।

बीते कुछ वर्षों में देश के विभिन्न हिस्सों से मंदिरों में दानपेटियां तोड़ने, नकदी चुराने, बहुमूल्य आभूषण गायब करने, प्राचीन मूर्तियों की तस्करी करने और धार्मिक सामग्री की चोरी जैसी घटनाएं लगातार सामने आती रही हैं। कई मामलों में अपराधियों ने आधुनिक तकनीक का उपयोग किया, जबकि कई घटनाओं में अंदरूनी मिलीभगत की आशंका भी सामने आई। यह स्थिति केवल कानून-व्यवस्था का प्रश्न नहीं है, बल्कि इस बात का संकेत भी है कि समाज के नैतिक मूल्यों और धार्मिक संस्थाओं की सुरक्षा व्यवस्था में कहीं न कहीं गंभीर कमी रह गई है। जिस स्थान को लोग सबसे सुरक्षित और पवित्र मानते हैं, यदि वही अपराधियों के लिए आसान लक्ष्य बनने लगे, तो यह पूरे समाज के लिए चिंता का विषय है।

मंदिरों में चोरी को सामान्य संपत्ति-अपराध की श्रेणी में रखकर उसकी गंभीरता को कम नहीं आंका जा सकता। किसी दुकान, मकान या कार्यालय में चोरी आर्थिक क्षति पहुंचाती है, लेकिन मंदिर में चोरी विश्वास की जड़ों को भी कमजोर करती है। श्रद्धालु अपनी कमाई का एक हिस्सा ईश्वर के प्रति कृतज्ञता, सेवा और समाजहित की भावना से दान करते हैं। वे यह विश्वास रखते हैं कि उनका अर्पण धर्मार्थ कार्यों, सामाजिक सेवा और मंदिर व्यवस्था में उपयोग होगा। जब वही धन चोरी हो जाता है, तो केवल दानपेटी खाली नहीं होती, बल्कि श्रद्धालु के मन में भी संदेह और पीड़ा जन्म लेती है। यही कारण है कि मंदिरों में चोरी की घटनाएं समाज में सामान्य अपराधों की तुलना में कहीं अधिक भावनात्मक प्रतिक्रिया उत्पन्न करती हैं। ऐसी घटनाओं के पीछे कई कारण हैं। सबसे बड़ा कारण नकद दान की परंपरा है। आज भी देश के अधिकांश मंदिरों में बड़ी मात्रा में नकद चढ़ावा आता है। अनेक छोटे और मध्यम मंदिरों में दान की गणना, सुरक्षित भंडारण और बैंक में जमा करने की वैज्ञानिक व्यवस्था नहीं होती। कई बार दानपेटियां लंबे समय तक नहीं खोली जातीं, जिससे उनमें बड़ी मात्रा में नकदी जमा हो जाती है। यह स्थिति अपराधियों के लिए आकर्षण का केंद्र बन जाती है। जहां सुरक्षा व्यवस्था कमजोर हो और बड़ी मात्रा में नकद धन उपलब्ध हो, वहां अपराध की संभावना स्वाभाविक रूप से बढ़ जाती है।

दूसरा महत्वपूर्ण कारण सुरक्षा व्यवस्था की अपर्याप्तता है। महानगरों के कुछ प्रसिद्ध मंदिरों को छोड़ दिया जाए तो अधिकांश धार्मिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे, आधुनिक अलार्म सिस्टम, रात्रि सुरक्षा, प्रशिक्षित सुरक्षा कर्मी और डिजिटल निगरानी जैसी व्यवस्थाएं या तो उपलब्ध नहीं हैं या केवल औपचारिक रूप से स्थापित हैं। कई कैमरे खराब पड़े रहते हैं, रिकॉर्डिंग का बैकअप सुरक्षित नहीं होता और नियमित निगरानी भी नहीं की जाती। अपराधी इन कमियों का अध्ययन कर योजनाबद्ध तरीके से वारदात को अंजाम देते हैं।

प्रबंधन संबंधी कमजोरियां भी ऐसी घटनाओं को बढ़ावा देती हैं। अनेक मंदिरों का संचालन पारंपरिक ढंग से होता है, जहां वित्तीय जवाबदेही और प्रशासनिक पारदर्शिता के स्पष्ट मानक नहीं बने हैं। दान की गणना, लेखा-जोखा, व्यय और भंडारण की प्रक्रिया कई बार व्यवस्थित नहीं होती। जहां जवाबदेही कमजोर होती है, वहां गड़बड़ी और भ्रष्टाचार की संभावना बढ़ जाती है। कुछ मामलों में चोरी बाहरी अपराधियों द्वारा नहीं, बल्कि अंदरूनी मिलीभगत से भी की जाती है। यह स्थिति अधिक चिंताजनक इसलिए है क्योंकि इससे संस्था के भीतर का विश्वास भी टूटता है। सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियां भी इस समस्या से जुड़ी हुई हैं। बेरोजगारी, नशे की लत, कर्ज का बोझ, त्वरित धन कमाने की मानसिकता और नैतिक मूल्यों का ह्रास कुछ लोगों को अपराध की ओर धकेलता है। हालांकि इन कारणों के आधार पर किसी भी अपराध का औचित्य सिद्ध नहीं किया जा सकता। मंदिरों में चोरी केवल आर्थिक मजबूरी का परिणाम नहीं होती; अनेक मामलों में यह संगठित अपराध, मूर्ति तस्करी और पेशेवर गिरोहों की सुनियोजित गतिविधि होती है। विशेष रूप से प्राचीन मूर्तियों और दुर्लभ धार्मिक कलाकृतियों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अवैध मांग भी ऐसे अपराधों को बढ़ावा देती है।

मंदिर में चोरी का सबसे गहरा प्रभाव श्रद्धालुओं की भावनाओं पर पड़ता है। जब कोई व्यक्ति अपने परिवार की खुशहाली, बच्चों के भविष्य, स्वास्थ्य या किसी मनोकामना की पूर्ति के लिए श्रद्धापूर्वक दान करता है, तो वह केवल धन नहीं देता, बल्कि अपना विश्वास भी समर्पित करता है। यदि वही विश्वास असुरक्षित महसूस करने लगे तो समाज में धार्मिक संस्थाओं के प्रति संदेह बढ़ने लगता है। कई लोग दान देने से हिचकने लगते हैं, मंदिर समितियों पर प्रश्न उठने लगते हैं और स्थानीय स्तर पर आरोप-प्रत्यारोप का वातावरण बन जाता है। इस प्रकार एक चोरी केवल धन का नुकसान नहीं करती, बल्कि सामाजिक सौहार्द और सामुदायिक एकता को भी प्रभावित करती है। धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को केवल धार्मिक विषय मानना भी पर्याप्त नहीं है। यह सार्वजनिक नीति, प्रशासनिक दक्षता और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रश्न है। जिस प्रकार बैंक, संग्रहालय, विद्यालय और सार्वजनिक संस्थानों के लिए सुरक्षा के मानक निर्धारित होते हैं, उसी प्रकार मंदिरों के लिए भी न्यूनतम सुरक्षा मानक तय किए जाने चाहिए। प्रत्येक मंदिर की आय, आकार और संवेदनशीलता के आधार पर सुरक्षा व्यवस्था विकसित की जा सकती है। बड़े मंदिरों में अत्याधुनिक निगरानी व्यवस्था, नियंत्रित प्रवेश, सुरक्षा कर्मियों की तैनाती और डिजिटल प्रबंधन आवश्यक है, जबकि छोटे मंदिरों में स्थानीय पुलिस, ग्राम समितियों और नागरिकों के सहयोग से प्रभावी सुरक्षा तंत्र विकसित किया जा सकता है।

## अंतिम दवा

शहर के उस आखिरी छोर पर बनी भूरी इमारत के बाहर कोई चमकीला साइनबोर्ड नहीं था। वहाँ केवल एक धुंधला सा शीशा टंगा था जिस पर लिखा था कि यहाँ खोई हुई चीजों का इलाज होता है। अंदर की हवा में सूखी गेंदे के फूलों और पुरानी कॉपियों की एक ऐसी गंध घुली थी जो सीधे अतीत के किसी बंद कमरे का दरवाजा खोल देती थी। काउंटर के पीछे एक बूढ़ा आदमी बैठा था जिसकी आँखें ठहर चुकी थीं। वह अपनी कांपती उंगलियों से कांच की छोटी शीशियों को तरतीब से लगा रहा था। उन शीशियों के भीतर कोई तरल पदार्थ नहीं था बल्कि उनमें सिर्फ एक खालीपन दिखाई देता था। एक युवक ने हाँफते हुए दुकान के भीतर कदम रखा। उसकी आँखें रोते-रोते सूज चुकी थीं और उसका पूरा वजूद किसी फटे हुए लिफाफे की तरह बिखर रहा था। उसने काउंटर पर दोनों हाथ टिका दिए। वह हांफते हुए बोला ₹क्या आपके पास ऐसी कोई दवा है जो मेरे सीने के इस भारीपन को हमेशा के लिए शांत कर दे₹ बूढ़े ने बिना नजरें उठाए एक पारदर्शी शीशी को कपड़े से पोंछा। उसने अत्यंत शांत स्वर में कहा ₹यहाँ हर तरह के मर्ज की खुराक मिलती है पर इसकी कीमत बहुत भारी है₹ युवक की आँखों से एक आंसू टपक कर काउंटर के मटमैले शीशे पर फैल गया। उसने जेब से कुछ मुड़े हुए नोट निकाले और आगे बढ़ा दिए। वह रोते हुए बोला ₹मैं अपनी पूरी जमापूँजी देने को तैयार हूँ बस मुझे इस दर्द से मुक्ति दिला दो₹ बूढ़े ने नोटों को छुआ तक नहीं और गहरी सांस लेकर खिड़की से बाहर देखने लगा जहाँ रात धीरे-धीरे पैर पसार रही थी। वहाँ का सन्नाटा इतना गहरा था कि घड़ी की टिक-टिक भी किसी के दिल के टूटने की आवाज जैसी लग रही थी। दुकान के भीतर की अलमारियाँ अजीब तरह से वर्गीकृत थीं। एक कोने में लिखा था कि यह टूटे हुए वादों का हिस्सा है और दूसरी तरफ लिखा था कि यहाँ अधूरी मुलाकातों का मलबबा रखा

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 05 जुलाई 2026 रविवार
सूर्योदय - 05:41 सूर्यास्त 19:13
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 04:30 से 06:00 तक
तिथि - पंचमी 13:31 उपरांत षष्ठी
नक्षत्र - शतभिषा 15:13 उपरांत पूर्वाभाद्रपद
योग - आयुष्मान 16:40 सौभाग्य
करण - तैतिल
चन्द्रमा - दिन पूर्ण कुंभ में रहेगा।
मुस्लिम मास - मोहर्रम मास 19 तारिख

**मेष-** यात्रा लाभदायक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। कोई बड़ी समस्या का हल सहज ही होगा।

**वृषभ-** समय अनुकूल है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। बेरोजगारी के प्रयास सफल रहेंगे।

**मिथुन-** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शेयर मार्केट, म्युचुअल फंड से मनोनुकूल लाभ होगा।

**कर्क-** आर्थिक उन्नति की योजना बनेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है।

**सिंह-** नए उपक्रम प्रारंभ हो सकते हैं। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। मान-सम्मान मिलेगा।

**कन्या-** जल्दबाजी से काम बिगड़ सकते हैं। किसी बड़े काम को करने की तीव्र इच्छा जागृत होगी।

**तुला-** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**वृश्चिक-** भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। मानसिक बेचैनी रहेगी। सभी तरफ से सफलता प्राप्त होगी।

**धनु-** ऐश्वर्य के साधनों पर अधिक व्यय होगा। कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**मकर-** मेहनत अधिक होगी। लाभ के अवसर टलेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा।

**कुंभ-** कोई बड़ी बाधा उठ खड़ी हो सकती है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें, गुम हो सकती है।

**मीन-** विवाद के बढ़ावा न दें। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। किसी व्यक्ति विशेष से कहासुनी हो सकती है।

**व्यंग्य**

## ' च ' चढ़ावे की चपत का



भगवती प्रसाद गेहलोत
(दैनिक अवन्तिका)

' च ' व्यंजन देव नागरी वर्ण माला का छठा तथा वर्ण माला के द्वितीय वर्ग का पहला व्यंजन अर्थात पांच वर्णों का नेता है जिससे द्वितीय वर्ग की शुरूआत होती है । भोली प्रजा का मानना है संप्रति में चाल-चलन को लेकर सुनेता को चिराग लेकर ढूढना मुश्किल है , इसमें ' च ' का क्या दोष ? इसी ' च ' से चंट , चगड़.(चतुर चालाक) , चोरकट के लिए अनुप्रास अलंकार के उत्तम उदाहरण भी बनते हैं जैसे - ' चढ़ावा चढ़ाते चढ़ाते चोरी चलन , ' ' चढ़त के चरागाह में चढ़ावे का चल- चलाव ', ' चंदे को चपत लगाकर चंपत कर देना , ' चंदा चम्मच से चाटकर चलते बनना ।' चंदा- चढ़ावे का ऐसा उपयोग दबंग व हिम्मत वाला ही कर सकता है ।

पुरानी बात है गांव में एक मंदिर का शुभारंभ हुआ बेटे को बाजार से नई चप्पल पहनाकर श्रीफल - द्रव्य देकर मंदिर में चढ़ाने के लिए भेजा । चप्पल उसने बाहर खोली , श्रीफल को चटकाने के लिए जा ही रहा था कि निर्देश मिला , ' बेटा चटकाओ मत पूरा का पूरा ही चढ़ा दो और कुछ द्रव्य लाए हो तो इस थाली में रख दो । '

उसने एक अनुशासित भक्त की तरह वैसा ही किया भगवान के विग्रह को प्रणाम कर बाहर आया । उसने सब तरफ अपनी नई चप्पल ढूंढी नहीं मिली । वह नंगे पैर घर आया , मायूस हो बोला ' मंदिर से मेरी चप्पल कोई चोरी कर ले गया ।' मेंने उसे ढांढस बंधाते हुए कहा, ये कोई बड़ी बात नहीं बेटा आजकल भगवान को भेंट किए गए महंगे द्रव्य व धातुएं दान पेटियां केमरे की नाक के नीचे से चोरी चले जाते हैं तेरी चप्पल क्या चीज है । जिसको आवश्यकता होगी वह ले गया होगा कल दूसरी दिला देंगे ।' दूसरे दिन बाजार जाकर उसी दुकान से चप्पल खरीद रहे थे कि दुकानदार ने चप्पल दिखाते हुए कहा बाबूजी ये पहले जैसा ही नया माल आया है। ' बेटा बोला , ' ये तो वही चप्पल है जो कल खरीदी थी ।' दुकानदार मेरी ओर देखता हुआ नया खोखा दिखाते हुए बोला , ' नहीं बाबूजी आज नया लाट आया है जरूर बालक को भ्रम हो गया है ।' यह सुन बेटा बोला , ' नहीं, पहचान के लिए मैंने इसकी बद्दी के नीचे वाय लिख दिया था देखो ।' उसने बद्दी को उलटकर बता दिया । दुकानदार नहीं माना चप्पल चोर से वही चप्पल खरीदनी पड़ी । ये बात और है कि जो चोरी करता है और जो चोरी का माल खरीदता है वे दोनों चोर माने जाते हैं । चोरी दिखाई दे रही है, लेकिन ये सिद्ध करना पड़ता है , इसकी जहमत कौन उठाए , सिद्ध करने का प्रयास भी तो जोखिम ही है। उसने हमारी भावना जेब को चूसते हुए हमारी चप्पल हमें ही मारी हम भोले श्रद्धालु की तरह लेकर चलते बने । पहले कहा जाता था रोगी- भोगी ही ज्यादा ठगा - छला जाता है। अब इसमें भक्त -श्रद्धालु भी जुड़ गया ।

## महँगाई की मार

रोज मिल रहे हैं बस नए-नए जख्म,
किसे कहें अपना दर्द खुलकर हम,
आम आदमी तो टूट रहा है हर दिन,
दैनिक जीवकोपार्जन है बड़ा कठिन ।
कमर तोड़ती हुई ये महँगाई की मार,
चक्रवृद्धि ब्याज सी दरें बढ़ती तीव्र धार,
आमदनी होती जा रही धीरे-धीरे कम,
महँगाई ने भैया कर रखा नाक में दम ।
सरकारें बस बदलती और बनती है नई,
पर महँगाई पर अंकुश नहीं लगाता कोई,
आम आदमी को देते हैं झाँसा अक्सर,
सब स्वविकास की दौड़ में है बस तत्पर ।



मोनिका डागा
(दैनिक अवन्तिका)

# भारत में नवजात और छोटे बच्चों के लिए खिलौना बन गया है मोबाइल



अरविन्द रावल
(दैनिक अवन्तिका)

भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने जन्म से तीन वर्ष तक के बच्चों की सतत देखभाल के लिए समग्र शिशु बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (एसएसबीएसके) की शुरूआत की है। इस योजना के अंतर्गत जन्म से तीन वर्ष तक के सभी बच्चों का न केवल नियमित टीकाकरण किया जाएगा, बल्कि उनके वजन, पोषण तथा शारीरिक एवं मानसिक विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। कमजोर एवं गंभीर बीमारियों से ग्रस्त बच्चों का उपचार भी सरकार द्वारा निःशुल्क कराया जाएगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जे.पी. नड्डा ने कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर बताया कि जन्म के बाद प्रारंभिक अवधि में स्वास्थ्य विभाग की टीमें ग्राम स्तर तक प्रत्येक नवजात की नियमित निगरानी करेंगी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य शिशु मृत्यु दर में कमी लाना, कुपोषण को रोकना तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है।




भारत में आज भी बड़ी आबादी दैनिक मजदूरी पर निर्भर है। आर्थिक कठिनाइयों के कारण अनेक परिवारों में गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों को पर्याप्त एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध नहीं हो पाता। इसका परिणाम यह होता है कि अनेक बच्चे जन्म से ही कमजोर और कुपोषित होते हैं तथा आगे चलकर गंभीर बीमारियों का शिकार बन जाते हैं। कार्यक्रम के शुभारंभ के दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने एक महत्वपूर्ण अपील भी की कि नवजात और छोटे बच्चों को मोबाइल फोन से यथासंभव दूर रखा जाए। यह अपील इसलिए आवश्यक है क्योंकि आज मोबाइल धीरे-धीरे छोटे बच्चों का सबसे प्रिय ₹खिलौना₹ बनता जा रहा है।

अक्सर माता-पिता अपने दैनिक कार्यों में व्यस्त रहने के कारण बच्चों को मोबाइल थमा देते हैं। रंग-बिरंगी स्क्रीन और वीडियो में बच्चे इतने खो जाते हैं कि धीरे-धीरे उन्हें मोबाइल की आदत लग जाती है। बाद में जब यही आदत उनके शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है, तब दोष केवल मोबाइल को दिया जाता है, जबकि इसके लिए कहीं न कहीं अभिभावकों की भूमिका भी जिम्मेदार होती है। आज प्रश्न यह है कि कितने माता-पिता अपने बच्चों के लिए खिलौने, कहानी की पुस्तकें, कॉमिक्स या रचनात्मक गतिविधियों की व्यवस्था करते हैं? यदि बचपन से ही बच्चों को मोबाइल की जगह पुस्तकों, खेलों और रचनात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित किया जाए, तो उनका मानसिक और सामाजिक विकास अधिक संतुलित होगा।

चिकित्सकों का भी मानना है कि अत्यधिक स्क्रीन टाइम बच्चों की आंखों, नींद, एकाग्रता, भाषा विकास तथा व्यवहार पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। इसलिए आवश्यक है कि माता-पिता स्वयं भी मोबाइल के उपयोग में संयम बरतें और बच्चों के सामने स्वस्थ उदाहरण प्रस्तुत करें। जब तक समाज स्वयं अपनी इच्छाशक्ति से मोबाइल के अनियंत्रित उपयोग पर अंकुश नहीं लगाएगा, तब तक बच्चों को स्क्रीन की लत, कुपोषण और अन्य विकास संबंधी समस्याओं से बचाना सरकार और समाज दोनों के लिए एक बड़ी चुनौती बना रहेगा।

**धर्म-आस्था**

# सनातन संस्कृति में अभिवादन के स्वरूप



डॉ. शारदा मेहता
(दैनिक अवन्तिका)

सनातन संस्कृति में अभिवादन का विशिष्ट स्थान है। यह एक दूसरों के प्रति सम्मान का द्योतक है। यह शिष्टाचार पालन का एक माध्यम है। यह एक पवित्र संस्कार है, जिसका हर भारतीय बड़े सम्मान के साथ पालन करता है। भारतीय पद्धति से अभिवादन करने से आयु, विद्या, यश और बल इन चारों में वृद्धि होती है। मनु स्मृति में कहा गया है-

अभिवादन शीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः।
चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्या यशोबलम।।
(मनुस्मृति-2/11)

जो व्यक्ति हमेशा बड़ों का सम्मान (अभिवादन) करते हैं और नित्य वृद्धजनों, ज्ञानी, अनुभवी लोगों की सेवा करते हैं उनके जीवन में चार चीजें सदा बढ़ती है। वे हैं- आयु, विद्या, यश और बल पुराणों के अनुसार अष्टचिरंजीवियों में मार्कण्डेय ऋषि की कथा इस कथन का स्पष्ट उदाहरण है कि मार्कण्डेयजी की आयु अल्प थी। उनके माता-पिता को किसी विद्वान ने इस बात के लिए उन्हें सतर्क कर दिया था। पिताजी ने उन्हें कहा था कि वे सर्वदा गुरुजनों का आशीर्वाद साष्टांग दण्डवत करके प्राप्त करें। वे चरण स्पर्श भी कर सकते हैं। एक बार नारद मुनि वहाँ से निकल रहे थे। बालक मार्कण्डेय ने उनके चरण स्पर्श किए। नारदजी ने उन्हें चिरंजीवी होने का आशीर्वाद दिया। मार्कण्डेयजी ने नारदजी से कहा कि आपका आशीर्वाद फलीभूत नहीं हो सकता, क्योंकि बालक की आयु अल्प है। नारदजी उन्हें ब्रह्माजी के पास ले गए। ब्रह्माजी ने भी बालक को चिरंजीवी होने का आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि मेरा आशीर्वाद सफल होगा। आशीर्वाद का यह प्रभाव हुआ कि मार्कण्डेयजी की गणना अष्ट चिरंजीवियों में की जाती है।

सनातन धर्म में अभिवादन के कई प्रकार हैं-

साष्टांग दंडवत : इसमें मस्तक, वक्ष, दो हाथ, दो घुटने, दो पंजे, वचन, दृष्टि, मन। इन आठ अंगों का प्रयोग होता है।

नमस्ते, नमस्कार : दोनों हाथ जोड़कर वक्षस्थल को लगाकर अभिवादन करना।

चरण स्पर्श (पैर पड़ना) : नीचे झुक कर दोनों हाथों से दोनों पैरों के अँगूठे को छूना।

वृद्ध व्यक्ति उनके चरण स्पर्श करने पर पैर छूने वाले व्यक्ति के सिर पर दोनों हाथ रखकर आशीर्वाद की बौछारें करते हैं।

गले लगना : सम वयस्क एक-दूसरे के गले लगकर भी अभिवादन करते हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में राम राम, जय श्रीकृष्ण, राधे-राधे आदि भी अभिवादन के स्वरूप हैं। पंजाब क्षेत्र में भेंट होने पर सत्श्री अकाल, राजस्थान में जय श्रीनाथजी, खम्मा घणी कहा जाता है। गुजरात में पगे लागू, जय हाटकेश, जय अम्बा माता आदि अभिवादन के प्रतीक हैं। जैन धर्म में जय जिनेन्द्र, उत्तर प्रदेश में पाय लागू, हर हर गंगे कहा जाता है। मुस्लिम बाहुल क्षेत्रों में आदाब तथा वाले कुम सलाम जैसे अभिवादन प्रचलित है। पंजाब में आयु वृद्ध को पैरी पौना कहते हैं। वाराणसी में जय भोले नाथ, उड़ीसा में जय जगन्नाथ शब्दों का प्रचलन है। सिंधी समाज जय झूलेलाल शब्द से अभिवादन करता है। अयप्पा-स्वामीशरण, तमिलनाडु वड्क्कम, ब्रज में राधे-राधे, जयश्रीकृष्ण, हरि बोल जैसे अभिवादन के शब्द हैं। केरल में नमस्कारम, कर्नाटक में नमस्कारा और आंध्र में नमस्कारमु शब्दों से अभिवादन किया जाता है।

आधुनिक सभ्यता में हाय, हलो करना, हाथ मिलाना, बड़ों से भेंट करने पर कुर्सी से खड़े हो जाना, अपना हाथ सीने पर लगाकर अभिवादन करना, गर्दन को हल्के से झुकाकर अभिवादन करना, शुभरात्रि कहना, ये सभी अभिवादन के स्वरूप हैं।

भारतीय संस्कृति में अभिवादन के जो प्रकार हैं, उन्हें सर्वोत्तम माना गया है। करोना काल में महामारी के समय हाथ मिलाने से संक्रमण की संभावना अधिक रहती थी, ऐसे समय हाथ जोड़कर अभिवादन करना सर्वश्रेष्ठ माना गया था। इससे दूरी बनी रहती थी और संक्रमण से रक्षा हो जाती थी।

सनातन संस्कृति में अभिवादन का अर्थ है एक-दूसरे के प्रति सम्मान, मन में स्वागत और आदर की भावना इसमें निहित है। हमारे धार्मिक ग्रन्थों के आधार पर प्रत्येक मानव में ईश्वर का निवास है। उस अन्तर्निहित ईश्वर को अभिवादन करके हम अपना सम्मान प्रदर्शित करते हैं। यह धार्मिक एवं आध्यात्मिक संतुष्टि की भावना को दशार्ता है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6000 से 6050 विशाल, 5950 से 6000 मसूर 6000,महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7500, महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900, कर्नाटक 8100 से 8300 निमाड़ी, डेट तुअर 6500 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी, 7100 से 7300 मूंग बेस्ट बोल्ड, 7500 से 7700 मीडियम बोल्ड, 7200 से 7600 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8700 से 9000, उड़द गर्मी 8000 से 8400 ग्रेविटी, क्लीन 8600 से 8900 हल्का उड़द, 4000 से 6000 काबुली डॉलर, 7000 से 8400 काबुली रशियन, 5800 बिटकी 5200 से 5300, सरसों निमाड़ी 8000 से 8200, रायडा 6800 से 7000 करंज 5000, से 5200 सोयाबीन 6800 अलसी, 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से, 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800, पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज, 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7450 से 7550, मीडियम 7650 से 7750 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1950-2925, धनिया- 10300-12762, चना देशी- 5541-6301, डालर चना- 3850-7310, मटर- 2622-3430, मक्सा- 2415, मूंग- 6810, सोयाबीन- 2200-8000, तिल्ली- 10491-11001, सरसो- 6886, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,43,350 रवा- 1,43,300 चांदी- टंच- 2,30,000 पाट- 2,29,000।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## राजधानी में गूंजा शाजापुर का नाम, कूडो खिलाड़ी अनुज्ञा को राज्यपाल ने किया सम्मानित

**शाजापुर।** खेल के मैदान में शाजापुर का डंका अब राजधानी भोपाल तक बज रहा है। मार्शल आर्ट्स कूडो में अपना शानदार खेल दिखाकर मेडल जीतने वाली शाजापुर की बेटी अनुज्ञा शर्मा ने जिले को एक और गौरव का पल दिया है। उनकी इस उपलब्धि पर मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने उन्हें एक भव्य समारोह में विशेष रूप से सम्मानित किया। यह सम्मान बीते दिनों भोपाल के रवींद्र भवन में आयोजित 9वें सीजीएसटी (केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर) दिवस के अवसर पर दिया गया। जीएसटी एवं सेंट्रल एक्साइज (मप्र-छग जोन) के चीफ कमिश्नर मानस रंजन मोहंती और प्रिंसिपल कमिश्नर एम. पद्मश्री के निर्देशन में हुए इस कार्यक्रम में विभाग के कई उत्कृष्ट अफसरों को भी उनके काम के लिए नवाजा गया। समारोह के दौरान जब शाजापुर की खेल प्रतिभा अनुज्ञा शर्मा का नाम मंच से पुकारा गया, तो तालियों की गड़गड़ाहट के बीच राज्यपाल और वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें पुरस्कृत किया। खेल और पुलिस, प्रशासनिक अधिकारियों के इस प्रतिष्ठित मंच पर अनुज्ञा के सम्मान से पूरे शाजापुर में खुशी की लहर है।

## मानसून से पहले जलभराव रोकने के लिए शुरू हुआ सफाई अभियान



**शाजापुर।** आगामी मानसून को देखते हुए नगरपालिका परिषद ने शहर की नालियों की सफाई का कार्य किया। सफाई के इस विशेष अभियान के तहत शुक्रवार को नगर के मुख्य मार्ग बस स्टैंड से लेकर नई सड़क चौक तक की बड़ी नालियों को साफ करने का कार्य प्रमुखता से किया गया। इस काम में केवल सफाईकर्मियों की टीम ही नहीं, बल्कि मशीनों का भी भरपूर उपयोग किया जा रहा है। जहां नालियां गहरी और बुरी तरह जाम हैं, वहां जेसीबी मशीन और फायर ब्रिगेड की गाड़ियों की मदद ली जा रही है। फायर गाड़ी के तेज पानी के प्रेशर से नालियों में जमा सालों की गंदगी को बाहर निकाला गया, ताकि बारिश के पानी की निकासी सुचारू रूप से हो सके। यह संपूर्ण स्वच्छता अभियान सीएमओ भूपेंद्र कुमार दीक्षित, नपा अध्यक्ष प्रेम जैन, उपाध्यक्ष संतोष जोशी और स्वास्थ्य सभापति दुष्यंत सोनी के निर्देशन में चलाया जा रहा है। नगर पालिका के स्वच्छता पर्यवेक्षक संजय पारछे, धर्मेंद्र टाक ने बताया कि आमजन को बारिश में कोई परेशानी न हो, इसके लिए शहर के उन स्थानों को विशेष रूप से चिन्हित किया गया है जहां अक्सर जलभराव होता है। इसी क्रम में बस स्टैंड से नई सड़क, आजाद चौक, वार्ड नंबर 24 का मुख्य नाला और वार्ड नंबर 28 स्थित काशी नगर के नाले सहित अन्य क्षेत्रों में सघन सफाई की गई।

## उल्लास कार्यक्रम के तहत घर-घर सर्वे शुरू, निरक्षरों को साक्षर बनाने की कवायद तेज



**शाजापुर।** जिले में शिक्षा का अलख जगाने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक साक्षरता पहुंचाने के उद्देश्य से उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम का आगाज हो चुका है। राज्य शिक्षा केंद्र, भोपाल के निदेर्शानुसार शाजापुर जिले में 1 जुलाई से 15 जुलाई तक असाक्षरों की पहचान के लिए डोर-टू-डोर (घर-घर) सर्वे का कार्य किया जा रहा है। इस महत्वाकांक्षी अभियान को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। कलेक्टर ऋजु बाफना के निर्देशन में विकासखंड शाजापुर में सर्वे की तैयारियों को लेकर विशेष कार्ययोजना तैयार की गई है। इसी क्रम में शुक्रवार को जनपद शिक्षा केंद्र, शाजापुर में विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। प्रशिक्षण सत्र में जनशिक्षकों, संकुल प्राचार्यों और वार्ड प्रभारियों को सर्वे प्रक्रिया के बारे में विस्तार से समझाया गया। आरसीसी योगेश भावसार के समन्वय में आयोजित इस कार्यक्रम में विकासखंड साक्षरता समन्वयक लोकेश राठौर ने सर्वे प्रपत्र भरने और सूचनाएं संकलित करने की तकनीकी बारीकियों का प्रशिक्षण दिया। इसके साथ ही जिला साक्षरता समन्वयक जगदीश भावसार ने मौजूद अमले को सामाजिक चेतना केंद्रों के प्रभावी संचालन और असाक्षरों के पठन-पाठन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति सर्वे से वंचित न रहे, यह सुनिश्चित करना टीम की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

## स्कूली बच्चों की पीने के पानी की समस्या हल, दानदाता ने दी सिंटेक्स की टंकी



**महिदपुर रोड।** सरस्वती शिशु मंदिर डूंगरिया के स्कूली बच्चों की पीने के पानी की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए गांव के मदन सिंह तंवर ने अपने पुत्र मनोहर सिंह तंवर के जन्मदिन पर पानी की टंकी दान स्वरूप भेंट की। इस दौरान पूर सिंह तंवर, मान सिंह चौहान, समिति सदस्य विक्रम सिंह आंजना मदन सिंह तंवर उपस्थित रहे दानदाता का प्रधानाचार्य बालमुकुंद पांचाल ने पुष्पमाला से स्वागत कर सहयोग के लिये आभार व्यक्त किया जानकारी मीडिया प्रभारी लखनसिंह पंवार ने दी।

# आवारा मवेशियों का आतंक, सांड के हमले में 78 वर्षीय वृद्धा गंभीर घायल दोनों पैर व हाथ में फैक्चर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



शहर में आवारा मवेशियों का बढ़ता आतंक लगातार लोगों की जान पर भारी पड़ रहा है। नगर पालिका द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। ताजा मामला ब्रज नगर कॉलोनी का है, जहां एक आवारा सांड के हमले में 78 वर्षीय वृद्ध महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद क्षेत्र के रहवासियों में नगर पालिका की कार्यप्रणाली को लेकर भारी नाराजगी है।

जानकारी के अनुसार ब्रज नगर कॉलोनी निवासी 78 वर्षीय वृद्ध महिला मथूरा देवी परमार प्रतिदिन की तरह अलसुबह लकड़ी के सहारे घर के आसपास टहलने निकली थीं। नियमित रूप से सुबह की सैर करना उनकी दिनचर्या का हिस्सा है, ताकि स्वास्थ्य बेहतर बना रहे। इसी दौरान कॉलोनी के मार्ग पर पीछे से आए एक आवारा सांड ने अचानक उन पर हमला कर दिया। सांड ने उन्हें इतनी जोर से टक्कर मारी कि वे हवा में उछलकर सड़क पर जा गिरीं। घटना के समय वहां से गुजर रही एक महिला ने साहस का परिचय देते हुए सांड को भगाया और घायल वृद्धा को सहारा देकर उनके घर तक पहुंचाया। हमले में वृद्धा के होंठ से खून बह रहा था और उन्हें पैरों में तेज दर्द की शिकायत थी।

परिजन तत्काल उन्हें उपचार के लिए अस्थि रोग विशेषज्ञ के पास लेकर पहुंचे। जांच में पता चला कि हमले के कारण वृद्धा के दोनों पैरों तथा एक हाथ में फ्रै क्चर हो गया है। चिकित्सकों ने उनका उपचार शुरू कर दिया है। घटना के बाद स्थानीय रहवासियों ने बताया कि शहर की कई कॉलोनियों और मुख्य सड़कों पर आवारा मवेशियों का जमावड़ा आम बात हो गई है। सांड और अन्य मवेशी राहगीरों पर हमला कर रहे हैं, जिससे बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों में भय का माहौल है। इसके बावजूद नगर पालिका द्वारा आवारा पशुओं को पकड़ने और उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए कोई प्रभावी एवं स्थायी अभियान नहीं चलाया जा रहा है।

### वीआईपी दौरे में हटते हैं मवेशी, आम दिनों में सड़कों पर

घटना के बाद क्षेत्र के रहवासियों ने नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि गत माह मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के शुजालपुर दौरे और रोड शो के दौरान प्रशासन एवं नगर पालिका ने मुख्य मार्गों से आवारा मवेशियों को हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया था, ताकि वीआईपी कार्यक्रम के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। लेकिन कार्यक्रम समाप्त होते ही स्थिति फि र पहले जैसी हो गई और आवारा मवेशी दोबारा सड़कों व कॉलोनियों में नजर आने लगे। रहवासियों का आरोप है कि यदि इसी तरह नियमित रूप से अभियान चलाकर आवारा मवेशियों को सड़कों से हटाया जाए, तो दुर्घटनाओं पर काफ ी हद तक अंकुश लगाया जा सकता है। उनका कहना है कि प्रशासन की सक्रियता केवल वीआईपी दौरों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि आम नागरिकों की सुरक्षा को भी समान प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

### इनका कहना है

सड़कों पर व सार्वजनिक स्थानों पर आवारा मवेशियों का जमावड़ा या विचरण न हो इसके लिए कर्मचारियों का पाबंद किया जाएगा, साथ ही शहरी सीमा से इन आवारा मवेशियों को बाहर करने के प्रयास किए जाएगें।

**ओम त्रयंबकेश्वर मिश्रा सीएमओ शुजालपुर**

### सुठालिया के सेकनपुर में रेत माफिया का दुस्साहस

# आदेश की धज्जियां, बारिश ने खोला माफिया का पोल, बीच नदी में फंसे ट्रैक्टर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा



राजगढ़ जिले में कलेक्टर के सख्त आदेश के बावजूद प्रशासन की कथित चौकसी और इन सबके बीच रेत माफिया का दुस्साहस, जिसे देखकर आप भी दंग रह जाएंगे। ?सुठालिया क्षेत्र के सेकनपुर में सरेआम, दिन के उजाले में पोकलेन और ट्रैक्टरों से अवैध रेत का उत्खनन धड़ल्ले से जारी है। लेकिन कुदरत ने इस अवैध काले कारोबार की ऐसी पोल खोली है कि रेत माफियाओं में हड़कंप मच गया। तस्वीरों को ध्यान से देखिए यह सुठालिया का सेकनपुर क्षेत्र है। कलेक्टर ने साफ आदेश दिए हैं कि अवैध उत्खनन पर पूरी तरह रोक लगाई जाए। लेकिन माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्हें न तो प्रशासन का डर है और न ही कानून का। आज अचानक हुई तेज बारिश ने माफियाओं के इस खेल को बीच में ही बिगाड़ दिया। बारिश होते ही नदी का जलस्तर बढ़ा, और फिर क्या था? अवैध रेत भरने पहुंचे कई ट्रैक्टर बीच नदी में ही फंस गए! जो पोकलेन मशीन धड़ल्ले से नदी का सीना चीर रही थी, उसके पहिए भी थम गए।

### माफियाओं की भागदौड़, ट्रैक्टर निकालने की नाकाम कोशिशें

जैसे ही पानी बढ़ा, सेकनपुर घाट पर हड़कंप मच गया। रेत माफिया अब आनन-फानन में अपने फंसे हुए ट्रैक्टरों और मशीनों को नदी से बाहर निकालने की जुगत में लगे हुए हैं। कहीं ट्रैक्टर को खींचने के लिए दूसरी गाड़ियां बुलाई जा रही हैं, तो कहीं चोरी-छिपे वाहनों को भगाने की तैयारी चल रही है। यह तत्काल का मामला है, जो यह साबित करने के लिए काफी है कि सुठालिया क्षेत्र में प्रतिबंध के बावजूद रेत का यह काला खेल कितनी बेखौफ तरीके से खेला जा रहा है। आज तो बारिश ने इन माफियाओं को घेर लिया और इनका काला कारनामा जनता के सामने आ गया। देखना अब यह है कि जिम्मेदार अधिकारी जागते हैं या फिर इस अवैध खेल को ऐसे ही संरक्षण मिलता रहेगा।

## एबीवीपी का कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**सारंगपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) मध्यभारत प्रांत के की नगर इकाई सारंगपुर द्वारा शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में नगर कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में प्रांत सह मंत्री कु. उमा वैष्णव, जिला संयोजक शुभम शर्मा एवं सारंगपुर भाग संयोजक तुषार चौहान उपस्थित रहे। प्रशिक्षण शिविर के दौरान कार्यकताओं को प्रस्तावना, परिसर कार्य, सदस्यता अभियान एवं समारोह सत्र सहित संगठन की कार्यप्रणाली, अनुशासन, दायित्व बोध तथा संगठन विस्तार से संबंधित विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही नवीन कार्यकारिणी की घोषणा भी की गई। घोषित कार्यकारिणी में आयुष चौहान को नगर अध्यक्ष एवं कु. ज्योत्सना कासानिया को नगर मंत्री का दायित्व सौंपा गया। इसके अलावा नगर सह मंत्री के रूप में जयेश पटेल, राजेंद्र राजपूत एवं कु. तृप्ति शर्मा को नियुक्त किया गया। महाविद्यालय प्रमुख पवन राजपूत, सह प्रमुख अरविंद वर्मा, नगर विद्यालय प्रमुख कुलदीप सिंह दरबार, एसएफडी प्रमुख विकास दरबार, एसएफएस प्रमुख लोकेश मालवीय, कला मंच प्रमुख कु. प्रीति मालवीय, खेलो भारत प्रमुख अरुण भिलाला तथा सह प्रमुख कु. श्वेता मालवीय को दायित्व प्रदान किया गया।

### विधायक ने स्कूली बच्चों के साथ रोपे पौधे, लिया संरक्षण का संकल्प

# एक पेड़ मां के नाम महाभियान का शंखनाद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग और पर्यावरण असंतुलन के बीच प्रकृति को सहेजने की एक सार्थक पहल शाजापुर में शुरू हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम महाभियान के तहत क्षेत्रीय विधायक अरुण भीमावत ने शुक्रवार को स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ पौधारोपण कर हरित और स्वच्छ शाजापुर का संदेश दिया।

इस दौरान महज रस्म अदायगी के लिए पौधे नहीं रोपे गए, बल्कि विद्यार्थियों और शिक्षकों ने अगले तीन सालों तक उनकी एक मां की तरह परवरिश करने का दृढ़ संकल्प भी लिया। अभियान की शुरूआत सुबह 9.30 बजे हिंद जूनियर कॉलेज से हुई, जहां 21 पौधे रोपे गए। इस दौरान नगर मंडल अध्यक्ष आशीष सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। विद्यालय की डायरेक्टर मधु भीमावत, प्राचार्य प्रीति सिंह और विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ पौधारोपण किया और पौधों के संरक्षण का जिम्मा लिया। इसके बाद विधायक भीमावत कौटिल्य एजुकेशन एकेडमी पहुंचे। यहां संस्था के डायरेक्टर ब्रजेश यादव, शशि यादव, प्राचार्य नरेंद्र और विद्यार्थियों के साथ मिलकर 21 पौधे लगाए गए। यहां भी स्कूल प्रबंधन और बच्चों ने रोपे गए पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प लिया।

### चारदीवारी वाले संस्थानों में ही लगेंगे पौधे

इस दौरान विधायक अरुण भीमावत ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारा सबसे बड़ा नैतिक दायित्व है। एक पेड़ मां के नाम अभियान प्रत्येक नागरिक को अपनी मां और मातृभूमि के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर देता है। विधायक ने स्पष्ट किया कि इस वर्ष विधानसभा क्षेत्र के उन्हीं विद्यालयों और संस्थानों में पौधारोपण किया जाएगा, जहां चारदीवारी और सिंचाई की समुचित व्यवस्था हो। साथ ही संबंधित संस्था को कम से कम तीन वर्षों तक पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी लेनी होगी।

### पूरे जिले में जनआंदोलन बनाने की तैयारी

गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी विधायक भीमावत के मार्गदर्शन में शांतिवन, मंदिर परिसरों, पुलिस थाना भैरों डूंगरी सहित विभिन्न स्थानों पर व्यापक स्तर पर पौधारोपण किया गया था। इस वर्ष मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में इसे एक बड़े जनआंदोलन का रूप दिया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष डॉ. रवि पांडे के मार्गदर्शन में यह अभियान पूरे जिले में संचालित किया जा रहा है। अभियान के जिला संयोजक एवं भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शिवहरे ने जिले की सभी सामाजिक, शैक्षणिक और धार्मिक संस्थाओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस अभियान से जुड़ें और अपनी मां के सम्मान में एक पेड़ लगाकर हरित भारत के निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान दें।

## स्मार्ट मीटर के विरोध में विद्युत मंडल का घेराव

**सारंगपुर।** करनी सेना परिवार एवं सर्व समाज द्वारा नगर बड़े हुए एवं मनमाने बिजली के बिल एवं स्मार्ट मीटर के विरोध मे विशाल धरना प्रदर्शन 6 जुलाई सोमवार को विधुत मंडल कार्यालय का घेराव किया जाएगा। करनी सेना के माखन सिंह राणा ने बताया की नगर मे काफी समय से महंगे बिलों से आम जनता काफी परेशान हो गई है और स्मार्ट मीटर ने लोगों को महंगे बिजली के बिल देकर सुख चैन छीन लिया है जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है।

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे 1 पक्षकार राघवेन्द्रसिंह पिता श्रीपतनारायणसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम बरंडवा तहसील तराना जिला उज्जैन के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि सर्वे नं. 269/1 रकबा 0.18 हेक्टेयर व सर्वे व सर्वे नं. 270 रकबा 0.44 हेक्टेयर व मेरे 2 पक्षकार चन्द्रभानसिंह, ब्रजभानसिंह पिता शिवबहादुरसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम बरंडवा तहसील नराना जिला उज्जैन के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि सर्वे नं. 269/2 रकबा 0.03 भूमि व सर्वे नं. 273 रकबा 0.49 हेक्टेयर व 3 पक्षकार मोकमसिंह पिता जगन्नाथसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम वरंडवा तहसील तराना जिला उज्जैन के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि सर्वे नं. 271/2 रकबा 0.18 हेक्टेयर व सर्वे नं. 272 रकबा 0.34 हेक्टेयर 4 पक्षकार दुर्गाबाई, उमरावबाई, ईन्दर, तेजसिह, मुकेश, पिता जगन्नाथ व धापूबाई बेवा जगन्नाथ जाति बलाई निवासी ग्राम बरंडवा तहसील तराना जिला उज्जैन के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि सर्वे नं. 278 रकबा 1.32 हेक्टेयर इस तरह कुल किता 07 कुल रकबा 2.98 हेक्टेयर भूमि स्थित ग्राम बरंडवा तहसील तराना जिला उज्जैन भूमि को प्रतिफल राशि प्रदान कर पट्टा/किराया/लीज करने का अनुबंध किया गया है। उपरोक्त पत्तादाता की संपत्ति पर किसी व्यक्ति शासकीय अर्धशासकीय निजी संस्था का हक, हिस्सा कब्जा कर्ज डिक्री चार्ज मेंटेनेंस या अन्य किसी प्रकार का भार अथवा बोझ इत्यादि बकाया हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में सप्रमाण निम्नांकित पते पर सूचित करें, समयावधि पश्चात सदर सम्पति के लीज पत्र का पंजीयन करवा दिया जावेगा व किसी प्रकार की आपति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो। इति दिनाक 04/07/2026

**श्याम गुर्जर अभिभाषक**
**कोर्ट परिसर तराना जिला उज्जैन मो.नं. 8965809867**
**कार्यालय समय सुबह 10 से 5 बजे**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे 1 पक्षकार हरि पिता शंकरलाल जाति जाट निवासी ग्राम बरखेडा तराना तहसील तराना जिला उज्जैन के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि सर्वे नं. 257 रकबा 1.16 हेक्टेयर व सर्वे व सर्वे नं. 269 रकबा 0.69 हेक्टेयर व सर्वे नं. 278 रकबा 0.87 हेक्टेयर व मेरे 2 पक्षकार शिवनारायण पिता आत्माराम जाति जाट निवासी ग्राम बरखेडा तराना तहसील तराना जिला उज्जैन के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि सर्वे नं. 276 रकबा 1.60 हेक्टेयर व 3 पक्षकार राजाराम पिता भेरा जाति नाई निवासी ग्राम बरखेडा तराना तहसील तराना जिला उज्जैन के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि सर्वे नं. 277/3 रकबा 0.59 हेक्टेयर इस तरह कुल किता 05 कुल रकबा 4.91 हेक्टेयर भूमि स्थित ग्राम बरखेडा तराना तहसील तराना जिला उज्जैन भूमि को प्रतिफल राशि प्रदान कर पट्टा/किराया/लीज करने का अनुबंध किया गया है। उपरोक्त पत्तादाता की संपत्ति पर किसी व्यक्ति शासकीय अर्धशासकीय निजी संस्था का हक, हिस्सा, कब्जा कर्ज डिक्री चार्ज मेंटेनेंस या अन्य किसी प्रकार का भार अथवा बोझ इत्यादि बकाया हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में सप्रमाण निम्नांकित पते पर सूचित करें, समयावधि पश्चात सदर सम्पत्ति के लीज पत्र का पंजीयन करवा दिया जावेगा व किसी प्रकार की आपति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो। इति दिनांक 04/07/2026

**श्याम गुर्जर अभिभाषक**
**कोर्ट परिसर तराना जिला उज्जैन मो.नं. 8965809867**
**कार्यालय समय सुबह 10 से 5 बजे**

## राजपूत बने किसान कांग्रेस के प्रदेश महासचिव



**देवास।** मध्य प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान के द्वारा प्रदेश किसान कांग्रेस कमेटी का गठन किया गया जिसमें देवास के वरिष्ठ किसान नेता कालू सिंह राजपूत को प्रदेश किसान कांग्रेस का महासचिव नियुक्त किया श्री राजपूत की नियुक्ति पर कांग्रेस जनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी एवं प्रदेश अध्यक्ष चौहान का आभार व्यक्त किया।

## उस्मान गनी बने प्रदेश किसान कांग्रेस के सचिव



**देवास।** प्रदेश किसान कांग्रेस के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान ने प्रदेश किसान कांग्रेस का गठन करते हुए नागदा के ऊजार्वान युवा किसान नेता उस्मान गनी को प्रदेश किसान कांग्रेस का सचिव नियुक्त किया गनी की नियुक्ति पर कांग्रेस जनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी।

## आबकारी विभाग ने 7 पेटी देशी शराब जब्त की, आरोपी फरार



**देवास।** देवास के रेवाबाग क्षेत्र में आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई की है। विभाग ने 7 पेटी देशी शराब जब्त की, जिसकी कीमत लगभग 33,400 रुपए आंकी गई है। बताया जा रहा है कि आरोपी स्कूटर से शहर की गलियों में शराब की सप्लाई करता था। कार्रवाई के दौरान आरोपी मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है। आबकारी विभाग ने शुक्रवार को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर रेवाबाग क्षेत्र में दबिश दी। दबिश के दौरान मौके से 4 पेटी देशी मसाला और 3 पेटी देशी प्लेन शराब बरामद की गई। कुल 63 बल्क लीटर मदिरा जब्त की गई। जानकारी के अनुसार, आरोपी अपने घर के पास शराब छिपाकर रखता था और स्कूटर का उपयोग कर शहर की गलियों में इसकी सप्लाई करता था। आबकारी टीम के पहुंचने से पहले ही आरोपी मौके से फरार होने में सफल रहा। इस मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक प्रेम यादव और विभाग की टीम शामिल थी।

### कलेक्टर के सामने पांचवीं के बच्चे नहीं पढ़ सके किताब

## गणित के सवाल भी हल नहीं कर सके, दो टीचर्स का वेतन रोकने के आदेश



**अकोदिया।** शाजापुर जिला कलेक्टर ऋतु बाफना ने गुलाना क्षेत्र के शासकीय प्राथमिक विद्यालय बाड़ीगांव और प्राथमिक विद्यालय सलसलाई का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और स्वयं बच्चों के बीच फर्श पर बैठकर चौथी व पांचवीं के विद्यार्थियों को पढ़ाया। कलेक्टर ने छात्रों की शैक्षणिक गुणवत्ता की जांच की और कमजोर प्रदर्शन पर नाराजगी व्यक्त करते हुए शिक्षकों को फटकार लगाई। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बच्चों से हिंदी पढ़वाई, जोड़-घटाव करवाया और सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछे। कई विद्यार्थी आज की तारीख, वर्तमान महीना, सर्दी किस महीने में पड़ती है और स्कूल किस तारीख को खुले जैसे सामान्य सवालों के जवाब नहीं दे पाए। इस पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई। दोपहर 3 बजे सलसलाई के प्राथमिक विद्यालय के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ऋतु बाफना ने बालक एवं कन्या प्राथमिक विद्यालय में विद्यार्थियों की कम उपस्थिति तथा पाठ्यक्रम वितरण में लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कन्या प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका पवित्र मालवीय तथा शिक्षक रामबाबू तिवारी का एक-एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए।

## जाहिर सूचना

एतद सर्वसाधारण का सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार ने 1- सोहन पिता तेजकरण 2-ज्योति पिता गिरधारी, 3-तेजकरण पिता बाबूलाल समस्त जाति-माली, समस्त कृषक ग्राम कस्बा उज्जैन तहसील उज्जैन नगर जिला उज्जैन के संयुक्त स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 11/1/1/1 रकबा 0.0400 हे., सर्वे नं. 11/1/2/1 रकबा 0.0270 आरे, सर्वे नम्बर 13/1/1/1 रकबा 0.2280 हे., सर्वे नं. 13/2/1 रकबा 0.3310 आरे, इस प्रकार कुल आरे 0.626 हे. में से 0.600 अर्थात तीन बीघा कृषि भूमि कस्बा उज्जैन तहसील उज्जैन नगर जिला उज्जैन को क्रय करने का सौदा किया हैं तथा बयाना पेटे आंशिक राशि अदा कर दी हैं मात्र अब शेष विक्रय मूल्य की राशि अदा करके विक्रय पत्र का निष्पादन मेरे पक्षकार के हित में होना शेष हैं यदि अनुबंधित कृषि भूमि में किसी भी व्यक्ति का स्वत्व, हित या संस्था, बैंक, का भार हो या किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, को उक्त सौदे के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। 7 दिन की अवधि पूर्ण हो जाने के पश्चात अनुबंध पत्र के संबंध में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो। इति दिनांक 04.07.2026

**मनोज गुर्जर एडवोकेट**
**पता-चेम्बर नं.53, सर्विस बिल्डिंग, नवीन कोर्ट परिसर, उज्जैन म.प्र.**
**मोबा. 9827637380**

## अधीक्षण यंत्री दिलीप बिगोनिया ने गुना में जॉइनिंग

**गुना।** लोक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी में लंबे समय के बाद शहडोल से स्थानांतरित होकर आए अधीक्षण यंत्री दिलीप बिगोनिया ने गुना सर्कल में अधीक्षक यंत्री के पद पर शुक्रवार को ज्वाइन दी हैं। आपको बता दे की श्री विगोनिया गुना के स्थाई निवासी हैं और कुछ समय पहले पड़ोसी जिला अशोकनगर में अपनी 10 साल बेहतरीन सेवाएं दे चुके हैं। अब अधीक्षण यंत्री के पद पर गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, श्योपुर में सड़कों के विकास के लिए हर संभव प्रयास करते हुए सुविधा प्रदाय करवाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने सड़कों की क्वालिटी गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का आश्वासन दिया है। श्री बिगोनिया की जॉइनिंग पर पीडब्ल्यूडी के कर्मचारी, ठेकेदार एवं मिलने जुलने वालों का हुजूम लगा रहा। अधीक्षण यंत्री के रूप में गुना जॉइनिंग पर सभी ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## प्रियंका शुक्ला होगी जिले की नई एसपी

**शाजापुर।** मध्य प्रदेश में कानून-व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से राज्य शासन ने पुलिस महकमे में एक बार फिर महत्वपूर्ण फेरबदल किया है। इसी प्रशासनिक कसावट के तहत शाजापुर जिले की पुलिस कमान अब बदल गई है। जिले में अपराध नियंत्रण, यातायात और आमजन की सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी अब एक नई युवा अधिकारी के हाथों में होगी। मध्य प्रदेश शासन के गृह विभाग द्वारा शुक्रवार को जारी की गई भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों की तबादला सूची में शाजापुर जिले के पुलिस अधीक्षक का परिवर्तन किया गया है। शासन द्वारा जारी नए आदेश के अनुसार, वर्ष 2019 बैच की आईपीएस अधिकारी प्रियंका शुक्ला को शाजापुर जिले का नया पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। शाजापुर जिले का प्रभार मिलने से पूर्व शुक्ला पुलिस मुख्यालय, भोपाल में सहायक पुलिस महानिरीक्षक (एआईजी) के महत्वपूर्ण पद पर अपनी सेवाएं दे रही थीं।

## कांग्रेस पार्षद दल ने किया प्रदेश महासचिव का स्वागत

**शाजापुर।** संगठन में नई ऊर्जा और मजबूती भरने के उद्देश्य से प्रदेश कांग्रेस द्वारा दी जा रही महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों के बाद, नव नियुक्त पदाधिकारियों का उत्साहपूर्वक अभिनंदन लगातार जारी है। इसी कड़ी में, प्रदेश कांग्रेस नगर निकाय प्रकोष्ठ के नव नियुक्त महासचिव सरदार मूसा आजम खान का शाजापुर में सम्मान किया गया। यह सम्मान समारोह शाजापुर नगर पालिका के कांग्रेस पार्षद दल द्वारा मोहल्ला दायरा स्थित नेता प्रतिपक्ष अजीज मंसूरी के निवास पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वयं नेता प्रतिपक्ष अजीज मंसूरी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग, शाजापुर के अध्यक्ष राजेश पारछे मौजूद रहे। आयोजन में विशेष अतिथि के तौर पर पार्षद प्रतिनिधि सत्या वात्रे, धर्मेंद्र प्रजापति, मनोज गवली और रईस पठान ने भी शिरकत की। इस अवसर पर उपस्थित सभी वरिष्ठ नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने सरदार मूसा आजम खान का शॉल और श्रीफल भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया।

## एनडीपीएस मामले में दस साल से फरार आरोपी धराया

**शाजापुर।** एनडीपीएस मामले में दस सालों से फपरार वल रहा आरोपी मुखबिर की सूचना पर धरा गया। जानकारी के अनुसार जिले की सुनेरा थाना पुलिस ने वर्ष 2017 के एक एनडीपीएस मामले में 10 साल से फरार चल रहे 10 हजार रुपए के इनामी आरोपी जगदीश परमार को गिरफ्तार किया है। आरोपी सीहोर का निवासी है। पुलिस ने शनिवार को मुखबिर की सूचना पर आरोपी को सीहोर से पकड़ा और शाजापुर लेकर आई। कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार 9 सितंबर 2017 को उकावता चौकी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जलोदा जोड़ के पास नाकाबंदी की थी। इस दौरान एक टवेरा वाहन से एक क्विंटल गांजा जब्त किया गया था। कार्रवाई के दौरान वाहन चालक नवीन शर्मा को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया था, जबकि उसका साथी राजेश उर्फ राजा फरार हो गया था। इस मामले में अन्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था। जगदीश परमार लगातार पुलिस की गिरफ्त से बच रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर तत्कालीन पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत ने 10 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया था।

## सीएम राइज स्कूल की अव्यवस्थाओं को लेकर विरोध

**शाजापुर।** स्थानीय सीएम राइज स्कूल में लगातार सामने आ रही अव्यवस्थाओं और छात्रों को हो रही परेशानियों को लेकर शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने कड़ा ऐतराज जताया। पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने स्कूल पहुंचकर प्राचार्य से मुलाकात की और अपना विरोध दर्ज कराते हुए जल्द समस्या के समाधान की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य रूप से स्कूल में शिक्षकों की भारी कमी, परिवहन व्यवस्था के अभाव और प्रशासनिक कमियों का मुद्दा उठाया। कांग्रेस नेताओं ने प्राचार्य को अवगत कराया कि परिवहन की उचित सुविधा न होने के कारण विशेषकर गरीब तबके और दूरदराज से आने वाले छात्रों को स्कूल पहुंचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा, पर्याप्त शिक्षण स्टाफ न होने से बच्चों की पढ़ाई सुचारू रूप से नहीं हो पा रही है, जिसका सीधा असर शिक्षा की गुणवत्ता पर पड़ रहा है। कांग्रेस नेताओं ने प्राचार्य से इन सभी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की और कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। उन्होंने स्पष्ट किया कि गरीब छात्रों की शिक्षा में आ रही इन बाधाओं को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांग्रेस ने मांग की है कि इन सभी समस्याओं का जल्द से जल्द निदान किया जाए ताकि विद्यार्थियों का भविष्य सुरक्षित हो सके।

# शासकीय सेवा में कर्मचारी हितों को सर्वोपरि रखने वाले हमेशा याद किए जाते है- विधायक

**दैनिक अवन्तिका » शाजापुर**

शासकीय सेवा के दौरान जो अधिकारी कर्मचारियों की समस्याओं को समझकर उनके हित में काम करते हैं, वे अपनी एक अलग पहचान बना लेते हैं। संयुक्त संचालक वित्त जी.एल. गुवाटिया ने भी शाजापुर जिले में अपनी इसी कार्यप्रणाली से कर्मचारियों के बीच एक गहरी छाप छोड़ी है। यही कारण है कि तकनीकी शिक्षा विभाग भोपाल के पद पर उनका प्रमोशन और स्थानांतरण होने पर प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा उनके सम्मान में शनिवार को एक समारोह आयोजित किया गया, जहां उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक अरुण भीमावद एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. रवि पांडे मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री व जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह पंवार ने की। इस मौके पर विधायक भीमावद ने गुवाटिया के कार्यकाल की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिलाध्यक्ष डॉ. पांडे ने उन्हें नई जगह पर भी प्रधानमंत्री के मिशन को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। वहीं, रघुवीर सिंह पंवार ने गुवाटिया के साथ अपने 35 वर्षों के पुराने संबंधों को मंच से साझा किया। उन्होंने जिला कोषालय व पेंशन अधिकारी के रूप में गुवाटिया द्वारा किए गए कर्मचारी हितैषी कार्यों और सहयोग के लिए विशेष रूप से आभार जताया।




**अन्य संगठनों के पदाधिकारियों ने ली सदस्यता-** समारोह के दौरान पेंशनर्स की एकजुटता भी देखने को मिली। शुजालपुर और मो. बड़ोदिया से गंगाधर वर्मा के नेतृत्व में आए दूसरे संगठनों के कई पदाधिकारियों ने प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन की सदस्यता ग्रहण की। अतिथियों ने सभी नए सदस्यों का पुष्पहार से स्वागत कर सम्मान किया। इसके अलावा महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष मधुकांता दवे के नेतृत्व में नवनियुक्त महिला पदाधिकारियों को अतिथियों के हाथों नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए गए। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ लालशंकर मेहता के मार्गदर्शन में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पूजन के साथ हुआ। जिलाध्यक्ष पंवार ने स्वागत भाषण दिया तथा बी.एल. मेहता ने अभिनंदन पत्र का वाचन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में पेंशनर्स मौजूद रहे।

# क्रिकेट आनलाइन सट्टा गिरोह की धरपकड़

**गुना।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल द्वारा जिले में विभिन्न अवैध एवं अनैतिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने अधीनस्थ अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों के पालन में गुना पुलिस द्वारा जिले में विभिन्न अवैध अथवा अनैतिक गतिविधियों में संलिप्त माफियाओं, कारोबारियों, तस्करों आदि पर निरंतर प्रभावी एवं सख्त कार्यवाहियां की जा रहीं हैं। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह सुमन के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी गुना विवेक अष्ठाना के पर्यवेक्षण में बमोरी थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप राजौरिया और उनकी टीम द्वारा क्रिकेट मैचों पर ऑनलाईन सट्टा संचालित करने वाले एक बड़े और संगठित गिरोह के एक और फरार सदस्य की विधिवत गिरफ्तारी की काय्रवाही की गई है।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 03 अप्रैल 2026 की रात्रि में बमौरी थाना पुलिस द्वारा ऑनलाईन सट्टा खिलाने की सूचना पर बागेरी रोड पेट्रोलपंप के पास से मोहसिन अली एवं सईद अली निवासीगण बमोरी को ऑनलाईल सट्टा खिलाते हुए गिरफ्तार कर क्रिकेट मैचों पर ऑनलाईन सट्टा संचालित करने वाले एक बड़े और संगठित गिरोह का पर्दाफास किया गया था। पुलिस द्वारा गिरोह में शामिल कुल 11 सदस्यों के विरुद्ध बमौरी थाने में अप.क्र. 68/26 धारा 4 सट्टा अधिनियम एवं 112(1) बीएनएस के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई थी। प्रकरण में बमौरी थाना पुलिस द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए दिनांक 05 अप्रैल 2026 को दो और सदस्य आरोपी मनीष किरार निवासी ग्राम बिदाखेडी एवं साकिर शाह निवासी बमोरी को गिरफ्तार कर लिया गया था।

प्रकरण में फरार अन्य आरोपियों की बमोरी थाना पुलिस द्वारा निरंतर तलाश की जा रही है। जिनकी तलाश के क्रम में आज दिनांक 04 जुलाई 2026 को फरार एक और सदस्य आरोपी प्रदीप सिंह पुत्र मोहन सिंह ठाकुर उम्र 42 साल निवासी जूनी इंदौर की गिरफ्तारी की विधिवत कार्यावही की गई।

## भाजपा की बजरंगगढ़ मंडल की मासिक बैठक संपन्न, डिजिटल लर्निंग पर चर्चा हुई

**गुना।** भारतीय जनता पार्टी के अंतर्गत बजरंगगढ़ मंडल की मासिक बैठक आयोजित की गई जिसमें पार्टी द्वारा गत माह आयोजित किए गए कार्यक्रमों की समीक्षा एवं आगामी माह आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई।

बैठक में पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के प्रभावी उपयोग, संगठन की कार्यप्रणाली को और अधिक सशक्त बनाने तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की, साथ ही सभी कार्यकर्ताओं से संगठन की रीति-नीति को जन-जन तक पहुँचाने के लिए सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री पीरसिंह पिता श्री निर्भयसिंह, निवासी ग्राम झूमकी, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन म.प्र. से उनके मालकी व आधिपत्य की भूमि सर्वे क्रमांक 106/1 रकबा 0.15 हेक्टेयर भूमि स्थित ग्राम झूमकी, तहसील बडनगर, जिला उज्जैन म.प्र. को क्रय करने का सौदा तय कर लिया होकर उन्हें बयाना राशि अदा कर दी है तथा उपरोक्त भूमि के विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उपरोक्त भूमि के संबंध में किसी भी संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, पेढ़ी अथवा प्रायवेट व्यक्ति का कोई बोझ या ऋण बकाया हो या भूमि के संबंध में किसी भी न्यायालय या फोरम में कोई वाद-विवाद विचाराधीन हो अथवा भूमि में किसी भी अन्य व्यक्ति का कोई स्वत्व या हित निहित हो या भूमि के विक्रय होने में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मय दस्तावेजी प्रमाण के प्रत्यक्ष रूप से मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर मुझसे संपर्क कर लेवें। अन्यथा बाद मियाद गुजरने के सूचना मेरे पक्षकार द्वारा कृषि भूमि का शेष विक्रय मूल्य अदा कर उसके विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जाएगा। तत्पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। दिनांक 05/07/2026

**सर्विस प्रोवाईडर - सुमित बावेजा**
**सी-22/19, महाकाल वाणिज्यिक केन्द्र,**
**नानाखेडा, उज्जैन मो. 8770336766**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरा पक्षकार लोकेन्द्र सिंह पिता गजराज सिंह जी, आयु 33 वर्ष, जाति राजपुत, निवासी ग्राम तुलाहेड़ा व कृषक ग्राम धन्नाखेड़ी तहसील घटिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश के होकर, मेरे पक्षकार की निजी स्वामित्व स्वत्व व आधिपत्य एवं हक हिस्से की कृषि भूमि जिसका भूमि सर्वे नम्बर 297/7 रकबा 2.00 हेक्टेयर भूमि स्थित ग्राम धन्नाखेड़ी तहसील घट्टिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर, उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का अनुबंध किया होकर क्रेतापक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर, सौदा चिट्ठी/अनुबंध पत्र का संपादन करवा लिया गया होकर, अनुबंध कर शेष बकाया राशि धन प्राप्त कर उक्त भूमि का पंजीयन केतापक्ष के नामे करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार हो अथवा उक्त संपत्ति किसी को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित कि हो या किसी भी व्यक्ति की लेनदायरी आदि हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से सात (07) दिवस की अवधि में मय लिखीत प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मे आकर सम्पर्क करें, एंव अपना दावा एंव आपत्ति रखे। अन्य दशा में बाद अविध मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र क्रेतापक्षकार द्वारा संपादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व बाद कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हों। दिनांक 04-07-2 026

**अरविन्द शर्मा दस्तावेज लेखक**
**पता- दुकान नम्बर 01, न्यू बस स्टेण्ड, तहसील कार्यालय के सामने, तहसील घट्टिया जिला उज्जैन**
**मो. 9424014405, 9009985774**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूखण्डस्वामी 1-श्री बद्रीलाल पिता श्री मोतीलाल जी परमार निवासी ग्राम बिरगोदा तहसील तराना जिला उज्जैन 2- श्रीमती कला परमार पति श्री जयरामजी परमार निवासी-बी-29 किरण कुन्ज एनटीपीसी वार्ड नंबर 25 अन्ता बारां राजस्थान के स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक डी-32 व भूखण्ड क्रमांक डी-33,34,35 जो भूमि सर्वे क्रमांक 197/2/2 रकबा 1.254 हैक्टर व सर्वे नंबर 198/1 रकबा 0.836 हैक्टर कुल किता 2 कुल रकबा 2.090 हैक्टर में से रकबा 0.418 हैक्टर में का भाग स्थित ग्राम पंवासा, मक्सी रोड, तहसील व जिला उज्जैन में है। जिसका कुल संयुक्त क्षेत्रफल 1920 वर्गफीट अर्थात 178.57 वर्गमीटर है। उक्त संपति को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा कर लिया है तथा आंशिक बयाना राशि अदा कर दी है शेष राशि अदा कर विक्रय कराया जाना बाकी है। अत: उक्त वर्णित संपति किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वितीय संस्था आदि का कोई ऋण, आर, बकाया हो, उक्त वर्णित संपति में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा मियाद गुजरने पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित संपत्ति के विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो।

दिनांक 04-07-2026

**शुभम नगरिया एडव्होकेट**
**दुकान नंबर सी 2/12 महाकाल वाणिज्यक केन्द्र**
**नानाखेडा उज्जैन मो. 97706-66658**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भवनस्वामी विनोद कुमार पिता श्री रोचीराम जी बासवानी निवासी 298, अलखधाम नगर, कालोनी, उज्जैन (म.प्र.) के एकांकी स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य का भवन म्यु क्रमांक पुराना 2/980 जिसका वर्तमान नगर पालिक निगम नंबर 45 स्थित अम्बाप्रसाद तिवारी मार्ग, उज्जैन में है। जो तीन मंजिला आरबीसी की छत का निर्मित होकर बना हुआ है उक्त भवन के भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 146.32 वर्गफीट है जिसकी पैमाईश लम्बाई पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर दक्षिण उत्तर व दक्षिण 27.43 मीटर अर्थात 90 फीट चौड़ाई उत्तर से दक्षिण बतरफ पूर्व 5.638 मीटर व अर्थात 18 फीट व 6 इंच व बतरफ पश्चिम 5.030 मीटर अर्थात 16 फीट व 6 इंच व चर्तुसीमा में पूर्व की ओर गली, पश्चिम की ओर सडक अम्बाप्रसाद तिवारी मार्ग उत्तर की ओर मकान सुरेश जैन पिता मांगीलाल जी जैन का, दक्षिण की ओर मकान कैलाश बोबरिया का मकान है, उक्त संपत्ति को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का विक्रय सौदा कर लिया है, तथा आंशिक बयाना राशि अदा कर दी है शेष राशि अदा कर रजिस्ट्री कराना बाकी है। अत: उक्त वर्णित संपति किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था आदि का कोई ऋण, भार, बकाया हो, उक्त वर्णित संपत्ति में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे। ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा मियाद गुजरने पश्चात किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो।

इति दिनांक 03-07-2026 स्थान उज्जैन

**गौरव गौदावत ( जैन ), एडव्होकेट**
**दुकान नंबर -डीएफ-7 भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स,**
**देवास रोड़ उज्जैन मो. 99260-68606**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि लालचंद भाटी पिता स्व. श्री नाथूलाल भाटी एवं राजेश भाटी पिता स्व. श्री नाथूलाल भाटी निवासीगण- 68 चौसठ योगिनी मार्ग उर्दुपुरा उज्जैन म.प्र. के स्वामीत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 432/1 रकबा 2.090 है. मे से रकबा 0.7315 है. अर्थात 0.209है. के मान से साडे तीन बीघा भूमि ग्राम भीतरीचक-2 तहसील उज्जैन नगर जिला उज्जैन में स्थित है। उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि को क्रय किये जाने का सर्वोक्त ऋण भार से मुक्त मालिकाना अधिकारों सहित लिखित अनुबंध मेरे पक्षकार के द्वारा किया गया है तथा बयाना राशि भी अदा कर दी गई है तथा अनुबंध अनुसार मेरे पक्षकार के हित मे नियत अवधि में विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन करवाया जाना शेष है। उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त कृषि भूमि पर किसी प्रकार का कोई ऋण भार बकाया हो या उक्त कृषि भूमि पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग आदि इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय मे कार्यालयीन समय सायं 04 से 06 के मध्य मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकें अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन अपने हित में करवा लिया जावेगा तथा अवधि समाप्ति पश्चात की गई कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगी। सूचित हो। इति दिनांक 04/07/2026

**यशपाल गेहलोत, सर्विस प्रोवाईडर**
**कार्यालय- सी एफ3 भरतपुरी शापिंग कॉमप्लेक्स उज्जैन**
**मो. 8839742938**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने आर. के. डेवलपर्स पता-305 NAVKAR SQUARE TEEN BAATI SQUARE UJJAIN M.P. तर्फे भागीदार श्री राकेश अग्रवाल पिता श्री कन्हैयालाल जी अग्रवाल निवासी 139 आर. के. होम्स प्रिंस हुण्डई शोरूम के सामने उज्जैन की क्रयानुबंधित कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 753/3/1/1/3 (एस) रकबा 0.5960 हेक्टर सर्वे क्रमांक 754/1/1/4 (एस) 755/2/1/मीन शामिल रकबा 1.0450 हेक्टर कुल किता 2 कुल रकबा 1.6410 हेक्टर ग्राम उण्डासा प.ह.न. 0096 तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है, जिसके मूलस्वामी मॉ. भीमेश्वरी देवकान प्रायवेट लिमिटेड मुख्य कार्यालय-22/2, घटकरपर मार्ग फ्रीगंज उज्जैन (म.प्र.) द्वारा डायरेक्टर तरूण कौशिक पिता श्री ताराचंद जी कौशिक निवासी 46/18, राजस्व कॉलोनी उज्जैन है, उक्त संपति को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का अनुबंध कर लिया है, तथा बयाना राशि अदा कर दी है सिर्फ शेष राशि अदा कर मूलस्वामी से विक्रय पत्र का पंजीयन कराया जाना बाकी है। अत: उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था आदि का कोई ऋण, भार, बकाया हो, उक्त वर्णित संपति में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित संपति के विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेगे व किसी की कोई आपति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो। इति दिनांक 04-07-2026 स्थान उज्जैन

**शुभम नगरिया एडव्होकेट**
**दुकान नंबर सी 2/12 महाकाल वाणिज्यक केन्द्र**
**नानाखेडा उज्जैन मो. 97706-66658**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी 01 जितेन्द्रसिंह पिता बलवंतसिंह, 02 अनिताकुवर पुत्री बलवंतसिह, 03 सुनिताकुंवर पुत्री बलवंतसिंह व राजकुवरबाई पति अलवंतसिंह राजपूत निवासीगण ग्राम खरसोदखूर्द तहसील बड़नगर जिला उज्जैन से उनके संयुक्त स्वामीत्व एवम् आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 1837 रकबा 1.87 हेक्टर तथा भूमि स्वामी श्रीमती अनिता पति जितेन्द्रसिंह राजपूत निवासी ग्राम खरसोदखूर्द तहसील बडनगर जिला उज्जैन के स्वामीत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 1838 रकबा 1.05 हेक्टर स्थित ग्राम खरसादेखूर्द तहसील बड़नगर जिला उज्जैन को कय करन का सौदा उपरोक्त भूमि स्वामी से विधिवत् तय कर बयाना राशि प्रदान कर दी है तथा उपरोक्त भूमि खाते के भूमि स्वामी द्वारा विधिवत् एक सौदा चिट्ठी मेरे पक्षकार के पक्ष मे निष्पादित की गई है व शीघ्र ही उपरोक्त अनुबंधित भूमि का विक्रयपत्र मेरे पक्षकार के पक्ष में निष्पादित व पंजीकृत होना है। यदि उक्त भूमि के सम्बंध में किसी संस्था, बैंक, निकाय, निजी ऋणदाता का किसी प्रकार का कोई ऋण, भार, बंधक हो अथवा यह सम्पत्ती किसी के पक्ष में रहन हो या इस सम्बंध के सम्बंध में किसी के पक्ष में कोई अनुबंधपत्र, मुखत्यारनामा आम या मुखत्यारनामाखास निष्पादित हो अथवा इस सम्बंध में उपरोक्त भूमि स्वामीयो के अतिरिक्त अन्य किसी भी व्यक्ति का कोई हित, स्वत्व, अधिकार हो या अन्य कोई आपत्ती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस मे मेरे कार्यालय मे लिखित रूप से मय दस्तावेजी प्रमाण के आपत्ती दर्ज करावे अवधि व्यतीत होने के पश्चात् कोई आपत्ती मान्य नही होगी। सूचित हो । दिनांक 04.07.2026

**सूर्यकुमार परमार, एडवोकेट**
**19/20 मंगलम् परिसर, बडनगर**
**जिला उज्जैन मो. 9977060138**

### जाहिर सूचना का उत्तर एवं आपत्ति

**( भूमि/भूखण्ड सर्वे नंबर 35/7 रकबा 0.026 हेक्टारे स्थित ग्राम शंकरपुर तहसील उज्जैन नगर जिला उज्जैन के सम्बन्ध में ) ( दैनिक समाचार-पत्र अवंतिका में दिनांकित 28-06-2026 के पृष्ठ क्रमांक 8 पर प्रकाशित )**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 28-06-2026, रविवार के दैनिक समाचार पत्र दैनिक अवंतिका के अंक में पृष्ठ क्रमांक 8 पर श्री शेख गुलाम रसूल (शहजादा) एडवोकेट ऑफिस न्यू हरिफाटक महाकाल मार्ग बेगमबाग चौराहा, उज्जैन द्वारा भूमि/भूखण्ड सर्वे नंबर 35/7 रकबा 0.026 हेक्टारे स्थित ग्राम शंकरपुर तहसील उज्जैन नगर जिला उज्जैन को विक्रय किए जाने से संबंधित जाहिर सूचना प्रकाशित की गई है. जिसका मेरे पक्षकारगण लव नारंग पिता श्री रामनिवास नारंग, कुश नारंग पिता श्री रामनिवास नारंग, ईश नारंग पिता श्री रामनिवास नारंग, यश नारंग पिता श्री रामनिवास नारंग निवासीगण-12, क्षपणक मार्ग, माधवनगर उज्जैन की ओर से उत्तर दिया जाकर सूचित किया जाता है कि भूमि सर्वे नंबर 35/7 रकबा 0.0260 हेक्टारे स्थित ग्राम शंकरपुर तहसील उज्जैन नगर जिला उज्जैन की जो चर्तुसीमा जाहिर सूचना में दर्शाई गई है, उक्त चर्तुसीमा मेरे पक्षकारगण के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे नंबर 35/2 रकबा 0.026 हेक्टेयर की है। मेरे पक्षकारगण ने भूमि सर्वे नंबर 35/2 रकबा 0.026 हेक्टेयर के संबंध में एक वाद पत्र न्यायालय नवम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, उज्जैन के संबंध में प्रस्तुत किया है जो प्रकरण क्रमांक 680-ए/2025 सा. वाद पर दर्ज होकर विचाराधीन है। उक्त संपत्ति मेरे पक्षकारगण की है, उक्त संपत्ति की जाहिर सूचना का खण्डन मेरे पक्षकारगण के द्वारा किया जा रहा है। भूमि सर्वे नंबर 35/7 की चर्तुसीमा गलत दर्शाकर जाहिर सूचना का प्रकाशन किया गया है जो कि अवैधानिक होकर मेरे पक्षकारगण के प्रति षड़यंत्रकारी कृत्य है। अत: इस उत्तर के माध्यम से सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में हस्तांतरण करने का प्रयास न करें अन्यथा ऐसा हस्तांतरण मेरे पक्षकार के मुकाबले शून्य व निष्प्रभावी होगा व होने वाले परिणामों की जवाबदारी भी आपके पक्षकार की होगी। उज्जैन, दिनांक 04-07-2026

**अश्विन चौधरी बी. कॉम. एल-एल.बी.अभिभाषक**
**निवासी-जय महाकाल 38/8, विश्वविद्यालय मार्ग**
**पेडणेकर नर्सिंग होम परिसर, उज्जैन**
**कार्यालय-8, टीआईटी क्वाटर गीता कॉलोनी, उज्जैन**
**फोन नं. 0734-2530888 मो. 9827581378**

दैनिक अवन्तिका

www.awantika.com

RATLAM • MANDSOUR • NEEMACH



## न्यूज-कॉलम

### उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बैज से सम्मानित हुए राघव जैन

**मन्दसौर।** 19 वर्षीय राघव जैन ने राष्ट्रीय स्तर के बेसिक वॉटर स्पोर्ट्स प्रशिक्षण शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। राघव का चयन हिमाचल प्रदेश सरकार के मिनिस्ट्री ऑफ यूथ सर्विस और स्पोर्ट्स रीजनल वॉटर स्पोर्ट्स सेंटर, पोंग डैम (जिला कांगड़ा) में आयोजित प्रतिष्ठित प्रशिक्षण शिविर के लिए हुआ था, जहाँ उन्होंने एनसीसी अधिकारी जितेन्द्र कनौजिया के मार्गदर्शन में सहभागिता की। इस 14 दिवसीय शिविर में प्रिंसिपल इंचार्ज दीपक ठाकुर और अन्य विशेषज्ञ प्रशिक्षकों के नेतृत्व में राघव ने हाइड्रोलिक सर्फिंग, वॉटर स्कीइंग, बोर्ड सर्फिंग, सेलिंग, कयाकिंग, कैनोइंग और राफ्टिंग जैसी साहसिक जल क्रीड़ाओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस राष्ट्रीय शिविर में देश के विभिन्न राज्यों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था।

### पशुपतिनाथ मंदिर में आज सजेगा बाबा श्याम का दरबार

**मंदसौर।** भगवान पशुपतिनाथ की पावन नगरी मंदसौर में आस्था और भक्ति की एक अनूठी शाम सजने जा रही है। श्री श्याम भजन मंडल रतलाम के विशेष सहयोग से श्री पशुपतिनाथ मंदिर परिसर स्थित हॉल में आज 5 जुलाई, रविवार को शाम 5 बजे से बाबा श्याम की भव्य भजन संध्या का गरिमामयी आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक मंदसौर का सुरेश चंद्र दवे परिवार है, जो इस आयोजन को भव्य और सफल बनाने के लिए पूरी श्रद्धा से जुटा हुआ है। आयोजन समिति और दवे परिवार ने क्षेत्र के सभी श्याम प्रेमियों और धर्मप्राण जनता से अधिक से अधिक संख्या में पधारने का भावभरा अनुरोध किया है। भजन संध्या के दौरान श्रद्धालु बाबा श्याम के अलौकिक व आकर्षक श्रृंगार के दर्शन कर सकेंगे और दिव्य ज्योत की उपस्थिति में भक्ति रस का आनंद लेकर पुण्य लाभ अर्जित कर सकेंगे।

### जिले में अब तक 200 .9 मि.मी. वर्षा दर्ज

**नीमच।,** जिले में चालू वषार्काल के दौरान अब तक औसत 200.9 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष इस अवधि में औसत 314.5 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई थी।अधीक्षक भू-अभिलेख नीमच से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में एक जून से इस वर्ष अब तक नीमच में 222.0 मि.मी., जावद में 202 मि.मी., सिंगोली में 226.7 मि.मी. एवं मनासा में 153 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई हैं। जबकि गत वर्ष इस अवधि में नीमच में 293.6 मि.मी.जावद में 330.0 मि.मी., सिंगोली में 434.6 व मनासा में 200 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 4 जुलाई 2026 को प्रातः 8 बजे तक पिछले 24 घंटे में औसत 17.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटे में नीमच में 31, जावद में 20, मनासा में 3 एवं सिंगोली में 16.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

### डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी संस्मरण वर्ष में कार्यकर्ता सम्मेलन होगा

**रतलाम।** भारतीय जनता पार्टी पितृपुरुष डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 125 जयंती वर्ष मे 23 जून से 6 जुलाई तक स्मरण पखवाड़ा मना रही है। पखवाडा के समापन अवसर पर 6 जुलाई को दोपहर 1 बजे रंगोली परिसर मे जिला कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। सम्मेलन की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय करेगे। जिला मीडिया प्रभारी अरुण त्रिपाठी ने बताया कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी संस्मरण पक्ष के तहत हो रहे सम्मेलन मे संभाग प्रभारी सुरेश आर्य, जिला प्रभारी विवेक जोशी, कैबिनेट मंत्री चैतन्य काश्यप , विधायक डॉ.राजेन्द्र पाण्डेय, चिंतामणि मालवीय , मथुरालाल डामर उपस्थित रहेगे।

### नगर में निरंतर चल रहा है स्वच्छता का कार्य

**रतलाम।** रतलाम नगर को ओर अधिक स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने के उद्देश्य से महापौर प्रहलाद पटेल के निदेर्शानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता का कार्य करवाया गया।नगर निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा वार्ड 2 लक्ष्मणपुरा, वार्ड 47 मौमिनपुरा, वार्ड 48, 23, समता परिसर, समता सिटी, घांस बाजार, में चल रहा है।

## भाई-बहन की पहाड़ी पर 'त्रिवेणी वन रोपण महाअभियान' के तहत

# वृहद स्तर पर बरगद, पीपल और नीम का रोपण किया जाएगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

इस वर्ष ग्रीष्म ऋतु में विश्व के सबसे गर्म शहरों की सूची में शामिल रहे रतलाम को फिर से हरित और शीतल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। 5 जुलाई से 12 अगस्त 2026 तक रतलाम-शिवगढ़ रोड स्थित भाई-बहन की पहाड़ी पर 'त्रिवेणी वन रोपण महाअभियान' के तहत वृहद स्तर पर त्रिवेणी (बरगद, पीपल और नीम) का रोपण किया जाएगा।

त्रिवेणी वन रोपण महाअभियान को लेकर महत्वपूर्ण बैठक 5 जुलाई 2026 को शाम 4 बजे विधायक सभागृह, बरबड़ रोड, रतलाम पर होगी। इसमें समाज के सभी वर्गों के प्रमुख, पर्यावरणविद, प्रकृति प्रेमी, स्वयंसेवक, सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं तथा संगठनों के प्रमुख शामिल होंगे। इस दौरान महाअभियान के पोस्टर का विमोचन के साथ ही सभी को महाअभियान के संबंध जानकारी दी जाएगी।

**अलग-अलग चरणों में चलेगा अभियान**

त्रिवेणी वन रोपण महाअभियान अलग-अलग चरणों में चलेगा। पहले चरण में 5 जुलाई से 12 अगस्त 2026 तक शिवगढ़ रोड स्थित भाई-बहन की पहाड़ी पर 1100 त्रिवेणी का रोपण होगा। इसके बाद अन्य क्षेत्र में त्रिवेणी रोपण किया जाएगा। यह कार्य समाज के सहयोग से ही होगा। विशेष बात यह है कि इन पौधों की देख-रेख तब तक की जाएगी जब तक कि वे वृक्ष का रूप नहीं ले लेते।

### दो माह चला मंथन, तब बना महाअभियान का खाका

बता दें कि, इस वर्ष ग्रीष्म ऋतु में रतलाम का अधिकतम तापमान 46.5 डिग्री सेल्सियस तक जा चुका है और रतलाम विश्व के 10 सबसे गर्म शहरों में शामिल हो चुका है। इस स्थिति को देखते हुए लगभग दो महीने से प्रबुद्धजनों, पर्यावरण प्रेमियों और सामाजिक कार्यकताओं ने लगातार विचार-विमर्श किया। इसमें यह बात उभर कर आई कि जलवायु परिवर्तन और अन्य कारणों के अलावा गुजरात और राजस्थान की ओर से आने वाली गर्म और शुष्क हवाओं के कारण स्थिति ज्यादा भयावह हो रही है। इसे रोकने का दीर्घकालिक उपाय रतलाम के आसपास सघन वन रोपण ही है। इसमें त्रिवेणी (बरगद, पीपल और नीम) महती भूमिका निभा सकती है। इन तीनों ही वृक्षों का वैज्ञानिक, औषधीय, धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है। ये जमीन का कटाव रोकने, वातावरण को स्वच्छ बनाने तथा अन्य वनस्पतियों और जीवों के संरक्षण में भी सहायक हैं।

## साइबर सुरक्षा अभियान सेफ क्लिक 2.0 के तहत

# एसपी ने जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी, चित्रकला और बैंक संगोष्ठी का हुआ आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



म.प्र. पुलिस द्वारा संचालित साइबर सुरक्षा जन-जागरूकता अभियान च्सेफ क्लिक 2.0 के अंतर्गत मंदसौर जिले में एसपी विनोद कुमार मीणा के मार्गदर्शन में व्यापक जन-जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस कंट्रोल रूम से एक विशेष साइबर जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जो जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर आमजन को सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार और डिजिटल सुरक्षा के प्रति सचेत करेगा।

अभियान के तहत पुलिस कंट्रोल रूम परिसर में एक चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने सुरक्षित इंटरनेट उपयोग और ऑनलाइन ठगी से बचाव जैसे विषयों पर अपनी रचनात्मक कलाकृतियां प्रस्तुत कीं। इसके अलावा, नगर के विभिन्न बैंकों के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए एक विशेष कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें उन्हें ऑनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी, फिशिंग लिंक, ओटीपी फ्रॉड और नवीन साइबर अपराधों की जानकारी दी गई। एसपी श्री मीणा ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें और धोखाधड़ी होने पर तुरंत राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 या अधिकारिक वेबसाइट पर शिकायत दर्ज कराएं।



# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में दीक्षारंभ समारोह संपन्न

**राज्यसभा सांसद व पूर्व विधायक ने विद्यार्थियों को दिए सफलता के मंत्र**

**मंदसौर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर में सत्र 2026-27 के नव-प्रविष्ट विद्यार्थियों के लिए च्दीक्षारंभ समारोहज् मुख्य अतिथि पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसौदिया तथा सारस्वत अतिथि राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर की उपस्थिति में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके बाद प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे ने अतिथियों का स्वागत किया और प्रवेश नोडल अधिकारी गौरव पाटीदार ने स्वागत भाषण दिया। उद्बोधन के दौरान पूर्व विधायक श्री यशपाल सिंह सिसौदिया ने महाविद्यालय की विकास यात्रा को रेखांकित करते हुए कहा कि वे और सांसद बंशीलाल गुर्जर दोनों इसी संस्था के पूर्व छात्र रहे हैं, जो उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने विद्यार्थियों से लगन और निष्ठा के साथ अध्ययन करने, खेल गतिविधियों में भाग लेने तथा राष्ट्रसेवा को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया। राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने भी समय के सदुपयोग और संस्कारों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि अनुशासन और मयार्दा ही जीवन को श्रेष्ठ बनाते हैं। उन्होंने सामूहिक प्रयासों से वर्ष 2047 तक भारत को विश्वगुरु बनाने के लक्ष्य की ओर बढ़ने की बात कही। समापन सत्र में प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे ने विद्यार्थियों को कॉलेज की स्थापना, उपलब्धियों, अधोसंरचना और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की प्रमुख विशेषताओं से अवगत कराया।

# 7 बहिनों में एकलौते भाई की आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु



**पिपलीया मंडी।** नारायणगढ़ में गुरुवार की शाम खेत पर कृषि कार्य कर रहे 21 वर्षीय देवकिशन प्रभुलाल यादव की आकाशीय बिजली गिरने पर परिजन उसे तत्काल जिला चिकित्सालय मन्दसौर लेगये जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।रात्रि का समय होने से शुक्रवार को प्रातः पोस्टमार्टम हुवा,पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौपा दिया।बाद में अंतिम संस्कार नारायणगढ़ मुक्तिधाम पर हुवा। प्रभुलाल यादव के 7 बेटियां है बड़ी मिन्नतों के बाद बेटे का जन्म हुवा था।बेटा आने की खुशी में पिता प्रभुलाल ने नगर के देवनारायण मंदिर पर एक किलो चांदी के नागदेवता चढ़ाए थे। देवकिशन के निधन से घर मे मातम पसरा हुवा है बुजुर्ग पिता व बहिनों का रो रो कर बुरा हाल है,शनिवार को जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा,कांग्रेस के वरिष्ठनेता रामचन्द्र करुण, अजित कुमठ,नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुभाष पाटीदार,किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष बलवन्त पाटीदार,कैलाश बंगारिया मंडलम अध्यक्ष सुनील पाटीदार भगत,राहुल अहीर,जितेंद्र कापड़िया, आदि ने शोक संवेदना व्यक्त कर परिजनों को ढांढस बंधाया।

# कृष्णा पब्लिक स्कूल कनघट्टी में प्रेरणादायक व्याख्यान का सफल आयोजन संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलिया मंडी







शिक्षा के साथ संस्कार एवं व्यक्तित्व निर्माण की ओर सतत प्रयासरत कृष्णा पब्लिक स्कूल, कनघट्टी में दिनांक 4 जुलाई 2026 शनिवार को शाखा प्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया, पीपलिया मंडी के शाखा प्रबंधक श्री अर्जुन सिंह जी चौहान के मुख्य आतिथ्य में

विद्यार्थियों के व्यक्तित्व एवं करियर विकास के उद्देश्य से एक प्रेरणादायक व्याख्यान का आयोजन किया गया। चौहान, ने"संघर्ष की कहानी, सफलता की जुबानी" विषय पर अपने जीवन के अनुभव विद्यार्थियों के साथ साझा किए। उन्होंने बताया कि कड़ी मेहनत, अनुशासन, ईमानदारी, सकारात्मक सोच एवं निरंतर प्रयास ही सफलता की वास्तविक कुंजी हैं।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका श्री चौहान ने सरल एवं प्रेरणादायक उत्तर देकर उनका मार्गदर्शन किया। उनके प्रेरक विचारों ने विद्यार्थियों में आत्म विश्वास, लक्ष्य के प्रति समर्पण तथा जीवन में आगे बढ़ने की नई ऊर्जा का संचार किया।

इस अवसर पर चिमनलाल पाटीदार विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को ऐसे प्रेरणादायक कार्यक्रमों से अधिक से अधिक सीख लेने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ भी उपस्थित रहा तथा सभी ने मुख्य अतिथि का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। विद्यालय परिवार की ओर से श्री अर्जुन सिंह चौहान का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई।

### भाजपा पं.दीनदयाल मंडल और सूरजमल जैन मंडल की बैठक सम्पन्न

**रतलाम।** भारतीय जनता पार्टी के आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर पार्टी कार्यालय मे पं.दीनदयाल उपाध्याय मंडल एवं सूरजमल जैन मंडल की बैठक सम्पन्न हुई। इनमें पार्टी के निर्देशानुसार डिजिटल लर्निंग प्रशिक्षण कार्यक्रम को पूरी तरह सफल बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष नंदकिशोर पंवार एवं निलेष गांधी ने की इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, जिला महामंत्री जयवंत कोठारी, जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद राठौर, जिला मीडिया प्रभारी अरुण त्रिपाठी, आई.टी.सेल जिला संयोजक निलेश राव सहित मंडल महामंत्री आकाश खंडके, शुभम चौहान , हेमंत राहोरी , आयुषी सांखला मंचासीन रहे। बैठक मे भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने कहा कि संगठन द्वारा सौंपे जाने वाले कार्यों को पूर्ण करना हर कार्यकर्ता का दायित्व है। मंडल स्तर पर इन कार्यक्रमों को लेकर अधिक सक्रियता की जरूरत है। मंडल पदाधिकारी शक्ति केन्द्र एवं बूथ स्तर पर भी पार्टी की हर गतिविधि को ले जाये, तो संगठन मजबूत होगा। बैठक को जिला महामंत्री जयवंत कोठारी ने संबोधित किया।

### स्वामी विवेकानंद के युवा पीढ़ी के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत : विधायक परिहार

**नीमच।** युगदृष्टा, राष्ट्रऋषि एवं युवा प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी की पुण्यतिथि पर शनिवार को नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार ने प्रधानमंत्री उत्कृष्ट महाविद्यालय (पीजी कॉलेज) परिसर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर विधायक श्री परिहार ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का जीवन, उनके विचार एवं राष्ट्रसेवा का संदेश आज भी युवाओं को चरित्र निर्माण, राष्ट्रभक्ति और समाजसेवा के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के आदर्शों का अनुसरण कर ही सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण का संकल्प साकार किया जा सकता है।

# सीमेंट फैक्ट्री बायलर में 110 टन मादक पदार्थ जलाकर किया नष्ट

## डीआईजी सहित पुलिस के उच्च अधिकारी रहे मौजूद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच






नीमच जिले के सीमेंट फेक्ट्री बायलर मे संभाग में जप्त किए गए मादक पदार्थ को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों व डीआईजी की उपस्थिति में नष्ट किया गया द्य शनिवार को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक उज्जैन रेंज राकेश गुप्ता के मार्गदर्शन में रतलाम रेंज के जिले रतलाम , मंदसौर और नीमच के विभिन्न थानों में जप्त मादक पदार्थों का नष्टीकरण की कार्यवाही की गई ।

उज्जैन रेंज में मादक पदार्थों के नष्टीकरण की यह कार्यवाही समिति द्वारा संपन्न की गई। जिसके अध्यक्ष उप पुलिस महानिरीक्षक निमिष अग्रवाल एवं सदस्य पुलिस अधीक्षक मंदसौर विनोद मीणा एवं पुलिस अधीक्षक नीमच राजेश व्यास भी है ।

समिति द्वारा विक्रम सीमेंट खोर नीमच में 110 टन मादक पदार्थ जिसमें डोडाचूरा , ब्राउन शुगर , एमडी, गांजा , चरस एवं अफीम इत्यादि शामिल हैं जिसकी बाजार कीमत लगभग 240 करोड़ रुपए को नष्टीकरण किया है ।सभी थाने से लाया गया 1040 प्रकरणों का मादक पदार्थ यहां नष्ट किया है । उप पुलिस महा निरीक्षक द्वारा बताया गया कि मादक पदार्थों के नष्टीकरण की कार्यवाही केंद्रीय गृह मंत्रालय के अभियान के तहत की गई है । इस कार्यवाही में वर्षों से थानों में रखे जप्त मादक पदार्थों को सूचीबद्ध किया । इस कार्यवाही से थानों के मालखाने भी खाली होगे साथ ही मादक पदार्थों के चोरी या गबन होने की संभावना भी नहीं रहेगी ।

आज की कार्यवाही में मादक पदार्थ को नष्ट किए जाने के पूर्व संबंधित राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापन किया गया । पारदर्शिता रखने के लिए नष्टीकरण की संपूर्ण कार्यवाही की वीडियोग्राफी करायी गई। आज रतलाम और नीमच जिले की कार्यवाही संपन्न हुई है जबकि कल मंदसौर जिले की कार्यवाही की जायेगी। इस तरह गृह विभाग नारकोटिक्स सहित पुलिस के लिए यह राहत देने वाला प्रयास हैद्य अब जप्त मादक पदार्थ की सुरक्षा को लेकर चिंता समाप्त हो जाएगी द्य वही मादक पदार्थ के गलत हाथों में जाने की आशंकाएं भी समाप्त हो जाएगी।

## न्यूज कालम



### अतिथि शिक्षक नियुक्ति में 90 प्रतिशत ई अटेंडेस की शर्त हटाने हेतु दिया ज्ञापन

**जावरा ।** आजाद स्कूल अतिथि शिक्षक संघ ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर लोक शिक्षण संचालनालय के आयुक्त एवं मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार सहदेव मौरे को ज्ञापन दिया । संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष कृष्ण कन्हैया सैनी ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के नियुक्ति आदेश के बिंदु 2,4 में 90 प्रति शत ई अटेडेस एवं नियमित मानदेय की अनिवार्यता रख कर वर्षों से सेवा दे रहे अनुभवी अतिथि शिक्षकों के साथ अन्याय किया जा रहा है। गत 18 वर्षों से निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ सेवाएं देने वाले हजारों अतिथि शिक्षक इस शर्त के कारण नियुक्ति प्रक्रिया से बाहर हो जाएंगे। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या पोर्टल की तकनीकी खामियां तथा अन्य कारणो से कई शिक्षकों की अटेंडेंस दर्ज नहीं हो सकी। ऐसे में उन्हें नियुक्ति से वंचित करना पूरी तरह अन्याय पूर्ण है ।शासन को वर्षों से शिक्षा व्यवस्था को संभाल रहे अनुभवी शिक्षकों के हितों की रक्षा करनी चाहिए ।उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो व्यापक रूप से आंदोलन किया जाएगा।

### संजय जैन बने सकल श्री जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ के अध्यक्ष



**मंदसौर।** सकल श्री जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ, मंदसौर के अध्यक्ष पद पर रोटरी क्लब मंदसौर के सचिव रोटे. संजय जैन (श्वेता) के मनोनयन होने से रोटरी क्लब द्वारा उनका पुष्पमालाओं एवं दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत और अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर क्लब के पूर्व अध्यक्ष सीए दिनेश जैन ने कहा कि रोटे. संजय जैन की संगठन क्षमता और मिलनसार व्यक्तित्व को देखते हुए पूरा विश्वास है कि उनके नेतृत्व में श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ नई ऊर्जा के साथ समाज हित, सामाजिक एकता और धार्मिक संस्कारों को नई दिशा देगा। संजय जैन ने रोटरी क्लब का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उनके लिए एक बड़ी जिम्मेदारी है और वे समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर सेवा, सहयोग और विकास के कार्यों को पूरी निष्ठा के साथ आगे बढ़ाएंगे। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष रोटे. अनिल चौधरी, प्रमोद कीमती, राकेश दोषी, राधेश्याम झंवर, सुधीर लोढ़ा, रितेश भगत, अजय नागोरी, विवेक जैन मौजूद रहे।

### लायंस गोल्ड ने मिशन मुस्कान के तहत 50 छात्राओं को बांटी शैक्षणिक सामग्री



**मन्दसौर।** लायंस क्लब मंदसौर गोल्ड द्वारा स्थानीय शा. कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बालागंज में मिशन मुस्कान सेवा प्रकल्प के अंतर्गत 50 जरूरतमंद छात्राओं को शैक्षणिक सामग्री के किट प्रदान किए गए, ताकि आर्थिक तंगी उनकी पढ़ाई में बाधा न बन सके और वे अपनी शिक्षा को सुचारू रूप से आगे बढ़ा सकें। सामग्री वितरण के दौरान क्लब अध्यक्ष लायन मनोज मित्तल और कोषाध्यक्ष लायन वीरेंद्र सिंह चौहान ने छात्राओं को किट सौंपते हुए उन्हें मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाना और उनकी शिक्षा में सहभागी बनना ही क्लब का मुख्य ध्येय है। इस दौरान क्लब के दिनेश बाबानी, विजय पलोड़, संजय पारीख, किशोर अग्रवाल आदि सदस्य उपस्थित रहे। अंत में प्राचार्य सुदीपदास ने आभार व्यक्त किया।

### रेडक्रॉस नीमच में 6 जुलाई को नि :शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर लगेगा

**नीमच।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, नीमच एवं गोमाबाई नेत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में 6 जुलाई (सोमवार) को रेडक्रॉस भवन, शासकीय अस्पताल के पास, नीमच में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का समय प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा। शिविर में नेत्र विशेषज्ञों द्वारा लोगों की आंखों की जांच कर आवश्यक परामर्श प्रदान किया जाएगा। साथ ही जरूरतमंदों को पास की नजर (रीडिंग) के चश्मों का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। इसके अलावा आई ड्रॉप का भी निःशुल्क वितरण किया जाएगा, जिससे आमजन को नेत्र स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकें।आयोजकों ने जिले के नागरिकों, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों एवं दृष्टि संबंधी समस्या से परेशान लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### वाहक जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु स्वास्थ्य कर्मियों को मिला प्रशिक्षण

**मंदसौर।** वर्षा ऋतु के आगमन के साथ ही मच्छर जनित बीमारियों के बढ़ते खतरे को देखते हुए मंदसौर के आईपीपीएस ट्रेनिंग सेंटर में राष्ट्रीय वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. दीपा पाठक ने बताया कि इस वर्ष का मुख्य लक्ष्य वाहक जनित बीमारियों पर पूर्ण नियंत्रण और शून्य मृत्यु दर हासिल करना है। इसी उद्देश्य से मंदसौर और नीमच जिले के जमीनी स्तर के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया, ताकि वे क्षेत्र में प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें।इस संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य अमले को विभिन्न गंभीर बीमारियों की बारीकियों से अवगत कराया गया। मास्टर ट्रेनर के रूप में उपस्थित उज्जैन के जिला मलेरिया अधिकारी दिनेश्वर ससौदिया ने डेंगू और जापानी इंसेफेलाइटिस के कारणों, लक्षणों तथा वैज्ञानिक रोकथाम उपायों पर विस्तृत व्याख्यान दिया।



## स्कूली बच्चे साइबर अपराधों के बारे में विशेष रूप से रहे जागरूक- थाना प्रभारी

**महिदपुर रोड।** नगरके शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सेल्फ क्लिक 2.0 के अंतर्गत साइबर सुरक्षा की जानकारी सहायक थाना उप निरीक्षक प्रेम मालवीय ने स्कूली बच्चों को साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उन्हें सावधान रहने की बात कहीं। मालवीय ने कहा बच्चों का भविष्य मोबाइल उपयोग के दौरान सावधानी से उज्जवल बन सकता है मोबाइल उपयोग के दौरान हमें शिक्षाप्रद जन उपयोगी तथा शैक्षिक जानकारी प्राप्त करने तथा साइबर अपराधों के बारे में सजग रहने की आवश्यकता है। प्रधान आरक्षक समरथ बाल सोडा, आरक्षक महेंद्र सिंह, महिला आरक्षक उर्मिला धाकड़, सोना राजपूत आदि इस दौरान उपस्थित रहे महिला रक्षण उर्मिला राजपूत ने छात्राओं को विशेष रूप से जानकारी दी द्वारा साइबर सुरक्षा संबंधी छात्र-छात्राओं को जानकारी विस्तार से प्रदान की ' थाना प्रभारी मालवीय ने बताया कि छात्र छात्राओं को मोबाइल से दूरी बनाकर अपनी पढ़ाई पर ध्यान देना है यदि मोबाइल में किसी भी प्रकार की कोई जानकारी साझा सार्वजनिक की जाती है तो उसे पर कोई ध्यान नहीं देना है ' प्राचार्य शिवनारायण बामनिया, शिक्षक अशोक पोरवाल, बंसीलाल सौलं की ,संगीता पासी आदि उपस्थित रहे।

## नेशनल डॉक्टर्स डे पर बिरसा अंबेडकर फूले समाज कल्याण समिति ने किया सम्मान



**महिदपुर।** 1 जुलाई नेशनल डॉक्टर्स डे के अवसर पर बिरसा अंबेडकर फूले समाज कल्याण समिति के सदस्यों द्वारा सर्वप्रथम बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात डॉक्टर प्रभुलाल चोरडिया ग्राम सेकाखेड़ी का स्वागत सम्मान बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। स्वागत सम्मान संवाद में समिति के सहसचिव अनिल दावरे द्वारा बताया गया कि आज के युग में जटिल से जटिल बीमारियों जैसे कैंसर और कोरोनाकाल पर भी चिकित्सा जगत में कई शोध हुए और बीमारियों को जड़ मूल से समाप्त किया गया। यह सिर्फ चिकित्सा जगत के भगवान माने जाने वाले डॉक्टर्स की वजह से संभव हुआ। स्वागत सम्मान कार्यक्रम में आशुतोष समिति के उपाध्यक्ष विक्रमसिंह सोलंकी द्वारा माना गया। कार्यक्रम में यशराज परमार और अन्य साथी उपस्थित हुए। उक्त जानकारी समिति के सचिव सुरेश दामेचा द्वारा दी गई।

## मुस्लिम समाज ने कथित टिप्पणी के विरोध में राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



**बडौद।** मुस्लिम समाज ने शुक्रवार को महिला नाजिया इलाही द्वारा पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब पर कथित टिप्पणी के विरोध में राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार आर, के, अहिरवार को ज्ञापन सौंपकर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। इस दौरान अंजुमन मदरसा एवं मुस्लिम समाज के बैनर तले शांतिपूर्ण रैली निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए तहसील कार्यालय पहुंची। रैली में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए और संबंधित टिप्पणी के प्रति अपना विरोध दर्ज कराया। ज्ञापन का वाचन जावेद मुल्तानी ने किया आभार मुस्लिम समाज के सदर रशीद खान ने व्यक्त किया।

## 108 गौशाला दर्शन अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित



**भौरासा।** देवास जिले में 108 गौशाला दर्शन अभियान को लेकर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विभाग प्रचारक राजेंद्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान को सफल बनाने, गौसेवा के प्रति जनजागरण फैलाने तथा अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। इस अवसर पर राजेंद्र सिंह राजपूत ने कहा कि गौसंरक्षण और गौसेवा भारतीय संस्कृति की महत्वपूर्ण परंपरा है। 108 गौशाला दर्शन अभियान का उद्देश्य समाज को गौसेवा से जोड़ना और गौशालाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। बैठक में जीवन सिंह राजपूत, भीम सिंह आचार्य पंकज जी एवं जितेंद्र जी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने अभियान को सफल बनाने के लिए गांव-गांव संपर्क कर अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का संकल्प लिया।

## श्री गजलक्ष्मी श्री यंत्र प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

तराना।श्री गज लक्ष्मी श्री यंत्र प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है इसके अंतर्गत 30 जून से विभिन्न आयोजन किए गए हैं शनिवार को दोपहर 12:50 पर हवन एवं पूर्णाहुति आयोजित होगी दोपहर 2:00 बजे महा आरती होगी मंत्री गली टिस्सा टोला जी सिद्धेश्वर मंदिर में दोपहर ढाई बजे सुंदरकांड पाठ आयोजित होगा।

### डग थाना क्षेत्र के घाटाखेड़ी में 28 जनवरी को आगर कोतवाली पुलिस ने की थी कार्रवाई

# एनडीपीएस सेशन कोर्ट ने किए रिपोर्ट के आदेश निरस्त, दोनों पक्षों को सुनवाई का मौका देने के निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बडौद

जनवरी 2026 में राजस्थान के झालावाड़ जिले के ग्राम घाटाखेड़ी में कोतवाली आगर पुलिस द्वारा की गई चर्चित एनडीपीएस कार्रवाई से जुड़े मामले में महत्वपूर्ण कानूनी मोड आ गया है।

अपर सेशन न्यायाधीश राजीव दत्तात्रेय भवानीमंडी जिला झालावाड़ ने पुलिस की पुनरीक्षण याचिका स्वीकार करते हुए न्यायालय के 11 जून 2026 के मूल आदेश तथा 15 जून 2026 के संशोधित आदेश को निरस्त कर दिया है।न्यायालय ने अपने आदेश में कहा की विचरण न्यायालय ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 223 (2) एवं धारा 174 (4) के प्रावधानों के आलोक में विधिक बिंदुओं पर पुनर्विचार करें तथा दोनों पक्षों को सुनवाई का पूरा अवसर देने के बाद विधि सम्मत नया आदेश पारित करें। उसी उद्देश्य से प्रकरण को पुनः विचरण न्यायालय को रिमांड कर दिया गया है। चोमेला न्यायालय के पूर्व आदेश के आधार पर डग थाने में आगर कोतवाली की तत्कालीन थाना प्रभारी शशि उपाध्याय, बडौद थाना प्रभारी रूपसिंह बेस राजपूत, एएसआई राखी गुर्जर, अजय जाट, राहुल विश्वकर्मा, शुभम जोशी सहित अन्य पुलिसकर्मियों सहित 90 लोगो के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। रिपोर्ट के बाद मध्यप्रदेश पुलिस महकमें में हलचल मचा दी थी।



सेशन न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि विचरण न्यायालय पहले दोनों पक्षों को सुनवाई का अवसर देगा और संबंधित कानूनी प्रावधानों पर विचार करते हुए नया आदेश पारित करेगा। ऐसे में डग थाने में दर्ज रिपोर्ट और उससे जुड़े पूरे प्रकरण पर आगे कार्रवाई अब विचरण न्यायालय के नए आदेश पर निर्भर करेगी। इस आदेश के साथ जनवरी 2026 की चर्चित एनडीपीएस कार्रवाई से जुड़े मामले में कानूनी प्रक्रिया एक बार फिर शुरूआती स्तर पर पहुंच गई है और अब सभी की नजर विचरण न्यायालय में होने वाली अगली सुनवाई पर रहेगी!

### करवाई की वैधता पर उठे थे सवाल

कोर्ट के निर्देश पर झालावाड़ पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भागचंद मीणा से कराई थी। जांच रिपोर्ट में वैधता और पारदर्शिता पर कई सवाल उठाए गए। रिपोर्ट में स्थानीय डग थाना पुलिस के सहयोग के पर्याप्त रिकॉर्ड नहीं मिलने, तलाशी एवं जपती की वीडियोग्राफी उपलब्ध नहीं होने तथा प्रेस वार्ता में बताए गए कुछ सामान का जपती दस्तावेज में उल्लेख नहीं मिलने जैसी बातें सामने आई थी। परिवादी पक्ष ने न्यायालय में सीसीटीवी फुटेज सहित तकनीकी साक्ष्य प्रस्तुत कर दावा किया था कि मध्य प्रदेश पुलिस के वाहन घाटाखेड़ी में करीब 30 मिनट ही रुके थे। इतने कम समय में तलाशी ,जपती, गिरफ्तारी और एनडीपीएस अधिनियम के तहत पूरी प्रक्रिया संपन्न होना संभव नहीं था। यह भी तर्क दिया कि जब्ती का जो समय दस्तावेज में दर्ज है, उस समय पुलिस दल राजस्थान की सीमा में मौजूद ही नहीं था।

### यह था पूरा मामला

मामला 28 जनवरी 2026 को राजस्थान के डग थाना क्षेत्र के ग्राम घाटाखेड़ी में की गई उस करवाई से जुड़ा है जिससे आगर कोतवाली पुलिस ने बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ और ड्रग्स निर्माण सामग्री बरामद करने तथा दो आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा किया था। पुलिस के अनुसार करवाई सुसनेर निवासी फैजान से मिली सूचना के आधार की गई थी। बाद में गिरफ्तार आरोपियों के पिता हमीद खान ने चोमेला न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत कर आरोप लगाया था कि मध्य प्रदेश पुलिस बिना स्थाई पुलिस को विधिवत सूचना दिए बिना उनके घर पहुंची, परिजनों के साथ दुर्व्यवहार किया और उनके पुत्रों को जुड़े मामले में फंसा दिया।

# 12 किलो 900 ग्राम चोरी की चंदन लकड़ी सहित 4 आरोपी गिरफ्तार

### मोटरसाइकिल एवं कुल्हाड़ी सहित 50,700 रु का माल जप्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा



राजगढ़ जिले में चोरी, नकबजनी एवं संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सारंगपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चंदन चोरी के मामले में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 12 किलो 900 ग्राम चोरी की चंदन लकड़ी, घटना में प्रयुक्त बिना नंबर की मोटरसाइकिल एवं चंदन काटने में प्रयुक्त लोहे की कुल्हाड़ी जप्त की। सारंगपुर पुलिस को सूचना मिली कि तीन व्यक्ति एक मोटरसाइकिल से चोरी की चंदन लकड़ी लेकर किठोर रोड की ओर से सारंगपुर बेचने आ रहे हैं। सूचना पर विशेष पुलिस टीम गठित कर किठोर रोड अंडरब्रिज के पास घेराबंदी की।

कुछ देर बाद तीन व्यक्ति मोटरसाइकिल से आते दिखाई दिए। पुलिस को देखकर वे भागने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम रईस मेव, मामूर खां एवं गोकुल अहिरवार, निवासी ग्राम काछीखेड़ी बताए। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 12 किलो 900 ग्राम चंदन की लकड़ी एवं चंदन काटने में प्रयुक्त एक लोहे की कुल्हाड़ी बरामद हुई।

पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने ग्राम आसारेटा के जंगल से चंदन के पेड़ काटकर चोरी की थी तथा उक्त चंदन को मोहसिन पिता गफ्फार खां निवासी पिंजारा बाखल सारंगपुर को बेचने जा रहे थे। पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए खरीदार मोहसिन को भी गिरफ्तार कर लिया।

इस संबंध में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। आरोपी रईस मेव पिता फकरूउद्दीन मेव 50 वर्ष, निवासी काछीखेड़ी। मामूर खां पिता उमर खां 55 वर्ष, निवासी काछीखेड़ी गोकुल पिता कंवरलाल अहिरवार 60 वर्ष, निवासी काछीखेड़ी, मोहसिन पिता गफ्फार खां 26 वर्ष, निवासी पिंजारा बाखल सारंगपुर को गिरफ्तार कर

12 किलो 900 ग्राम चोरी की चंदन लकड़ी, घटना में प्रयुक्त बिना नंबर की मोटरसाइकिल चंदन काटने में प्रयुक्त लोहे की कुल्हाड़ी कुल अनुमानित कीमत 50,700/- रु का माल बरामद किया।

## कामधेनु गो अभ्यारण्य का उपसंचालक ने किया निरीक्षण

**सुसनेर।** उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग, जिला आगर मालवा महेशलाल जारोलिया ने गुरुवार को सालरिया स्थित कामधेनु गो अभ्यारण्य का निरीक्षण कर गोवंश संरक्षण एवं प्रबंधन व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गो माता का विधिवत पूजन किया तथा गो प्रसादी ग्रहण कर अभ्यारण्य में संचालित गोसेवा कार्यों की सराहना की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गोवंश के लिए उपलब्ध चारा, पानी, स्वास्थ्य सेवाओं, स्वच्छता एवं अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस अवसर पर बताया गया कि श्री गोधाम महातीर्थ पथमेड़ा द्वारा संचालित इस कामधेनु गो अभ्यारण्य में वर्तमान में करीब 7,500 गोवंश का संरक्षण एवं पालन-पोषण किया जा रहा है। यहां निराश्रित एवं असहाय गोवंश की नियमित देखभाल की जाती है तथा उनके उपचार और पोषण की समुचित व्यवस्था की गई है।

उपसंचालक महेशलाल जारोलिया ने अभ्यारण्य परिसर में बड़े पैमाने पर किए गए पौधारोपण का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि हरियाली बढ़ाने के ऐसे कार्य गो अभ्यारण्य के वातावरण को और अधिक अनुकूल बनाते हैं। उन्होंने गोवंश की बेहतर देखभाल एवं व्यवस्थाओं को निरंतर बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। अभ्यारण्य के प्रबंधक पूनम सिंह चौहान ने उपसंचालक को गो अभ्यारण्य की कार्यप्रणाली, गोवंश की देखभाल, चारा व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं एवं अन्य गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी।

## पशुपालकों को दुग्ध उत्पादन, मायरा योजना की जानकारी दी

**सारंगपुर।** सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित भोपाल के अधिकारियों ने शुक्रवार को सारंगपुर के दराना गांव में दुग्ध सहकारी समिति में एक जागरूकता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया। यह आयोजन सहकारी सप्ताह के तहत किया गया, जिसका उद्देश्य पशुपालकों और दुग्ध उत्पादक किसानों को शासन तथा दुग्ध संघ की योजनाओं की जानकारी देकर उनकी आय बढाना था। इस कार्यक्रम में रंगोली, मेहंदी, एकल और समूह संगीत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें महिलाओं और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य फोकस पशुपालकों को जागरूक करना था। मुख्य अतिथि जिला नोडल अधिकारी कृपाल सिंह दुगारिया ने कहा कि सहकारी समितियां ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत कडी हैं। उन्होंने बताया कि दुग्ध संघ से जुड़े पशुपालकों को कई लाभकारी योजनाओं का फायदा मिल रहा है।

### त्रिस्तुतिक जैन श्री संघ की कार्यकारिणी गठित

# बांठिया सचिव एवं मेहता कोषाध्यक्ष बनाये गए, चातुर्मास समिति का गठन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर




सोधर्म बृहत्तपोगच्छीय त्रिस्तुतिक श्री संघ, महिदपुर की नवीन कार्यकारिणी एवं साध्वी श्री तत्वलता श्रीजी म.सा., साध्वी श्री कुसुमलता श्रीजी म.सा., साध्वी श्री जिनांगयशा श्रीजी म.सा. एवं साध्वी श्री करुणायशा श्रीजी म.सा. आदि ठाणा 4 के आगामी चातुर्मास को सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने हेतु चातुर्मास समिति का गठन सर्वसम्मति से किया गया। संघ के नवीन अध्यक्ष आशुतोष छजलानी ने नवगठित पदाधिकारियों की घोषणा बैठक में की।

नवीन कार्यकारिणी में सचिव पद पर संयम गोलू बांठिया तथा कोषाध्यक्ष पद पर वीरेंद्र बबलू मेहता को दायित्व सौंपा गया। उपाध्यक्ष के रूप में आकाश मिंटी मेहता एवं रिचीन गादिया, सह सचिव के रूप में अश्विन मेहता गब्बर एवं संतोष छाजेड़, सह कोषाध्यक्ष के रूप में पारस चोरड़िया, महामंत्री के रूप में प्रबल बंटी लूणावत एवं प्रशांत मेहता, संगठन मंत्री के रूप में रविन मोदी एवं लेखेंद्र धाड़ीवाल, साहित्यिक सचिव के रूप में हेमंत लूणावत एवं शैलेंद्र धाड़ीवाल, सांस्कृतिक सचिव के रूप में विवेक सकलेचा घी वाला एवं सचिन चत्तर, मीडिया प्रभारी के रूप में संयम धाड़ीवाल तथा सोशल मीडिया प्रभारी के रूप में शुभम बांठिया को मनोनीत किया गया।

आगामी चातुर्मास की व्यवस्थाओं हेतु गठित चातुर्मास समिति में विजेंद्र बांठिया, अभय धाड़ीवाल, मुकेश लूणावत , पुखराज पप्पू भैया लूणावत, मनीष बांठिया, प्रवीण सांखर, शैलेंद्र जैन, अभिषेक छजलानी एवं मनोज लुक्कड़ को सम्मिलित किया गया। संघ के संरक्षक मंडल में रमेश मेहता काका, रमेश लुणावत, सुरेश छजलानी, रमेश गादिया, सुनील मेहता, एवं सुधीर बांठिया वहीं परामर्शदाताओं के रूप में संघ के पूर्व अध्यक्ष वर्धमान गादिया, मुकेश बांठिया एवं पारस लुणावत होंगे। विश्वपूज्य गुरुदेव श्रीमद् विजय राजेन्द्रसुरीश्वरजी महाराजा साहब के समक्ष त्रिस्तुतिक संघ पोषधशाला में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ नवगठित कार्यकारिणी एवं चातुर्मास समिति को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए सफल कार्यकाल तथा आगामी चातुर्मास की मंगलमय सफलता की कामना की। उक्त जानकारी श्री संघ अध्यक्ष आशुतोष छजलानी ने दी।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती की तैयारियों पर हुई विस्तृत चर्चा

# संगठन के कार्यक्रम को अनुशासन, सक्रिय सहभागिता से सफल बनाएं- मित्तल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ तनोडिया

भारतीय जनता पार्टी मंडल की मासिक कामकाजी महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक गुरुवार को नगर में मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सिंह चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी कार्यकर्ता सम्मेलन, बूथ स्तर पर चल रहे डिजिटल प्रशिक्षण अभियान तथा 6 जुलाई को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों एवं संगठनात्मक गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि अर्पित करने तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।



बैठक को संबोधित करते हुए। अध्यक्ष प्रहलाद सिंह चौहान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यक्रम संगठन की कार्यशैली, अनुशासन और कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धता का परिचायक होता है। जिला सह कोषाध्यक्ष महेश कुमार मित्तल ने कि आयोजित होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी की विस्तार से समीक्षा की गई। साथ ही बूथ स्तर पर चल रहे डिजिटल प्रशिक्षण अभियान की प्रगति तथा 6 जुलाई को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी विस्तृत चर्चा की गई। मंडल के 42 बूथों के प्रभारी की घोषणा भी की गई। और उन्होंने सभी मंडल पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि संगठन द्वारा निर्धारित प्रत्येक कार्यक्रम को पूर्ण समर्पण, अनुशासन एवं टीम भावना के साथ सफल बनाया जाए। उन्होंने सभी बूथों पर संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने, कार्यकर्ताओं के बीच सतत संवाद बनाए रखने तथा आगामी कार्यक्रमों में अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया।



## भाजपा मंडल की बैठक में डिजिटल लर्निंग और संगठन विस्तार पर दिया जोर

**सुसनेर।** सोयत रोड स्थित भाजपा कार्यालय में भाजपा सुसनेर मंडल की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष डॉक्टर सौरभ जैन ने की। मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी आभा चौपड़ा रहीं। बैठक में पूर्व विधायक मुरलीधर पाटीदार सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में संगठन की आगामी गतिविधियों, डिजिटल लर्निंग अभियान तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। पूर्व विधायक मुरलीधर पाटीदार ने कहा कि वर्तमान समय डिजिटल युग का है। इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स का प्रभावी उपयोग करते हुए सरकार की उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाना चाहिए। मंडल प्रभारी आभा चौपड़ा ने डिजिटल लर्निंग अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि इसके माध्यम से नए और युवा कार्यकर्ताओं को संगठन के इतिहास, विचारधारा और कार्यप्रणाली से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं से इस अभियान से जुड़ने का आह्वान किया।

## नगर परिषद सीएमओ ने अभियान चलाकर डोर टु डोर की वसूली



**सुसनेर।** शुक्रवार को नगर परिषद सुसनेर के टैक्स वसूली में पिछड़तेपन को देखते हुए सीएमओ हरिओम शर्मा ने टैक्स वसूली की खुद कमान संभाली। सीएमओ हरिओम शर्मा के नेतृत्व में राजस्व की टीम द्वारा अभियान चलाकर नगर में डोर टु डोर जाकर सम्पत्ति कर , दुकान किराया एवं जल कर वसुली की जा रही है। साथ सीएमओ शर्मा ने समस्त नगर वासियों से प्रतिमाह समय से समस्त प्रकार के टैक्स जमा करने की अपील की ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके। इस अवसर पर राजस्व निरीक्षक नरेश कुमार सिंह, रविंद्र सिंह बघेल, राजु मेट, सामुदायिक संगठक जगदीश परमार, कमलसिंह ठाकुर, जगदीश जोशी, शाहिद खान, आदित्य त्रिवेदी सहित कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## वर्षा पूर्व बड़े पोकलेन मशीन से नाले की सफाई कार्य



**खाचरौद।** आगामी मानसून को देखते हुए नगर पालिका द्वारा शहर के बड़े नाले की सफाई का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। जलभराव की समस्या से निपटने के लिए नाले में पोकलेन मशीन लगाकर गाद, कचरा और झाड़-झंखाड़ हटाने का काम प्रगति पर है। नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द भरावा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी रवि गुप्ता ने बताया कि हर साल बारिश के दौरान बड़े नाले के ओवरफ्लो होने से निचली बस्तियों में पानी भर जाता है। इस बार समय रहते नाले की सफाई का काम शुरू कर दिया गया है। पोकलेन की मदद से नाले में जमी वर्षों पुरानी सिल्ट और प्लास्टिक कचरा निकाला जा रहा है।

## लुधियाना से आए श्रद्धालु ने गणेश जी को 1008 मोदक का भोग लगाया



**इंगोरिया।** गणेश जी के प्रति असीम श्रद्धा ऐसी है कि एक भक्त लुधियाना पंजाब से ढूंढते हुए इंगोरिया आ पहुंचे। उन्होंने गणेश धाम पर पूजा अभिषेक के साथ ही गणेश को 1008 लड्डुओं का भोग लगाया। शुक्रवार को सन्नी मुदगल सपरिवार इंगोरिया स्थित गणेश धाम के दर्शन कर भक्ति भाव से सराबोर हो गए। चर्चा में उन्होंने बताया कि हमारे पूर्वज मुदगल गौत्र में सदियों से भगवान गणेश के प्रति असीम श्रद्धा है मुदगल परिवार गणेश जी के आराधक रहे हैं। जहां भी गणेश जी ख्यात प्राप्त प्रतिमा हो चाहे स्वयंभू हो या न हो हम दर्शन करने जाते हैं। सोशल मीडिया पर और इंस्टाग्राम पर इंगोरिया की स्वयंभू प्रतिमा के बारे में जानकारी मिली तो दर्शन करने चले आए। गर्भ गृह में असीम शांति का अनुभव हुआ। पूजा अभिषेक करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। खजराना गणेश इंदौर के भी दर्शन कर चुके सन्नी मुदगल ने आज पूजा कराने वाले पंडित को दक्षिणा दी

# फोगाट फैमिली को आमिर खान की शादी का न्योता नहीं दिया...

## गीता की शादी में भिवानी आ चुके, बर्थडे में भी निमंत्रण मिला; गौरी स्प्रैट से करेंगे शादी

बॉलीवुड अभिनेता अमिर खान 5 जुलाई को शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। इस शादी में फोगाट फैमिली को न्योता नहीं मिला है। दंगल मूवी रिलीज होने के बाद ये पहला बड़ा मौका है, जब फोगाट फैमिली आमिर खान के निजी फंक्शन में शामिल नहीं होगी।

आमिर खान खुद भी गीता फोगाट के फैमिली फंक्शन में आ चुके हैं। आमिर ने बेटी इरा खान की शादी में भी फोगाट परिवार को निमंत्रण भेजा था। आमिर की बर्थ-डे पार्टी में भी ये परिवार शामिल हो चुका है। अब आमिर खान 61 साल की उम्र में गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट से तीसरी शादी करने जा रहे हैं। द्रोणाचार्य अवार्डी महावीर फोगाट और उनकी बेटी गीता फोगाट का कहना है कि इस बार उन्हें कोई निमंत्रण नहीं मिला है।



### गीता फोगाट की शादी में आए थे आमिर खान

आमिर खान नवंबर 2016 में भिवानी में गीता फोगाट की शादी में आए थे। वे मुंबई से दिल्ली तक एयर प्लेन और दिल्ली से भिवानी चार्टर्ड प्लेन से आए थे। यहां गीता के फैमिली ने उनकी अगवानी की थी। इसके बाद आमिर सीधे गीता के गांव बलाली पहुंचे थे। शादी में उनके साथ दंगल फिल्म के निर्देशक नितेश तिवारी, गीता की मां दयाकौर का किरदार निभा रही साक्षी तंवर, गीता का किरदार निभा रही फातिमा शेख, बबीता फोगाट का किरदार निभाने वाली सान्या मल्होत्रा भी शादी में शामिल हुई थी।



### आमिर के बर्थ-डे में शामिल हुई फोगाट फैमिली

2017 में आमिर खान के 52वें जन्मदिन पर फोगाट परिवार शामिल हुआ था। आमिर के जन्मदिन की पार्टी में महावीर सिंह फोगाट और उनके परिवार को खासतौर पर आमंत्रित किया गया था। आमिर खान ने मुंबई स्थित घर पर जन्मदिन की पार्टी आयोजित की थी जिसमें फोगाट परिवार के कई सदस्य शामिल हुए थे। गीता फोगाट ने बातचीत में बताया- आमिर खान ने उन्हें अपनी बेटी इरा खान की शादी का निमंत्रण भेजा था। मगर वो शादी में व्यक्तिगत कारणों से शामिल नहीं हो पाए थे। 3 जनवरी 2024 को फिटनेस ट्रेनर नूपुर शिखारे के साथ आमिर खान की बेटी की शादी हुई थी।



# मातृभूमि' पर सेंसर बोर्ड ने रोक नहीं लगाई

## सलमान खान फिल्म्स ने सर्टिफिकेशन रुकी होने की खबरों को बताया बेबुनियाद

सलमान खान फिल्म्स ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस' को लेकर चल रही खबरों पर सफाई दी। प्रोडक्शन हाउस ने आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि फिल्म की सीबीएफसी सर्टिफिकेशन प्रक्रिया रुकी होने की खबरें पूरी तरह गलत और बेबुनियाद हैं।

बयान में कहा गया कि फिल्म को अभी तक सेंसर बोर्ड के पास सर्टिफिकेशन के लिए भेजा ही नहीं गया। इसलिए इस तरह की रिपोर्ट्स पर भरोसा न करें। सलमान खान फिल्म्स ने मीडिया और लोगों से अपील की कि बिना पुष्टि की जानकारी न फैलाएं। फिल्म से जुड़े सभी आधिकारिक अपडेट केवल उनके ऑफिशियल प्लेटफॉर्म पर ही शेयर किए जाएंगे। दरअसल, हाल ही में कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया था कि सेंसर बोर्ड ने फिल्म 'मातृभूमि' को सर्टिफिकेट देने पर फिलहाल रोक लगा दी है। फिल्म 'मातृभूमि' साल 2020 में भारत और चीन के सैनिकों के बीच गलवान घाटी में हुई सैन्य झड़प पर आधारित है। पहले इस फिल्म का नाम 'बैटल ऑफ गलवान' रखा गया था। फिल्म को पहले 17 अप्रैल को ईद के मौके पर रिलीज किया जाना था, लेकिन बाद में इसकी रिलीज डेट टल गई। इस फिल्म का प्रोडक्शन सलमान खान फिल्म्स के बैनर तले सलमा खान ने किया है और इसके डायरेक्टर अपूर्व लाखिया हैं।

# पीएम मोदी के हमशक्ल को ईशा समझ बैठीं असली

एक्ट्रेस और बिग बॉस फेम ईशा मालवीय का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो में वह एक पल के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हमशक्ल को पीएम मोदी समझ बैठीं। जिसके बाद वहां मौजूद पैपराजी और दूसरे लोग हंसने लगे।

दरअसल, ईशा ब्राइट एंटरटेनमेंट अवॉर्ड्स 2026 के रेड कार्पेट पर पहुंची थीं। इसी दौरान उनकी मुलाकात पीएम मोदी के हमशक्ल से हुई। उन्हें देखते ही ईशा चौंक गईं और मुस्कुराते हुए कहा, ओह, मोदी जी!



हालांकि, बाद में उन्हें रियलाइज हुआ कि वे पीएम मोदी के हमशक्ल हैं। इसके बाद उन्होंने हमशक्ल से हाथ मिलाया और कैमरे की ओर देखकर कहा, ₹गाइज, हमारे साथ मोदी जी हैं।₹ ईशा ने पीएम मोदी के जिन हमशक्ल से मुलाकात की, वह विकास महांते हैं। विकास महांते मुंबई के जाने-माने बिजनेसमैन, एक्टर और समाजसेवी हैं। उनकी शक्ल, दाढ़ी और बोलने का अंदाज पीएम मोदी से काफी मिलता-जुलता है, जिसकी वजह से लोग उन्हें देखते ही भ्रमित हो जाते हैं।

विकास कई चुनावों के दौरान बीजेपी और उसके सहयोगी दलों के प्रचार कार्यक्रमों में भी नजर आ चुके हैं।




## फेडरर को हराने वाला 'कल्ट हीरो' 10 साल बाद लौटा

# डिप्रेशन और तंगी झेलने वाले मार्कस ने पत्नी के कहने पर विम्बलडन में वापसी की

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

खेल की दुनिया में कुछ कहानियां इतनी फिल्मी होती हैं कि उन पर यकीन करना मुश्किल होता है। ऐसी ही एक कहानी है ब्रिटेन के 35 वर्षीय टेनिस खिलाड़ी मार्कस विलिस की।

2016 में दुनिया के 772वें नंबर के खिलाड़ी विलिस ने क्वालिफायर से सफर शुरू कर विम्बलडन में रोजर फेडरर के खिलाफ मैच खेला था। हालांकि, वे मैच सीधे सेटों में हार गए थे, लेकिन फेडरर के सिर के ऊपर से लगाए गए उनके एक जादुई लॉब शॉट ने उन्हें दुनिया भर में मशहूर कर दिया था। एक दशक बाद, विलिस फिर से विम्बलडन में लौटे हैं, लेकिन बिल्कुल नए रूप और नई भूमिका में। 10 साल पहले मुकाबला दो अलग-अलग दुनिया के लोगों के बीच था। एक तरफ दुनिया के सबसे अमीर खिलाड़ियों में शामिल फेडरर थे, तो दूसरी तरफ विलिस, जिन्होंने उस पूरे साल टेनिस से सिर्फ 24 हजार रुपए कमाए थे। वे अनफिट थे, जंक फूड के शौकीन थे और खेल छोड़ने वाले थे, लेकिन उनकी गर्लफ्रेंड ने उन्हें खेलते रहने के लिए मनाया था। फेडरर से मैच के बाद उन्हें कुछ समय तो खूब शोहरत मिली, टीवी पर इंटरव्यू हुए, लेकिन जल्द ही यह जादू खत्म हो गया। लगातार लगने वाली चोटों और डिप्रेशन के कारण विलिस ने साल 2018 में टेनिस को पूरी तरह अलविदा कह दिया।



### कंस्ट्रक्शन कंपनी में ईंट बिछाने का काम किया

साल 2020 में कोरोना के दौरान जब पैसों की भारी किल्लत हुई, तो परिवार चलाने के लिए इस खिलाड़ी ने अपने भाई की कंस्ट्रक्शन कंपनी में ईंट बिछाने का काम किया। कुछ समय बाद जब स्थितियां बदलीं, तो एक पारिवारिक मित्र ने उनके पेशेवर कमबैक का खर्च उठाने का फैसला किया। विलिस खुद दोबारा खेलने को लेकर दुविधा में थे, लेकिन पत्नी जेनी ने उनसे कहा, ‖जाओ और खेलो, जिंदगी में ऐसा मौका दोबारा नहीं मिलेगा।‖ पत्नी के इसी भरोसे ने उन्हें फिर से कोर्ट पर उतारा। इस बार उन्होंने सिंगल्स के बजाय खुद को डबल्स खिलाड़ी के रूप में ढाला।

# गुरबाज के सिर से टोपी लेकर भागा फैन

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अफगानिस्तान की शपगीजा क्रिकेट लीग में एक फैन मैदान में घुसकर रहमनुल्लाह गुरबाज के सिर से टोपी लेकर भाग गया। उस समय गुरबाज फील्डिंग कर रहे थे। मामला शुक्रवार रात बैंड-ए-अमीर ड्रैगन्स और मिस ऐनक नाइट्स के मैच का है।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट हुआ। 38 सेकेंड के वीडियो में एक शख्स सीधे गुरबाज के पास पहुंचा। गुरबाज ने उससे हाथ मिलाने की कोशिश की, लेकिन फैन उनके सिर से कैप उतारकर भाग गया। उसने बाउंड्री पर सैल्यूट कर इसका जश्न भी मनाया। एक सुरक्षाकर्मी उसके पीछे दौड़ता दिखा। ओपनर खालिद तनिवाल ने 22 गेंदों पर 53 रन बनाए। इसमें 7 चौके और 3 छक्के शामिल थे। गुरबाज ने 30 गेंदों पर 52 रन बनाए। दोनों ने पहले विकेट के लिए 51 गेंदों पर 102 रन की साझेदारी की। खोव्स्त में ड्रैगन्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 114 रन बनाए। अजीजुल्ला मियाखिल 30 रन बनाकर टॉप स्कोरर रहे। मुजीब उर रहमान ने 3 विकेट लिए।

# लाहिरू उदारा ने डेब्यू टेस्ट में 188 रन बनाए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

श्रीलंका ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में मजबूत शुरूआत की है। टीम ने मुकाबले के पहले दिन 5 विकेट पर 338 रन बना लिए हैं। 32 साल के ओपनर लाहिरू उदारा ने डेब्यू मैच में 248 गेंदों पर 188 रनों की पारी खेली। वे दोहरा शतक लगाने से सिर्फ 12 रन से चूक गए। एंटीगुआ के सर विव रिचर्ड्स स्टेडियम में श्रीलंका ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। उदारा को पाथुम निसंका की जगह प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया। पहले वेस्टइंडीज ने दो विकेट लेकर मैच में थोड़ी वापसी की।

# जोकोविच ने फेडरर के विंबलडन रिकॉर्ड की बराबरी की

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

नोवाक जोकोविच ने विंबलडन में रोजर फेडरर के सबसे ज्यादा मेंस सिंगल्स मैच जीतने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। सर्बिया के दिग्गज खिलाड़ी ने फ्रांस के आर्थर रिंडरकनेच को हराकर ऑल इंग्लैंड क्लब में अपनी 105वीं जीत दर्ज की।

विंबलडन के इतिहास में अब सिर्फ मार्टिना नवरातिलोवा 120 जीत के साथ जोकोविच से आगे हैं। वहीं, महिला वर्ग में आर्यना सबालेंका और नाओमी ओसाका चौथे दौर में आमने-सामने होंगी। 39 साल के जोकोविच ने 25वीं वरीयता प्राप्त आर्थर रिंडरकनेच को हराया। उन्होंने पहले दो सेट अपने नाम किए, लेकिन रिंडरकनेच ने तीसरा सेट 6-1 से जीतकर मुकाबले में वापसी की। चौथा सेट टाईब्रेकर तक पहुंचा, जहां जोकोविच ने जीत दर्ज की।



करीब तीन घंटे चले मुकाबले के अंतिम पॉइंट पर रिंडरकनेच के ड्रॉप शॉट को बचाने के लिए जोकोविच ने डाइव लगाई। दोनों खिलाड़ी कोर्ट पर गिर पड़े, लेकिन जोकोविच ने पॉइंट जीत लिया। उनकी जीत के बाद सेंटर कोर्ट पर मौजूद दर्शक खड़े होकर तालियां बजाते नजर आए। रिकॉर्ड की बराबरी के बाद जोकोविच ने हंसते हुए कहा, मैं रोजर के साथ 106वें मैच का प्रस्ताव रखता हूं। जो जीतेगा, रिकॉर्ड उसी का होगा। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक कोर्ट पर इतिहास का हिस्सा बनना उनके बचपन के सपनों में शामिल था।

**प्रवेश प्रारंभ**
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय 10 से 01 बजे तक
आवेदनः 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बरः-2557390

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बॉय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**आवश्यकता है**
टाइपिस्ट की आवश्यकता है समय रात्रि 7:30 से 10:30 तक वेतन योग्यतानुसार।
संपर्क करें
एडवोकेट विजय पटेल
मीणा समाज धर्मशाला काजीपुरा अंकपत मार्ग उज्जैन
मोबाइल- 9301322699

**कार ड्रायवर चाहिये**
इंदौर का भरोसेमंद और प्रसिद्ध ब्रांड अब उज्जैन में
आज ही हमारे साथ ड्रायवर पार्टनर के रूप में रजिस्टर करें और अपनी सुविधा अनुसार काम करके अच्छी कमाई करें।
अभी संपर्क करें
Jomoride
9179179929, 8602299929

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**इन्दौर में 2 BHK फ्लेट बेचना है।**
सीता श्री रेसीडेंसी
ऐयर पोर्ट मेनरोड कालानी नगर के पास
ग्राउंड फ्लोर में 4 बैंक व 4 दुकाने है
पास में, मेट्रो स्टेशन निर्माणाधीन मोके की जगह।
सीधे आनर से संपर्क करें। 9669578652

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान-नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.E.D/D.E.D./Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

## न्यूज कॉलम

### पैसों के लेन-देन को लेकर मारपीट जान से मारने की दी धमकी

**इंदौर।** खजराना थाना क्षेत्र में पैसों के लेन-देन को लेकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, तिलक नगर थाना क्षेत्र में एक महिला को धमकाने के मामले में भी पुलिस ने केस दर्ज किया है। खजराना पुलिस के अनुसार जल्ला कॉलोनी निवासी 33 वर्षीय शाहरुख पिता अनवर खान की शिकायत पर इरशाद और शाहरुख उर्फ काला निवासी चंदन नगर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि पैसों के लेन-देन को लेकर दोनों आरोपी उसके घर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर दोनों ने उसके साथ मारपीट की। जाते समय आरोपियों ने धमकी दी कि भविष्य में यदि पैसों की बात की तो जान से खत्म कर देंगे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवक से साइबर ठगी, यूपीआई के जरिए बैंक खाते से निकाले 65 हजार

**इंदौर।** गांधी नगर थाना क्षेत्र में साइबर ठगी का मामला सामने आया है। एक व्यक्ति के बैंक खाते से यूपीआई के माध्यम से 65 हजार रुपए से अधिक की राशि निकाल ली गई। बैंक खाते की जानकारी मिलने पर पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की, जिसके बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। गांधी नगर पुलिस के अनुसार बीसी कॉम्प्लेक्स निवासी राकेश कुमार पिता बाबूराम कोरी की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया गया है। राकेश कुमार ने पुलिस को बताया कि उनके बैंक खाते में रकम कम दिखाई देने पर उन्हें संदेह हुआ। इसके बाद वह बैंक पहुंचे और खाते का स्टेटमेंट निकलवाया। स्टेटमेंट की जांच में पता चला कि 15 जून को उनके खाते से यूपीआई के माध्यम से 65,504 रुपए निकाल लिए गए। यह राशि 'जामीन' और 'मुजाफा' नाम से हुए यूपीआई ट्रांजेक्शन के जरिए दूसरे खातों में भेजी गई। पीड़ित का कहना है कि वह इन व्यक्तियों को नहीं जानते और न ही उन्होंने इस तरह का कोई ट्रांजेक्शन किया है।

### पहली बारिश से जलभराव, वार्ड पांच और छह में नदी जैसा नजारा

**आलीराजपुर।** आलीराजपुर जिले के जोबट नगर में मानसून की पहली बारिश ने जल निकासी व्यवस्था की कमी को उजागर कर दिया है। वार्ड क्रमांक 05 और 06 में भारी जलभराव के कारण सड़कें नदी और तालाब जैसी दिखाई देने लगीं, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। स्थानीय लोगों को घुटनों तक भरे पानी के बीच से आवागमन करना पड़ा। जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण बारिश का पानी लंबे समय तक सड़कों पर जमा रहा। इससे दोपहिया वाहन चालकों, स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर दुर्घटना की आशंका भी बनी रही। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि हर वर्ष बारिश के दौरान ऐसी ही स्थिति बनती है। उनका आरोप है कि समस्या के स्थायी समाधान के लिए अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। पहली ही बारिश में सामने आए इन हालात ने नगर परिषद की तैयारियों और जल निकासी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### बाप पार्टी ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया गुजरात के विधायक चैतर की सजा माफी

**झाबुआ।** झाबुआ में भारत आदिवासी पार्टी और आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों ने गुजरात के विधायक चैतर भाई वसावा को सात साल की सजा सुनाए जाने के विरोध में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने विधायक पर हुई इस कानूनी कार्रवाई को राजनीतिक साजिश बताते हुए राष्ट्रपति से संविधान के अनुच्छेद 72 के तहत उनकी सजा माफ करने की मांग की। आदिवासी प्रतिनिधियों का कहना है कि विधायक चैतर वसावा अनुसूचित जनजाति समुदाय की भूमि बचाने के लिए संघर्ष कर रहे थे, जिसके कारण उन्हें राजनीतिक द्वेष के तहत निशाना बनाया गया। ज्ञापन में राष्ट्रपति से अपील की गई है कि वे देश के सभी राज्यपालों की बैठक बुलाकर पांचवीं अनुसूची क्षेत्रों में लागू वन कानूनों, वन अधिकार अधिनियम और पेसा (ढएरअ) एक्ट के प्रावधानों की व्यापक समीक्षा करवाएं। उन्होंने कहा कि डेडियापाड़ा एक अनुसूचित क्षेत्र है, जहां आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन के अधिकारों की सुरक्षा जरूरी है।

### हनुमान मंदिर में लाखों की चोरी, चांदी की प्रतिमा बांसुरी और हार ले गया

**झाबुआ।** झाबुआ जिले के थांदला में गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने एक प्राचीन हनुमान मंदिर को निशाना बनाया। चोर मंदिर से लाखों रुपए की चांदी की प्रतिमा और आभूषण चुराकर फरार हो गए। शुक्रवार सुबह जब मंदिर के पुजारी वहां पहुंचे, तब उन्हें गर्भगृह का ताला टूटा होने और सामान बिखरा होने से चोरी का पता चला। इस घटना से स्थानीय श्रद्धालुओं में गहरा आक्रोश है। शुरुआती जांच के अनुसार, चोर मंदिर के पीछे लगी लोहे की जाली को काटकर अंदर दाखिल हुए थे। चोरों ने हनुमान जी की करीब 525 ग्राम वजनी चांदी की प्रतिमा, भगवान कन्हैया की चांदी की बांसुरी और दो चांदी के हार चुराए हैं। चोरी गए इन आभूषणों और प्रतिमा की कुल अनुमानित कीमत 2 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। मंदिर के सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर पुलिस को एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया है, जिसके आधार पर जांच की जा रही है।

### आमने-सामने से टकराए दो कंटेनर, ड्राइवर की मौके पर मौत

**धार।** धार जिले के राजोद थाना क्षेत्र अंतर्गत सरदारपुर-बदनावर स्टेट हाईवे पर शुक्रवार शाम ग्राम लाबरिया के पास दो कंटेनरों की आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई। यह हादसा इतना जबरदस्त था कि एक कंटेनर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर के बाद एक कंटेनर का चालक केबिन में बुरी तरह फंस गया। गंभीर रूप से फंसने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। खबर लिखे जाने तक चालक का शव कंटेनर के केबिन में ही फंसा हुआ था, जिसे निकालने के लिए क्रेन मशीन और अन्य संसाधनों की मदद से रेस्क्यू अभियान जारी था। वहीं, दूसरे कंटेनर के चालक को घायल अवस्था में बाहर निकाल लिया गया। उसे प्राथमिक उपचार के लिए तत्काल अस्पताल भेजा गया है। हादसे की सूचना मिलते ही राजोद थाना पुलिस और डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची। दुर्घटना के कारण हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस ने यातायात नियंत्रित करते हुए क्षतिग्रस्त कंटेनरों को हटाने और चालक के शव को बाहर निकालने की कार्रवाई शुरू की।

### नकाबपोश बदमाश 80 हजार नकद मंगलसूत्र ले उड़े, बाहर से लगाया ताला

**धार।** धार शहर की शुक्ला कॉलोनी में गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात एक बुजुर्ग दंपत्ति के घर चोरी की वारदात हुई। नकाबपोश बदमाशों ने घर में घुसकर करीब 80 हजार रुपये नकद, एक सोने का नाक का कांटा और मंगलसूत्र चुरा लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश बाहर से मकान का ताला लगाकर फरार हो गए। पीड़ित परिवार के अनुसार, चोर घर के पीछे बने शौचालय के पास की करीब एक फुट चौड़ी खिड़की के लोहे के सरिए काटकर अंदर दाखिल हुए। उन्होंने अलमारी का ताला तोड़कर लगभग 70 से 80 हजार रुपये नकद, एक पुराना सोने का नाक का कांटा और सोने का मंगलसूत्र चोरी किया। बुजुर्ग महिला शारदा शर्मा ने बताया कि देर रात जब वह बाथरूम जाने के लिए उठीं, तभी उनके सामने एक नकाबपोश बदमाश हाथ में हथियार लिए खड़ा था। अचानक चोर को सामने देखकर वह घबरा गईं और हथियार होने के कारण डर के मारे शोर भी नहीं मचा सकीं। उस समय उनके पति सो रहे थे। वारदात के बाद बदमाशों ने पूरे घर का सामान अस्त-व्यस्त कर दिया और मुख्य दरवाजे पर बाहर से ताला लगाकर फरार हो गए। घटना की जानकारी लगने पर ओमप्रकाश शर्मा ने नौगांव थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची, घटनास्थल का निरीक्षण किया, साक्ष्य जुटाए और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

एआई और आईओटी से स्वच्छता का नया मॉडल बनाएगा इंदौर

# आईआईएम के साथ तकनीक के सहारे कचरा, सीवरेज और जल प्रबंधन पर होगा रिसर्च

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर की सफाई व्यवस्था अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी आधुनिक तकनीकों की मदद से और अधिक स्मार्ट बनाई जाएगी। इसके लिए इंदौर नगर निगम और आईआईएम इंदौर के बीच जल, स्वच्छता और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर दो वर्षीय संयुक्त अनुसंधान एवं तकनीकी सहयोग शुरू किया जाएगा।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में हुई मेयर-इन-काउंसिल की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। योजना के तहत आईआईएम इंदौर का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और नगर निगम मिलकर चरणबद्ध तरीके से शहर की स्वच्छता




व्यवस्था का वैज्ञानिक अध्ययन करेंगे। उद्देश्य इंदौर के स्वच्छता मॉडल को तकनीक आधारित, अधिक प्रभावी और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप विकसित करना है। अगस्त से दिसंबर 2026 तक पहले चरण में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली का मूल्यांकन किया जाएगा। इसमें डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, परिवहन व्यवस्था की कार्यक्षमता और उपचारित अपशिष्ट जल के पुनः उपयोग की संभावनाओं का अध्ययन किया जाएगा।

### आईओटी से होगी सीवरेज की निगरानी

दूसरे चरण में सार्वजनिक शौचालयों के संचालन के लिए नए वित्तीय मॉडल तैयार किए जाएंगे। साथ ही क्ष्ळ आधारित सीवरेज मॉनिटरिंग सिस्टम का परीक्षण किया जाएगा। अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़ी नई तकनीकों और नवाचारों का डिजिटल डेटाबेस भी तैयार किया जाएगा।

### एआई करेगा भविष्य की जरूरतों का आकलन

अप्रैल से सितंबर 2027 तक तीसरे चरण में संस्थागत क्षमता विकास और भविष्य की योजना पर काम होगा। इस दौरान अकआधारित पूर्वानुमान और निर्णय सहायता प्रणाली विकसित करने की संभावनाओं का अध्ययन किया जाएगा, ताकि जल, स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़े निर्णय अधिक सटीक, वैज्ञानिक और प्रभावी हो सकें।

### दूसरे शहरों के लिए बनेगा मॉडल

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि इंदौर ने स्वच्छता के क्षेत्र में लगातार देश का नेतृत्व किया है। अब तकनीक, रिसर्च और इनोवेशन के जरिए इस मॉडल को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि आईआईएम इंदौर के साथ यह साझेदारी डेटा आधारित और स्मार्ट समाधान विकसित करेगी, जिससे शहर की स्वच्छता व्यवस्था अधिक पारदर्शी, टिकाऊ और वैज्ञानिक बनेगी। साथ ही इंदौर का यह मॉडल देश के अन्य शहरों के लिए भी मार्गदर्शक साबित होगा।

ईडी की जांच तेज, सहकारी समिति की जमीन बेचकर फंड गबन का आरोप

# हाउसिंग सोसायटी घोटाला में 4.64 करोड़ रुपये की हेराफेरी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर की चर्चित नवभारत हाउसिंग सोसायटी में करोड़ों रुपए के घोटाले को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (एऊ) ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। करीब 4.64 करोड़ रुपए की वित्तीय अनियमितताओं और जमीन घोटाले से जुड़े मामले में ईडी ने आरोपी श्रीकांत घंटे, सुभाष चंद्र दुबे, राकेश जैन, अंतिम जोशी और आनंद शाह के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत विशेष न्यायालय, इंदौर में चालान पेश किया है। मामले में कोर्ट ने आरोपियों को नोटिस जारी कर सुनवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

यह मामला इंदौर के एमजी रोड थाने में दर्ज एफआईआर से जुड़ा है, जिसमें नवभारत गृह निर्माण सहकारी समिति के तत्कालीन पदाधिकारियों पर वित्तीय अनियमितताओं और धोखाधड़ी के आरोप




लगाए गए थे। इसी एफआईआर के आधार पर ईडी ने धनशोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) के पहलुओं की जांच प्रारंभ की थी। ईडी के अनुसार, घोटाले से प्राप्त धन को विभिन्न स्तरों पर खपाया गया और बाद में उससे अचल संपत्तियां खरीदी गईं। जांच में यह भी सामने आया है कि गबन की गई राशि को वैध दिखाने के लिए कई वित्तीय लेन-देन किए गए, जिन्हें धनशोधन की श्रेणी में माना गया है। ईडी ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए 12 फरवरी को पीएमएलए-2002 के तहत आरोपी श्रीकांत घंटे और सुभाष चंद्र दुबे के नाम पर दर्ज करीब 64 लाख रुपए मूल्य की अचल संपत्तियां अस्थायी रूप से कुर्क (अटैच) कर दी थीं। एजेंसी का कहना है कि मामले में अभी भी जांच जारी है और आगे और खुलासे हो सकते हैं।

### जमीन बेचकर सोसायटी फंड में सेंध लगाने का आरोप

ईडी की जांच में सामने आया है कि सोसायटी के तत्कालीन अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और निदेशक मंडल के कुछ सदस्यों ने नियोजित तरीके से सोसायटी की संपत्तियों का दुरुपयोग किया। आरोप है कि सोसायटी के फंड से खरीदी गई जमीनों को विभिन्न संस्थाओं और पक्षों को बेच दिया गया और उससे प्राप्त राशि का हिसाब-किताब छिपाकर फंड का गबन किया गया। जांच एजेंसी का दावा है कि इस पूरी प्रक्रिया में सोसायटी के सदस्यों को धोखे में रखा गया और जमीन बिक्री से जुड़े कई रिकॉर्ड भी नष्ट कर दिए गए, ताकि वित्तीय लेन-देन की वास्तविक जानकारी सामने न आ सके।

# महापौर ने जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण



दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

बारिश के कारण शहर में जलभराव और अन्य परेशानियों से बचाव के लिए नगर निगम द्वारा की जा रही तैयारियों को देखने महापौर पुष्यमित्र भार्गव शनिवार को खुद मैदान में उतरे। उन्होंने कई इलाकों में ग्राउंड की स्थिति दिखी। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से भमोरी इलाके का चेक किया और पूर्व में दिए गए निदेर्शों के पालन का रिव्यू किया।

इस दौरान महापौर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन जगहों पर हर साल बारिश के दौरान जलभराव की समस्या आती है। वहां पहले से प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी अपर आयुक्त, जोनल अधिकारी और निगम अमले को पहले ही संवेदनशील इलाकों की पहचान कर जरूरी काम समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए थे। भमोरी इलाके के रहवासियों ने महापौर को बताया कि पहले तेज बारिश के बाद दो से ढ़ाई घंटे तक पानी भरा रहता था, लेकिन इस बार निगम द्वारा किए गए कामों के कारण पानी तेजी से निकला और स्थिति में सुधार देखने को मिला। महापौर ने अधिकारियों से कहा कि जहां अभी भी कुछ काम बचे हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द पूरा किया जाए।

पीसीपीएनडीटी नियमों के उल्लंघन पर बड़ी कार्रवाई

## महिला क्लिनिक और सोनोग्राफी सेंटर का रजिस्ट्रेशन सस्पेंड

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर में पीसीपीएनडीटी अधिनियम के सख्त पालन को लेकर प्रशासन ने एक बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर खंडवा रोड स्थित डॉ. दीक्षा वुमेन्स क्लिनिक एवं सोनोग्राफी सेंटर का पीसीपीएनडीटी पंजीयन निलंबित कर दिया गया है। साथ ही केंद्र के संचालन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है।

दरअसल लक्ष्य चौराहा, रानीबाग स्थित क्लिनिक का औचक निरीक्षण पीसीपीएनडीटी की नोडल अधिकारी डॉ. निर्मला अखण्ड और पर्यवेक्षण दल की सदस्य दीपमाला बामने द्वारा किया गया था। निरीक्षण के दौरान कई महत्वपूर्ण अनियमितताएं सामने आईं।

जांच में पाया गया कि क्लिनिक में डॉ. पूनम रायकवार द्वारा ओपीडी संचालित की जा रही थी, जबकि केंद्र का रजिस्ट्रेशन और अनुमतियां डॉ. दीक्षा छाछरिया के नाम पर दर्ज हैं। अधिकारियों ने इसे प्रथम दृष्टया पीसीपीएनडीटी अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन माना।

निरीक्षण में सामने आए तथ्यों की जानकारी तत्काल सीएमएचओ डॉ. माधव प्रसाद हासानी को दी गई। इसके बाद 29 जून को निरीक्षण दल ने केंद्र के सभी आवश्यक दस्तावेज, रजिस्टर और अभिलेख सीज कर लिए थे तथा मामले की विस्तृत जांच शुरू की गई। सीएमएचओ द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन और उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर कलेक्टर शिवम वर्मा ने 3 जुलाई को केंद्र का पीसीपीएनडीटी पंजीयन निलंबित करने का आदेश जारी किया। साथ ही सोनोग्राफी सेवाओं के संचालन पर भी रोक लगा दी गई।

कलेक्टर वर्मा ने संबंधित पक्षों को नियमानुसार नोटिस जारी करने और प्रकरण में आगे की वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पीसीपीएनडीटी अधिनियम के उल्लंघन के मामलों में जिले में लगातार निगरानी और सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार इंदौर पहुंचे

## लोकतंत्र की मजबूत नींव हैं बीएलओ

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार शनिवार को इंदौर पहुंचे। एयरपोर्ट पर प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इंदौर आगमन पर उन्होंने कहा कि देवी अहिल्याबाई होलकर की पावन नगरी में आना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उनका यह दौरा बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ) से संवाद और चुनावी व्यवस्थाओं की समीक्षा के उद्देश्य से है।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि बूथ लेवल ऑफिसर्स



चुनाव आयोग की पूरी व्यवस्था के आधार स्तंभ हैं। मतदाता सूची के संधारण से लेकर चुनाव प्रक्रिया को जमीनी स्तर पर सफल बनाने तक बीएलओ की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में बीएलओ की प्रतिबद्धता और परिश्रम का महत्वपूर्ण योगदान है।

उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसएआर) अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के नेतृत्व में संभागायुक्तों, जिला निर्वाचन अधिकारियों, निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों और बीएलओ ने मिलकर उत्कृष्ट कार्य किया है। इस अभियान ने मध्य प्रदेश को देशभर में एक आदर्श के रूप में स्थापित किया है, जिस पर पूरे देश को गर्व है। ज्ञानेश कुमार ने प्रदेश के मतदाताओं तथा चुनावी प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि लोकतंत्र की सफलता में प्रत्येक चुनाव कर्मी की अहम भूमिका है।

# इंदौर निगम का सहायक प्रभारी सिटी फॉरेस्ट निलंबित

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर नगर निगम में काम करने वाले सहायक प्रभारी सिटी फॉरेस्ट मितुल सोनी (मूलपद - स्वच्छता निरीक्षक) को नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने निलंबित कर दिया है। सोनी ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए सिटी फॉरेस्ट से निगम अधिपत्य की लकड़ी बेचने में संलिप्तता होने से निगम को वित्तीय क्षति पहुंचाई। निगम कमिश्नर ने सोनी को निलंबित करने के साथ ही विभागीय जांच के भी आदेश दिए है। मितुल सोनी द्वारा सिटी फॉरेस्ट से नगर निगम के अधिपत्य की लकड़ी बेचने संबंधी जानकारी का विडियो सोशल मिडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें सहायक प्रभारी सिटी फॉरेस्ट की संलिप्तता होने की जानकारी न्यूज में प्रसारित होना गंभीर कदाचरण की श्रेणी में होकर प्रथम दृष्टया भ्रष्टाचार में संलिप्तता होना दशार्ता तथा सोनी का यह कृत्य निगम हित के प्रतिकुल होकर मध्य प्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के विपरीत होने से सोनी को निलंबित कर जांच करने के आदेश दिए हैं।

### लकड़ी बेचने का वीडियो हुआ था वायरल, विभागीय जांच भी होगी

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

# जॉब का झांसा देकर छात्र से 44 हजार रुपये की ठगी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के एक छात्र के साथ ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। जॉब दिलाने का झांसा देकर ठगों ने उससे अलग-अलग बहानों से करीब 44 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए। मामले में एमआईजी पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एमआईजी पुलिस के मुताबिक, नेहरूनगर निवासी राजेश पाटीदार ने शिकायत में बताया कि 17 जून को उसके पास एक मोबाइल नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाली युवती ने अपना नाम अनुष्का बताया और कहा कि जॉब के लिए किया उसका आवेदन चयनित हो गया है। उसने कुछ व्यक्तिगत जानकारी और फील्ड संबंधी विवरण मांगा। इसके बाद बताया कि डेटा एंट्री की नौकरी के लिए उसका चयन हुआ है और जल्द ही टेलीफोनिक इंटरव्यू होगा। इस दौरान एक रेफरेंस आईडी भी मांगी गई। युवती ने चयन प्रक्रिया के नाम पर 1,800 रुपए एक अकाउंट में जमा करने को कहा। उसने भरोसा दिलाया कि 50 रुपए काटकर बाकी राशि चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद लौटा दी जाएगी। इसके बाद दूसरे व्यक्ति का कॉल आया। उसने कहा कि इंटरव्यू मोबाइल पर ही होगा और उसके लिए तैयार रहें।

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
नि:शुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटनें मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com